


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ वर्ष : 5 अंक : 187 बुधवार, 19 अगस्त 2026 श्रावण माह, शुक्ल, सप्तमी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 5 रुपया





## दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन को एसीबी ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) के टेंडर में हुए बड़े घोटाले का पदार्फाश किया है। इस मामले में मंगलवार को एसीबी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली के पूर्व जल मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन और डीजेबी के पूर्व सीईओ उदित प्रकाश राय (आईएएस) सहित छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

यह गिरफ्तारी विजिलेंस निदेशालय की शिकायत पर दर्ज की गई एफआईआर नंबर 10/2024 के तहत की गई है, जिसमें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (पीसीए) और आईपीसी की धारा 420, 409, 418 और 120-बी के तहत मामला दर्ज किया गया था।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम

सत्येंद्र कुमार जैन - पूर्व जल मंत्री, दिल्ली सरकार

उदित प्रकाश राय (आईएएस) - पूर्व सीईओ,



दिल्ली जल बोर्ड

अंकित श्रीवास्तव - पूर्व संविदा सलाहकार, दिल्ली जल बोर्ड

राज कुमार कुर्रा - मालिक, मेसर्स यूरोटेक एनवायरनमेंट प्रा. लि.

नागेंद्र यादव - प्रोपराइटर, मेसर्स एएन एंटरप्राइजेज

पंकज वर्मा - प्रोपराइटर, मेसर्स सृजनहार

एसीबी की जांच में सामने आया है कि दिल्ली जल बोर्ड के एसटीपी के अपग्रेडेशन और विस्तार से जुड़े टेंडर में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं और आपराधिक साजिश रची गई।

टेंडर की तकनीकी शर्तों में जानबूझकर इस तरह के बदलाव किए गए जिससे केवल एक ही कंपनी 'मेसर्स यूरोटेक एनवायरनमेंट प्रा. लि.' को फायदा मिले और अन्य कंपनियों के लिए प्रतियोगिता खत्म हो जाए।

प्रस्तावित पायलट स्टडी को दरकिनार कर दिया गया और तकनीकी स्पेसिफिकेशन में मनमाने बदलाव किए गए, जिससे सरकारी खजाने को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। इलेक्ट्रॉनिक सबूतों से पता चला है कि टेंडर की शर्तें तय होने से पहले ही प्राइवेट कंपनियों के लोग सरकारी अधिकारियों और

### एनटीए में बड़ा बदलाव: 600 विशेषज्ञ हटे, नई टीम की होगी एंट्री

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की परीक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की जानकारी दी है। मंत्रालय के मुताबिक, एनटीए की परीक्षा टीम से 600 विशेषज्ञों को हटाया गया है और उनकी जगह नए विशेषज्ञों को जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए सुरक्षा और बुनियादी ढांचे में भी बदलाव किए जा रहे हैं।

शिक्षा मंत्रालय के अनुसार एनटीए में जल्द ही 22 से 25 अधिकारियों को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा आगे और अधिकारियों को जोड़ने की योजना की भी समीक्षा की जा रही है। मंत्रालय ने बताया कि एनटीए के कार्यालयों को नए परिसरों में शिफ्ट किया जाएगा। इन नए परिसरों में उक्तत्र की सुरक्षा व्यवस्था होगी। कार्यालयों को शिफ्ट करने का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

## होर्मुज पर ट्रंप का बड़ा दावा: नक्शे में जलडमरूमध्य को बताया नया अमेरिकी क्षेत्र

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य पर वर्चस्व स्थापित करने को लेकर अब जुबानी जंग चरम पर पहुंचती दिख रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को ट्रुथ सोशल पर एक ऐसा नक्शा पोस्ट किया, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को "नया अमेरिकी क्षेत्र" बताया गया है। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस जलमार्ग को लेकर तनाव बढ़ गया है। ट्रंप इससे पहले दावा कर चुके हैं कि अमेरिका का इस रणनीतिक जलमार्ग पर "पूरा नियंत्रण" है।

ईरान ने जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही पर प्रतिबंध जारी रखा है। ट्रंप की पोस्ट के कुछ ही समय बाद ईरान के शीर्ष वातार्कार मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि जब तक अमेरिका तेहरान की मांगें पूरी नहीं करता, तब तक होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहेगा। ईरान के सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित भाषण में गालिबाफ ने कहा, "मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि होर्मुज जलडमरूमध्य तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक समझौता ज्ञापन में अमेरिका की ओर से किए गए वादों को लागू नहीं किया जाता।"

उन्होंने कहा कि ईरान




नाकाबंदी हटाने, तेल प्रतिबंधों को हटाने और विदेशों में जमा ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने की मांग कर रहा है। तेहरान का कहना है कि जून में हुए अमेरिका-ईरान युद्धविराम में ये मांगें शामिल थीं, लेकिन बाद में यह समझौता टूट गया। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक है। यह फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है।

संघर्ष शुरू होने के बाद से ईरान ने जलडमरूमध्य से आवाजाही पर नियंत्रण बनाए रखा है। जहाजों को यहां से गुजरने के लिए अनुमति लेने और पारगमन से जुड़े शुल्क का भुगतान करने की जरूरत पड़ रही है।

अमेरिका और क्षेत्र के कई देशों ने इस व्यवस्था का विरोध किया है।

### सीएम योगी का सख्त निर्देश, रास्ता न दिला पाएं तो लेखपाल, कानूनगो, तहसीलदार सबको सस्पेंड करो

**एजेंसी समाचार**



**गोरखपुर।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर में जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। इसी दौरान उनके सामने एक ऐसी शिकायत आई, जिस पर मुख्यमंत्री काफी नाराज हो गए।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूमि संबंधी प्रकरणों में उदासीनता या लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को कड़ा संदेश दिया है। जनता दर्शन के दौरान एक महिला ने जब यह पीड़ा सुनाई कि दबंग यह धमकी देते हुए रास्ता नहीं दे रहे हैं कि चाहे जहां शिकायत कर लो तो मुख्यमंत्री की भृकुटि तन गई। उन्होंने वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिला को रास्ता दिलवाया जाए। यदि रास्ता दिलवाने में लेखपाल, कानूनगो, तहसीलदार खुद को लाचार मानते हों तो उन सबको सस्पेंड किया जाए।

सीएम ने वरिष्ठ अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जहां भी भूमि संबंधी मामलों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर हीलाहवाली मिले तो वहां संबंधित कार्मिक या अधिकारी के विरुद्ध सख्त एक्शन लिया जाए। प्रकरण की गंभीरता के अनुसार संबंधित के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाए। सीएम ने कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही कतई क्षम्य नहीं है।

सोमवार को गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। उनके पास जाकर समस्याएं सुनीं। उनके प्रार्थना पत्र अपने हाथ में लेकर उसका अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे परेशान न हों, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है।

### प्रदेश के बेसिक शिक्षकों के लिए खुशखबरी, शिक्षक-कर्मचारियों के बीमा कटौती का पैसा होगा वापस

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** यूपी के प्राथमिक शिक्षकों को शासन ने तोहफा दिया है। प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए सामूहिक बीमा योजना (जीआईएस) प्रीमियम कटौती की धनराशि वापस करने का शासन ने निर्णय लिया है। शासन की ओर से इसके लिए 134 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय व प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। यह धनराशि संबंधित शिक्षकों व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को एरियर के रूप में वापस की जाएगी।

बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा की ओर से जारी वित्तीय स्वीकृति आदेश के तहत 31 मार्च 2014 से 1 सितंबर 2022 तक वेतन से काटी गई जीआईएस प्रीमियम की राशि को संबंधित कर्मचारियों के खातों में वापस किया जाएगा। इस संबंध में बेसिक शिक्षा विभाग के जिला आहरण व वितरण अधिकारियों तथा खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## पेपर लीक के आरोपियों की संपत्ति जब्त करने की मांग, शीर्ष अदालत ने केंद्र-राज्यों से मांगा जबाब

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्य सरकारों से जवाब मांगा है। याचिका में पेपर लीक में शामिल आरोपियों और उनके परिवार के सदस्यों की चल-अचल संपत्ति की जांच कर उसे जब्त करने के निर्देश देने की मांग की गई है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने मंगलवार को अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका पर केंद्र और राज्यों को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 सितंबर की तारीख तय की है।

याचिका में कहा गया है कि पेपर लीक करने वालों और इस तरह के अपराध में शामिल लोगों की पूरी संपत्ति का आकलन किया जाना चाहिए। इसमें उनके परिवार के सदस्यों की संपत्ति की भी जांच करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने कहा कि यदि जांच में अवैध संपत्ति या अपराध से अर्जित धन का पता चलता है तो भ्रष्टाचार निवारण कानून, मनी लॉन्ड्रिंग कानून, बेनामी संपत्ति कानून और ब्लैक मनी कानून के तहत उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। याचिका में यह भी मांग की गई है कि पेपर लीक के अपराध में दोषी पाए जाने पर मिलने वाली सजाएं लगातार चलें, यानी एक के बाद एक लागू हों, न कि एक साथ। याचिकाकर्ता के




मुताबिक इससे भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने में मदद मिल सकती है।

याचिका में वैकल्पिक तौर पर कानून आयोग को पेपर लीक से निपटने के लिए दूसरे देशों में अपनाई जा रही व्यवस्थाओं का अध्ययन करने और तीन महीने के भीतर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश देने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से समयबद्ध जांच और मुकदमे की मांग को फिलहाल आगे नहीं बढ़ाया गया। याचिकाकर्ता ने बताया कि सार्वजनिक परीक्षाएं (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पारित हो चुका है और इसमें पेपर लीक के खिलाफ कानून को और कड़ा किया गया है।

याचिका में कहा गया है कि पेपर लीक की घटनाओं को रोकने, उनकी जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने में बार-बार नाकामी से छात्रों के मौलिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं। याचिकाकर्ता ने संविधान के अनुच्छेद 14, 16, 19 और 21 का हवाला दिया है। याचिका के मुताबिक, सरकारों की ओर से पेपर लीक रोकने के लिए कानून बनाए जाने के बावजूद व्यवस्था में अभी भी कई कमियां हैं। इनमें जांच और मुकदमे के लिए निश्चित समय सीमा का अभाव भी शामिल है।

याचिका में कहा गया है कि पेपर लीक का सबसे ज्यादा नुकसान उन छात्रों को होता है, जो महीनों और वर्षों तक मेहनत कर-के परीक्षाओं की तैयारी करते हैं।

### होमगार्ड भर्ती: शारीरिक दक्षता परीक्षा में गैरहाजिर रहने पर सिर्फ एक मौका

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** प्रदेश 42 हजार से अधिक होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा (दौड़) जल्द आयोजित होगी। बीती 13 अगस्त से जारी अभिलेखों की संवीक्षा और शारीरिक मानक परीक्षण में सफल अभ्यर्थी इसमें शामिल होंगे।शारीरिक दक्षता परीक्षा की निर्धारित तिथि पर अनुपस्थित रहने पर अभ्यर्थी को परीक्षा में शामिल होने के लिए केवल एक अवसर मिलेगा। उसे अनुपस्थित रहने के स्पष्ट कारणों का प्रत्यावेदन समिति को देना होगा। समिति उसे एक अतिरिक्त अवसर दे सकती है, लेकिन अंतिम तिथि या आरक्षित दिन के बाद कोई मौका नहीं मिलेगा।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा को लेकर जारी दिशा-निदेर्शों के मुताबिक परीक्षा के दौरान स्टेरॉयड या नशीले पदार्थ का सेवन करने पर अभ्यर्थन निरस्त होगा। परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए निर्धारित मानक अंक प्राप्त न करने वाले को दूसरा मौका पाने या अपील का अधिकार नहीं होगा।

### बदायूं-मुरादाबाद हाईवे पर एंबुलेंस-ऑटो की भीषण भिड़ंत, दो की मौत; दो महिलाएं गंभीर



फाइल फोटो मृतक भविश



फाइल फोटो मृतक युसूफ



पोस्टमार्टम हाउस पर खड़े मृतक यूसुफ के रिश्तेदार।

**- जागरण मोर्चा कार्यालय**

बदायूं। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र में बदायूं-मुरादाबाद हाईवे पर दहेमी गांव के पास मंगलवार सुबह तेज रफ्तार एंबुलेंस और ऑटो की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में ऑटो सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है।

बताया जा रहा है कि ऑटो सवार वजीरगंज से बदायूं की ओर आ रहे थे। दहेमी गांव के पास सामने से आ रही एंबुलेंस से ऑटो की टक्कर हो गई। दुर्घटना में यूनुस पुत्र रहीस अहमद निवासी वार्ड नंबर-3, बहेड़ी, थाना बहेड़ी, जिला बरेली और वजीरगंज के गांव कुनार निवासी भविष्य पुत्र रामोतार की मौत हो गई।

हादसे में अफसाना पत्नी अनीश और सबीना पत्नी रईस अहमद, दोनों निवासी बहेड़ी, जिला बरेली गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों व मृतकों को अस्पताल पहुंचाया। एक मृतक के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद एंबुलेंस चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश के साथ दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### महाभारत के युद्ध में महिलाएं नहीं मरीं...:

#### विधायक के बयान पर भड़कीं महिला एमएलए

**एजेंसी न्यूज**

**गुना।** राज्य स्तरीय बलराम महोत्सव के दौरान गुना विधायक पन्नालाल शाक्य और चांचौड़ा विधायक प्रियंका पेंची के बीच




महिलाओं के बलिदान को लेकर मंच पर तीखी नोकझोंक हो गई। नानाखेड़ी कृषि उपज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़े और किसानों को संबोधित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पन्नालाल शाक्य ने कहा कि रामायण और महाभारत जैसे युद्धों में केवल पुरुष ही मारे गए, महिलाओं की मौत नहीं हुई। उन्होंने रामायण का उदाहरण देते हुए कहा कि रावण के भाई ने उसे पराई स्त्री को सम्मानपूर्वक वापस लौटाने की सलाह दी थी।

महाभारत का जिक्र करते हुए शाक्य ने दावा किया कि युद्ध में एक करोड़ पुरुष मारे गए, लेकिन महिलाएं नहीं मरीं। इसके बाद उन्होंने पृथ्वीराज चौहान और संयोगिता का उदाहरण देते हुए कहा कि संयोगिता के कारण कन्नौज से दिल्ली तक पृथ्वीराज चौहान के 55 सामंत मारे गए। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं में भी केवल पुरुषों की मौत हुई।

## कोलकाता में सीजेपी के सभी कार्यक्रम रद्द, कॉकरोच जनता पार्टी ने भाजपा और शासन पर क्या लगाए आरोप?

**एजेंसी न्यूज**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने आरोप लगाया है कि कोलकाता में उसका प्रस्तावित कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं की कथित धमकी और राज्य प्रशासन के दबाव के कारण रद्द हो गया। सीजेपी के मुताबिक, उत्तर कोलकाता के भारत सभा हॉल में होने वाले कार्यक्रम को अंतिम समय में रद्द कर दिया गया। संगठन का दावा है कि हॉल के मालिकों को कथित तौर पर धमकियां मिली थीं।

सीजेपी नेता आशुतोष रांका ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत सभा हॉल के मालिकों को धमकी मिलने के बाद कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। रांका के अनुसार, इसके बाद संगठन ने छह अन्य हॉल से भी संपर्क किया, लेकिन सभी ने कार्यक्रम आयोजित करने से इनकार कर दिया। सीजेपी का दावा है कि इन हॉल संचालकों ने इसके पीछे राज्य प्रशासन की ओर से बनाए गए भारी दबाव का हवाला दिया।

आशुतोष रांका ने आरोप लगाया कि इन घटनाओं से साफ है कि भाजपा सीजेपी से डर रही है। उन्होंने




कहा कि संगठन जल्द ही इससे भी बड़ा कार्यक्रम आयोजित करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल में सीजेपी के कार्यकर्ता सरकारी स्कूलों का दौरा करते रहेंगे और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए राज्य सरकार पर दबाव बनाते रहेंगे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में भाजपा पर पार्टी की आवाज दबाने के लिए धमकी और डराने-धमकाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि बांकुरा में सीजेपी से जुड़े एक युवक के पिता की कथित हत्या के मामले में एफआईआर में नाम होने के बावजूद सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। रांका ने परिवार को आर्थिक मदद देने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

सीजेपी के आरोपों को पश्चिम बंगाल भाजपा ने पूरी तरह खारिज कर दिया। भाजपा के एक राज्य स्तरीय नेता ने कहा कि सीजेपी की ओर से लगाए गए आरोप 'बेबुनियाद और मनगढ़ंत' हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करती है और इस तरह के आरोपों का कोई आधार नहीं है।

सीजेपी ने शेख अब्दुल की मौत और उनके परिवार पर कथित हमले को लेकर भी कई मांगें उठाई हैं। संगठन ने अब्दुल के परिवार को पर्याप्त सुरक्षा देने और हमले में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। सीजेपी का दावा है कि घटना में करीब 15 से 20 लोग शामिल थे, लेकिन अब तक केवल चार लोगों की गिरफ्तारी हुई है। संगठन ने बाकी आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। संगठन ने यह भी कहा है कि उसके प्रतिनिधि शेख अब्दुल के घर पर रहेंगे और उनके परिवार के साथ खड़े रहेंगे। सीजेपी ने परिवार को आर्थिक मदद देने की पेशकश भी की थी। हालांकि, संगठन के मुताबिक, परिवार ने पैसे के बजाय शेख अब्दुल के पिता के नाम पर एक स्कूल बनाने की मांग की है। सीजेपी ने अब्दुल के नाम पर ऑनलाइन फंड जुटाने की भी घोषणा की है।

### बारिश और बाढ़ से देश में कई जगह तबाही, दिल्ली में आज भी आस

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली/शिमला/रुद्रप्रयाग।** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड ?के कई इलाकों में मानसून की पहली झमाझम बारिश और बादल फटने से तबाही मचा दी है।?धर्मशाला और कुल्लू जिलों में बादल फटने से मची तबाही के बाद से लापता पांच और



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में सड़क हादसे के बाद उफनती अलकनंदा नदी में बहे आठ पर्यटकों की तलाश जारी है।

धर्मशाला जिले के मनूणी खड्ड और रुद्रप्रयाग जिले के रतूड़ा से और एक-एक शव बरामद किए गए हैं। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), पुलिस, फायर ब्रिगेड और जल पुलिस समेत विभिन्न एजेंसियों के बचाव कर्मी लापता पर्यटकों की तलाश में जुटे हैं। दिल्ली में आज भी मानसूनी बारिश की आस है और यूपी में कल से मानसूनी बारिश जोर पकड़ सकती है।

हिमाचल प्रदेश में बुधवार को धर्मशाला और कुल्ली जिलों में बादल फटने और अचानक आई बाढ़ के बाद एक बिजली उत्पादन इकाई पर काम करने वाले नौ श्रमिक और सैंज में एक ही परिवार के तीन लोग पानी में बह गए थे। मनूणी खड्ड से एक श्रमिक को बचा लिया गया था, छह श्रमिकों के अब तक शव मिले हैं, जबकि दो लापता हैं। सैंज में लापता लोगों का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। तलाश जारी है। इस बीच, राज्य सरकार ने धर्मशाला हादसे के कारणों की जांच का जिम्मा एसडीएम को सौंपा गया है।






## एक नजर

### नौ माह बाद भी चार्जशीट नहीं लगी, कप्तान से न्याय की गुहार

**बरेली।** भोजीपुरा के मिर्जापुर जागीर गांव की पीड़िता राधा ने मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता का आरोप है कि पति सुखलाल और जेठ रामलाल व चरन सिंह के खिलाफ पिछले साल चार दिसंबर को मुकदमा दर्ज हुआ था, लेकिन नौ महीने बीतने के बाद भी पुलिस ने चार्जशीट दाखिल नहीं की है। राधा का आरोप है कि उसका पति 17 नवंबर 2025 को उसे दिल्ली में अकेला छोड़कर गांव भाग आया था। जेठ और पति मिलकर उसके साथ लगातार मारपीट करते हैं और छोटे बच्चों के बावजूद उसे घर में घुसने नहीं दे रहे हैं। अनहोनी की आशंका जताते हुए पीड़िता ने एसएसपी से जल्द निष्पक्ष जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मीरगंज।** तहसील मीरगंज सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इसमें जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने कार्यालयों में प्रातः 9:45 बजे से दोपहर 12 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर जनसमस्याएं सुनें। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में पूर्ति विभाग, विद्युत विभाग, चकबंदी, सड़क सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। ग्राम सुकली निवासी ने गांव में पिछले दो माह से सफाई कर्मचारी की तैनाती न होने की शिकायत की। इस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को सफाई कर्मचारी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।ग्राम गुला निवासी ने राशन कार्ड बनवाने का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम परौरा निवासी ने फर्जी घरेलू विद्युत कनेक्शन कटवाने के संबंध में शिकायत की। जिलाधिकारी ने उपखंड अधिकारी विद्युत, मीरगंज को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा।ग्राम नथुपुरा निवासी ने खेत के चकमार्ग से अवैध कब्जा हटवाने और मार्ग पर मिट्टी डलवाने की मांग की। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी और खंड विकास अधिकारी को मौके की स्थिति देखकर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान छह पात्र लाभार्थियों के राशन कार्ड मौके पर ही बनाए गए, जिससे लाभार्थियों को तत्काल राहत मिली।इस दौरान पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अंशिका वर्मा, उप जिलाधिकारी मीरगंज निधि शुक्ला, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अमित, पुलिस क्षेत्राधिकारी मीरगंज अजय कुमार, तहसीलदार मीरगंज आशीष कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## खुले तार की चपेट में आए सांड और भैंस

**बरेली।** सुभाषनगर के टांडा गांव में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही के कारण खुले में पड़े तार की चपेट में आने से एक भैंस की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों में बिजली विभाग के प्रति गहरा आक्रोश है।ग्रामीणों के अनुसार, गांव के बिजली के खंभे और खुले तारों में करंट उतर आया था, जिसकी चपेट में आकर एक सांड और भैंस तड़पने लगे। ग्रामीणों ने भैंस को बचाने और सुरक्षित स्थान पर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन वह दोबारा करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद तार ठीक नहीं किए गए और हादसे के बाद भी कोई जिम्मेदार अधिकारी नहीं पहुंचा।

# तेज बारिश में भरभराकर गिरी दीवार, चार लोग दबे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मीरगंज।** सोमवार रात हुई तेज बारिश और उसके साथ हुए हादसों ने ग्रामीण इलाकों में तबाही का मंजर दिखा दिया। औरंगाबाद गांव में तेज बारिश के दौरान एक पक्की दीवार खपरैल समेत भरभराकर गिर गई। हादसे के समय घर में सो रहे चार लोग मलबे के नीचे दब गए। अचानक हुई तेज आवाज से आसपास के ग्रामीण जाग गए और मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर चारों को बाहर निकाला गया। सभी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

औरंगाबाद निवासी सोहन लाल सोमवार रात मजदूरी के लिए फैक्टरी गए थे। शाम को खाना खाने के बाद उनकी पत्नी प्रेमवती बच्चों के साथ घर में सो गईं। इसी दौरान हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौटे भाई सुमित का स्वागत करने के बाद सोहन लाल की पुत्रियां सुमन और क्रांति दूसरे घर में सोने चली गईं। रात में हुई तेज बारिश के बीच अचानक घर की पक्की दीवारें खपरैल समेत ढह गईं।

**धमाके जैसी आवाज से जागे पड़ोसी**

दीवार और खपरैल गिरने की तेज आवाज सुनकर पड़ोसी दौड़कर मौके पर पहुंचे। घर का पूरा सामान मलबे में दबा पड़ा था। ग्रामीणों ने तत्काल मलबा हटाने का काम शुरू किया और प्रेमवती, उनकी पुत्रियां मीरा व संध्या तथा पुत्र सुमित को बाहर निकाला। मलबे में दबने से चारों बेसुध हो गए थे। परिजन उन्हें रात में ही उपचार के लिए अस्पताल ले गए। सोहन लाल की पुत्री सुमन ने बताया कि धमाके जैसी आवाज सुनकर पड़ोसी जाग गए थे। घर के चार सदस्य मलबे में दबे थे। हादसे में खाने-पीने का सामान, बर्तन, कपड़े, चारपाई, बाइक और घरेलू पशु भी मलबे में दब गए। बारिश ने कई घरों को पहुंचाया नुकसान सोमवार की बारिश में खेऊ की गौंटिया निवासी प्रेमवती पत्नी वेदपाल के मकान की खपरैल, दीवारें और कच्ची छत भी आंशिक रूप से गिर गईं। वहीं गांव तुरसा पट्टी में शेर मोहम्मद के मकान पर पड़ी खपरैल भी बारिश के कारण धराशायी हो गई। घटनाओं की सूचना मिलने के बाद संबंधित राजस्व कर्मचारियों ने प्रभावित स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया। नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी गई है। लगातार बारिश के चलते ग्रामीणों में जर्जर मकानों को लेकर भी दहशत बनी हुई है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर जलमग्न, गंदे पानी के बीच उपचार कराने को मजबूर मरीज

जागरण मोर्चा कार्यालय


उपचार के लिए अस्पताल में जाती महिला। -जागरण मोर्चा

**मीरगंज।** तहसील मीरगंज क्षेत्र के गांव दुनका स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भारी बारिश के चलते जलभराव हो गया। अस्पताल परिसर में गंदा पानी भरने से मरीजों और तीमारदारों को पानी में उतरकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचना पड़ रहा है। जलभराव के कारण कई बार मरीजों के फिसलकर गिरने की स्थिति भी बन रही है, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, सुबह से हुई भारी बारिश के कारण पूरे सीएचसी परिसर में अत्यधिक पानी जमा हो गया। वर्तमान में बरसात के मौसम में क्षेत्र में बीमारी का प्रकोप बढ़ रहा है, ऐसे में मरीजों को उपचार के लिए गंदे पानी से होकर अस्पताल पहुंचना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मरीज इसी तरह गंदे पानी से होकर अस्पताल पहुंचेंगे तो संक्रमण का खतरा और बढ़ सकता है। ग्रामीण प्रदीप कुमार ने बताया कि सीएचसी परिसर में जलभराव के कारण मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने अधिकारियों से अस्पताल परिसर को जलभराव से मुक्त कराने और पानी की निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि बारिश के दौरान मरीज आसानी से उपचार के लिए अस्पताल पहुंच सकें।वहीं सद्दाम हुसैन ने बताया कि अस्पताल परिसर मुख्य सड़क से काफी नीचे है। पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश होते ही परिसर में जलभराव हो जाता है। उन्होंने जलनिकासी की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की। सीएचसी चिकित्सा अधिकारी डॉ. बसीम अहमद ने बताया कि जलभराव के कारण मंगलवार को केवल 35 मरीज ही उपचार के लिए पहुंचे, जबकि सामान्य दिनों में प्रतिदिन करीब 80 से 90 मरीज आते हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल परिसर सड़क से काफी नीचे है, जिसके कारण बारिश का पानी जमा हो जाता है और पानी की निकासी नहीं हो पा रही है।

# नगर में शिव भक्तों का हुआ जोरदार स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय




**फतेहगंज पूर्वी।** आज फतेहगंज पूर्वी नगर में शिव भक्तों का जोरदार स्वागत किया गया। पूरा नगर महादेव के जयकारों से गूंजने लगा। अध्यक्ष संजय पाठक डॉक्टर यशपाल सिंह प्रमोद राठौड़ कैलाश गुप्ता अनुराग शर्मा वीरेश मिश्रा विनोद मिश्रा हरीश गुप्ता गया प्रसाद शर्मा रमेश वर्मा आदि लोगों ने महंत मनीष कुमार शर्मा और रामसेवक शर्मा और उनके साथ आए हुए शिव भक्तों का फूल मालाओं से स्वागत अभिनंदन किया और जलपान की व्यवस्था की। सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाल राजकुमार सिंह कस्बा चौकी इंचार्ज लक्ष्मी नारायण ने सभी शिव भक्तों को फतेहगंज पूर्वी नगर की सीमा से पुलिस फोर्स के साथ रवाना किया।

# सपा मुखिया के चवन्नी वाले बयान पर रालोद कार्यकर्ताओं में गुस्सा

जागरण मोर्चा कार्यालय


चौधरी सचिन सिंह। -जागरण मोर्चा

**बहेड़ी।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा हाल ही में दिए गए चवन्नी से रूपया बना देने के बावजूद गठबंधन से अलग हो जाने वाले बयान पर ऊपर से नीचे तक लोगों में गुस्सा दिख रहा है। रालोद से जुड़े कार्यकर्ताओं ने उक्त बयान पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। युवा रालोद के पूर्व जिला अध्यक्ष सचिन सिंह ने कहा कि सपा मुखिया के पिता ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को अपना राजनीति गुरु मानकर अपनी राजनीति को आगे बढ़ाया। ऐसे में सपा मुखिया को याद रखना चाहिए कि उन्हें चवन्नी किसने बनाया जो वे किसी को रूपया बनाने लायक अपने को बता सके। उनहोंने कहा कि राजनीति में किसी को भी कमतर आंकना सही नहीं है। चौधरी परिवार ने किसानों, मजदूरों तथा गरीबों के लिए जो कुछ किया है उसे पुरानी पीढ़ी से लेकर न ई पीढ़ी तक बखूबी समझती है। इसलिए बयानबाजी से पहले अपनी राजनीतिक विरासत और इतिहास को भी किसी को नहीं भूलना चाहिए।

# बकाया गन्ना मूल्य भुगतान के जल्द आसार फिलहाल नजर नहीं आते!

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहेड़ी।** बीते दो सालों से बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान पाने को आम किसान जूझ रहा है। आए दिन किसी न किसी किसान संगठन द्वारा तहसील में धरना प्रदर्शन कर प्रशासन से भुगतान दिलाए जाने की मांग की जाती रही है पर हालात कुछ इस तरह के बने हैं कि जब तक केसर मिल की बिक्री का मामला हल नहीं होता तब तक किसानों की आस पूरी होती नजर नहीं आ रही है। रही बात मिल की मुंडिया मुकर्रमपुर तथा जाजूनागर की जमीन की नीलामी की तो, जमीन के सर्किल रेट में हाल में घोषित की जा रही बढ़ोतरी के चलते नीलामी की तारीख और आगे खिसक सकती है। इसके बाद भी, अगर जानकारों की मानें तो, उससे मिलने वाली रकम से किसानों के आंसू नहीं पोंछे जा सकते। कहने की बात यह कि समस्या का निदान मिल की बिक्री के बाद ही होना संभव है।

बताया जाता है कि दिल्ली में केसर मिल मालिकान की सहारनपुर के किसी कपूर ग्रुप से मिल को लेकर वार्ता हुई थी। उसके बाद स्वतंत्रता दिवस पर संजीव कपूर नाम के एक व्यवसायी मिल देखने आए भी। पूरा मिल क्षेत्र घूमकर वे अगली बार अपने साथ फाइनेसर लेकर आने की बात कहकर चले गए। बताया जाता है कि सौदा पटने को लेकर किसी भी तरह का मामूली लेनदेन भी नहीं किया गया इसलिए यह अंदेशा जताया जा रहा है कि न जाने ऊंट किस करवट बैठेगा?

उधर, भुगतान न मिल पाने से किसानों की आर्थिक हालत दिनों दिन पतली होती जा रही है। यहाँ तक कि लोगों को अपने बच्चों की फीस जमा करने के लिए मोहलत दिए जाने की भी गुहार प्रशासन से की जा रही है क्योंकि निजी स्कूल अब फीस अदायगी के लिए बच्चों पर दबाव बढ़ा रहे हैं। देखना होगा कि अभी और कितने दिन किसानों को इस समस्या से जूझना पड़ेगा?

# भैंस को तालाब से निकालने उतरा किशोर, गहरे पानी में डूबने से मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** फरीदपुर क्षेत्र के कीरत धीरी गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहाँ तालाब में घुसी भैंस को बाहर निकालने के प्रयास में १४ वर्षीय एक किशोर की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार सहित पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।जानकारी के अनुसार, कीरत धीरी निवासी पुष्पेंद्र का १४ वर्षीय पुत्र अकांशू गांव के ही १ वर्षीय छोटू के साथ खेतों की ओर पशु चराने गया था। इसी दौरान अकांशू की भैंस पास ही स्थित एक तालाब में चली गई। काफी प्रयास के बाद भी जब भैंस बाहर नहीं आई, तो अकांशू उसे निकालने के लिए खुद तालाब में उतर गया। भैंस तक पहुंचने की कोशिश में वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।अकांशू को डूबता देख साथी छोटू घबराकर गांव की तरफ भागा और परिजनों को इसकी सूचना दी। खबर मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तालाब में उतरकर किशोर की तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने अकांशू को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कक्षा आठ का छात्र अकांशू तीन भाइयों में मंझला था।

# जमीनी विवाद में कार्रवाई से निराश महिला पानी की टंकी पर चढ़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहेड़ी।** जमीन संबंधी विवाद में तहसील से न्याय पाने से निराश एक महिला अवसाद में तहसील परिसर स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गयी और हंडिया काटने लगी। शोर शराबा सुनकर तमाम लोग इकटठा हो गये। समाधान दिवस में फरियादियों को सुन रहे एसडीएम गोपाल शर्मा पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और समझा बुझाकर महिला को नीचे उतारा। नीचे आकर महिला ने तहसीलदार पर तमाम आरोप मढ़ दिए। एसडीएम द्वारा जांच के आश्वासन के बाद महिला शांत हुई।

पीड़िता का कहना था कि गांव में गाटा संख्या 107 के रकबे को लेकर कोर्ट में वाद दायर हुआ था जिसमें अप्रैल माह में उसके पक्ष में आवेदन प्रस्तुत किया गया जिसमें म ई महीने में निस्तारण का आदेश पारित हो गया था। महिला ने आदेश के बाद भी विपक्षियों द्वारा जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया। कहा कि, तहसील के क ई चक्कर काटने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई इसलिए उसे उक्त कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा। पीड़िता का कहना था कि, उसने खतौनी समेत सभी जरूरी दस्तावेज तहसील कार्यालय में उपलब्ध कराए थे पर सुनवाई के नाम पर नतीजा सिफर ही रहा। एसडीएम ने पूरे मामले की जांच कराकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा देकर राजस्व टीम से मौके पर जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
में डिस्पले, क्लासीफाइड, शोक संदेश, बधाई संदेश, नोटिस एवं टेन्डर नोटिस के विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

## एक नजर

### गारंटी में खराब बैटरी बदलने से इनकार, अधिवक्ता ने समाधान दिवस में की शिकायत

आंवला। ई–बाइक की गारंटी अवधि में बैटरी खराब होने के बाद उसे बदलने से इनकार करने और धमकी देने का मामला सामने आया है। ग्राम मनौना निवासी अधिवक्ता रामदुलार मौर्य ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई है।अधिवक्ता ने बताया कि उन्होंने 2 अक्टूबर 2025 को रामनगर रोड स्थित एजेंसी से 40 हजार रुपये में ई–बाइक खरीदी थी, जिस पर तीन वर्ष की गारंटी थी। 8 अगस्त 2026 को बैटरी खराब होने पर वे दुकान पहुंचे, तो वह बंद मिली। बाद में पता चला कि संचालकों ने पुरैना बस स्टैंड पर दुकान खोली थी, लेकिन वह भी बंद हो चुकी थी। आरोप है कि संचालक नाजिम और कादिर ने बैटरी बदलने में टालमटोल की और फोन करने पर गाली–गलौज व धमकी दी। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

# टूटी कुर्सी बनी विरोध का हथियार
## कलेक्ट्रेट गेट पर वकीलों ने जताया आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कचहरी के आसपास अतिक्रमण हटाने की नगर निगम की कार्रवाई अब विरोध का रूप ले चुकी है। मंगलवार को नाराज अधिवक्ता ई-रिक्शा पर टूटी हुई कुर्सी रखकर कलेक्ट्रेट गेट पहुंचे। कुर्सी को सामने रखकर उन्होंने नगर निगम की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का कहना था कि सड़क किनारे बने अस्थायी चैंबर हटाने से पहले उन्हें पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए था। अधिवक्ताओं के मुताबिक गुरुवार रात करीब साढ़े दस बजे नगर निगम की टीम दो बुलडोजर लेकर कचहरी के पास पहुंची थी। पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू की गई। बताया गया कि अभियान के दौरान रास्ते और बिजली आपूर्ति भी बंद करा दी गई थी। करीब डेढ़ घंटे तक चले अभियान में सड़क किनारे बने कई अस्थायी चैंबर और अन्य अतिक्रमण ढहा दिए गए। रात में कार्रवाई होने के कारण कई अधिवक्ताओं को इसकी जानकारी तब हुई, जब टीम मौके से जा चुकी थी। मंगलवार को वकीलों ने कार्रवाई के दौरान क्षतिग्रस्त हुई कुर्सी को ही अपने विरोध का माध्यम बनाया। ई-रिक्शा पर कुर्सी रखकर अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और नगर निगम के खिलाफ नाराजगी जताई। उनका कहना था कि अतिक्रमण हटाने से पहले बातचीत कर समाधान निकाला जा सकता था। यदि चैंबर हटाना जरूरी था तो सामान सुरक्षित निकालने के लिए समय मिलना चाहिए था। अधिवक्ताओं ने यह भी सवाल उठाया कि कचहरी में रोजाना काम करने वाले वकीलों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था किए बिना उनके चैंबर हटाना उचित नहीं है। उनका कहना था कि कार्रवाई से उनके कामकाज पर सीधा असर पड़ा है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष शिरीष कुमार मेहरोत्रा ने भी कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने तक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई रोकी जा सकती थी। उन्होंने 'ऑफिसर ऑफ द कोर्ट' की अवधारणा का उल्लेख करते हुए मौजूदा घटनाक्रम पर भी आपत्ति जताई। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार कचहरी के आसपास सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था। सड़क पर लोगों की आवाजाही में परेशानी के साथ जाम की स्थिति भी बन रही थी। सहायक नगर आयुक्त मयंक ने बताया कि इसी वजह से सड़क किनारे के अतिक्रमण हटाए गए। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम सुरक्षा व्यवस्था के लिए मौजूद रही। फिलहाल अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर निगम और अधिवक्ताओं के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। एक ओर निगम इसे यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं अधिवक्ता चैंबर तोड़े जाने के तरीके और वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किए जाने को लेकर नाराज हैं। कलेक्ट्रेट गेट पर टूटी कुर्सी के साथ किया गया प्रदर्शन इस विवाद के गहराने का संकेत दे रहा है।



## नवोदय विद्यालय परीक्षा 2026 ब्लॉक स्तर पर सफल आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** ब्लॉक मीरगंज में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु आज दिनांक 18 अगस्त 2026 को ब्लॉक स्तरीय नवोदय विद्यालय परीक्षा 2026 का सफलतापूर्वक आयोजन PM श्री विद्यालय, चुरई दलपतपुर, विकास खंड मीरगंज में किया गया।

ब्लॉक स्तर पर आयोजित इस परीक्षा के लिए कुल 280 बालक एवं बालिकाओं ने पंजीकरण कराया था, जिसमें से 250 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने पूरे अनुशासन एवं उत्साह के साथ परीक्षा में प्रतिभाग किया। परीक्षा का सफल आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी, मीरगंज के प्रेरणादायी नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर पूर्व में भी खंड शिक्षा अधिकारी महोदय के मार्गदर्शन में ब्लॉक के 105 मेधावी विद्यार्थियों को नवोदय हैंडबुक उपलब्ध कराई गई थी, जिससे विद्यार्थियों को परीक्षा की बेहतर तैयारी में महत्वपूर्ण सहयोग मिला। परीक्षा को व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने में ARP टीम, नोडल संकुल एवं शिक्षकगण का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी संबंधित अधिकारियों, शिक्षकों एवं सहयोगी टीम के समन्वित प्रयास से परीक्षा शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए निरंतर मार्गदर्शन एवं बेहतर शैक्षिक अवसर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। परीक्षा के सफल आयोजन से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में नवोदय विद्यालय में प्रवेश को लेकर नई उम्मीद एवं उत्साह का संचार हुआ।

## ऋण प्रस्ताव मंजूर, किसानों को मिलेंगे 25 करोड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने 17 अगस्त को देशभर में मेगा कृषि ऋण आउटरीच अभियान आयोजित किया। 90 से अधिक केंद्रों पर हुए इस अभियान में किसानों को कृषि एवं निवेश ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई। बरेली में कार्यक्रम के दौरान करीब 25 करोड़ रुपये के ऋण प्रस्ताव स्वीकृत किए गए।

कार्यक्रम में केंद्रीय कार्यालय के उप महाप्रबंधक अविनाश कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख सुधीर कुमार, मुख्य प्रबंधक मनीष श्रीवास्तव, अमित उपाध्याय और बीएस सागर समेत बैंक अधिकारी मौजूद रहे। अविनाश कुमार ने कहा कि बैंक की लगभग दो-तिहाई शाखाएं ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में हैं। बैंक का उद्देश्य किसानों और ग्रामीण उद्यमियों तक सरल एवं समयबद्ध बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि समय पर ऋण मिलने से खेती, सिंचाई, कृषि उपकरण, पशुपालन और अन्य ग्रामीण गतिविधियों को गति मिलती है। अभियान के दौरान किसानों को विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और छोटे कारोबार को बढ़ावा देने के लिए निवेश ऋण भी उपलब्ध करा रहा है। बैंक ने कहा कि किसानों की आर्थिक मजबूती से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। वित्तीय समावेशन और कृषि विकास के जरिए विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में योगदान देने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रखे जाएंगे।




## समाधान दिवस में सिर्फ 23 शिकायतें

**आंवला।** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस इस बार मंगलवार को आयोजित किया गया। दिन में बदलाव और बारिश के कारण फरियादियों की संख्या काफी कम रही। समाधान दिवस में कुल 23 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। अपर जिलाधिकारी बरेली (न्यायिक) की मौजूदगी में आयोजित दिवस में राजस्व विभाग की 10, पुलिस की पांच, विकास विभाग की दो तथा अन्य विभागों की छह शिकायतें प्राप्त हुईं। इस दौरान उपजिलाधिकारी आंवला सुशील कुमार मिश्रा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## पीआरडी जवानों को तोहफा, रोजाना मिलेंगे 600 रुपये

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** प्रदेश के पीआरडी जवानों के लिए मंगलवार को राहत भरी घोषणाएं की गईं। गोरखपुर के बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह, रामगढ़ताल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में पीआरडी जवानों का सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बरेली कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया, जहां बड़ी संख्या में पीआरडी जवान और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश स्तर पर पीआरडी जवानों के लिए तैयार मल्टीस्टोरी बैरक का लोकार्पण किया। इसके साथ ही जवानों के दैनिक मानदेय में भी बढ़ोतरी की घोषणा की गई। अब तक 500 रुपये प्रतिदिन मिलने वाले मानदेय को 100 रुपये बढ़ाकर 600 रुपये कर दिया गया है। इससे पीआरडी जवानों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने जवानों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा भी की। इसके अलावा उनके हित से जुड़ी अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। घोषणाओं के बाद बरेली में कार्यक्रम देख रहे पीआरडी जवानों में उत्साह नजर आया। कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक मीरगंज डॉ. डीसी वर्मा, अपर जिलाधिकारी, अपर नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी, विभागीय व्यायाम प्रशिक्षक, क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी और वरिष्ठ सहायक समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी आरती जायसवाल ने किया। उन्होंने सभी अधिकारियों और जवानों का आभार जताते हुए कार्यक्रम का समापन किया।



## बरेली की उड़ान पटरी पर बढ़ेगा एयर नेटवर्क

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर के हवाई यात्रियों के लिए आने वाले समय में सफर और आसान होने की उम्मीद है। इंडिगो के बाद अब अकासा एयर भी बरेली एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू करने की तैयारी में है। एयरपोर्ट प्रशासन को एयरलाइंस की ओर से नए रूट को लेकर प्रस्ताव मिला है। इसके बाद अलग-अलग शहरों के बीच संभावित यात्री संख्या और हवाई यातायात का आकलन किया जा रहा है। सब कुछ योजना के अनुसार रहा तो सर्दियों के शेड्यूल में बरेली से कई नए शहर हवाई नेटवर्क से जुड़ सकते हैं।

हवाई अड्डा निदेशक अवधेश अग्रवाल ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान नई उड़ानों को लेकर चल रही तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट से नए रूट शुरू करने के लिए करीब एक साल से विभिन्न एयरलाइंस के साथ बातचीत चल रही है। इसी क्रम में अकासा एयर ने भी बरेली से परिचालन शुरू करने में रुचि दिखाई है। नए रूटों के लिए लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज और कुशीनगर के साथ गोवा, श्रीनगर, देहरादून, हैदराबाद, गुवाहाटी और जयपुर जैसे शहरों को संभावित सूची में रखा गया है। इनमें किन रूटों पर यात्रियों की पर्याप्त संख्या मिल सकती है, इसका आकलन किया जा रहा है। सीधी उड़ान मिलने से कारोबार, पर्यटन, शिक्षा और रोजगार के सिलसिले में दूसरे शहरों की यात्रा करने वालों को काफी सुविधा मिल सकती है। अकासा एयर की प्रस्तावित सेवाओं के लिए बोइंग बी-737 विमानों के संचालन की तैयारी बताई गई है। हालांकि उड़ानों की शुरुआत के लिए संबंधित एयरपोर्ट पर स्लॉट और आवश्यक मंजूरियां मिलना जरूरी होगा। इन औपचारिकताओं के पूरा होने के बाद ही अंतिम कार्यक्रम तय होगा। वर्तमान में बरेली एयरपोर्ट से बंगलूरू, नवी मुंबई, दिल्ली और नोएडा के लिए हवाई सेवाएं संचालित हो रही हैं। यात्रियों की बढ़ती जरूरत को देखते हुए एयरपोर्ट का विस्तार भी प्रस्तावित है। अतिरिक्त विमान पार्किंग और टैक्सी-वे बनाने की योजना पर काम चल रहा है। विस्तार के लिए 23.55 एकड़ जमीन का अधिग्रहण भी हो चुका है। एयरपोर्ट प्रशासन का कहना है कि बरेली के साथ आसपास के कई जिलों से भी बड़ी संख्या में यात्री हवाई सेवा का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसे में नए रूटों के जुड़ने से पूरे क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूती मिलने की उम्मीद है।




## नाले में बहे व्यक्ति का शव बरामद

**आंवला।** सोमवार शाम हुई मूसलाधार बारिश के दौरान पुरैना मंदिर के समीप उफनाए नाले में पैर फिसलने से बहे 32 वर्षीय युवक का शव मंगलवार दोपहर बरामद कर लिया गया है। युवक का शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मोहल्ला बजरिया निवासी हसनैन सोमवार शाम करीब छह बजे आवश्यक सामान लेने के लिए घर से बाहर निकला था। इसी बीच अचानक हुई तेज बारिश के कारण नगर के नाले उफान पर आ गए। पुरैना मंदिर के पास अचानक पैर फिसलने से हसनैन गहरे नाले में जा गिरा और तेज बहाव में बह गया। नगरपालिका की टीम ने रात में ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद घटनास्थल से काफी दूर नाले से उसका शव निकाला गया।

## गोकशी की तैयारी में 4 गिरफ्तार, 1 फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बिथरी चैनपुर क्षेत्र में गोवंशीय पशु के वध की तैयारी किए जाने की सूचना पर पहुंची पुलिस की आरोपियों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो आरोपियों के पैर में गोली लगी। पुलिस ने मौके से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक आरोपी भागने में सफल रहा। घटनास्थल से गोवंशीय पशु के साथ वध में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार भी बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार परसोना नहर के पास कुछ लोगों के मौजूद होने और गोवंशीय पशु के वध की तैयारी किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस टीम ने इलाके में घेराबंदी की। मौके पर जुनेद, राशिद, नसीम और मोहम्मद फजर मिले। पुलिस ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपियों की ओर से फायरिंग किए जाने की बात सामने आई। जवाबी कार्रवाई में राशिद और नसीम के पैर में गोली लगी। दोनों घायल आरोपियों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं पुलिस ने जुनेद और मोहम्मद फजर को भी हिरासत में ले लिया। पुलिस के पहुंचते ही मोहम्मद कासिम कुरैशी मौके से निकलकर फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि गोवंशीय पशु परसोना निवासी शाकिर खान की ओर से उपलब्ध कराया गया था। इसके बाद पुलिस शाकिर की भूमिका की भी जांच कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल से गोवंशीय पशु और वध में इस्तेमाल होने वाले उपकरण कब्जे में लिए हैं। मामले में गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



**दिक्कत** राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बढ़ा

## गोरा रामगंगा पुल की एप्रोच रोड में गहरे गड्ढे, कटने लगी सड़क

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मीरगंज।** लगातार हो रही बारिश ने गोरा लोकनाथपुर के पास रामगंगा नदी पर बने पुल की एप्रोच रोड की हालत बिगाड़ दी है।कुछ दिन पहले ही इसकी मरम्मत कार्य हुआ था। अप्रोच रोड के साथ जो किनारी पटरी है उसकी मिट्टी खार की तरह कटने लगी। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी एप्रोच रोड कई जगह से कटने लगी है, जबकि सड़क पर कुछ स्थानों पर गहरे गड्ढे हो गए हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि तेज बारिश का सिलसिला जारी रहा तो सड़क का बड़ा हिस्सा पूरी तरह कटकर ध्वस्त हो सकता है।

गोरा लोकनाथपुर के समीप रामगंगा नदी पर बने पुल से मीरगंज और आंवला तहसील क्षेत्रों के अलावा बदायूं क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के लोगों को रामपुर और उत्तराखंड की ओर आवागमन में सुविधा मिली है। इस मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे-बड़े वाहन और पैदल राहगीर गुजरते हैं। ऐसे में एप्रोच रोड की खराब होती स्थिति ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है।ग्रामीणों के अनुसार पुल की उत्तरी दिशा में गांव की ओर मजार तक करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी डामर सड़क वर्ष 2020-21 में पीडब्ल्यूडी की ओर से बनाई गई थी। ग्रामीणों ने सड़क को मजबूत करने के लिए पत्थरों की पिचिंग कराने की मांग की थी, लेकिन इस ओर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो सकी। अब बारिश के दौरान सड़क के किनारे कटाव होने लगा है और कई जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं।ग्रामीणों का कहना है कि पुल की ओर जाने वाली सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के साथ ही किनारे कट रहे हैं। यदि समय रहते कटाव को नहीं रोका गया तो भारी बारिश में एप्रोच रोड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है। इससे मीरगंज-आंवला क्षेत्र के साथ ही आसपास के सैकड़ों गांवों का आवागमन प्रभावित होने की आशंका है।

पीडब्ल्यूडी के जे ई कुलदीप शाक्य ने बताया कि बारिश में सड़क किनारे की मिट्टी कट गई है। सड़क पर बने गड्ढों समेत क्षतिग्रस्त हिस्सों को दुरुस्त कराया जाएगा।ग्राम प्रधान गोरा लोकनाथपुर धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि एप्रोच रोड के कटाव को गंभीरता से लेने की जरूरत है। समय रहते मजबूत इंतजाम नहीं किए गए तो भारी बारिश में सड़क पूरी तरह ध्वस्त हो सकती है और सैकड़ों गांवों के लोगों का आवागमन बाधित हो जाएगा।



## जमीला बनी ज्योति, प्रकाश संग लिए सात फेरे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** झारखंड की 18 वर्षीय जमीला खातून अब ज्योति देवी के नाम से नई जिंदगी शुरू करने का दावा कर रही हैं। बोकारो निवासी जमीला ने सनातन धर्म अपनाने के बाद हजारीबाग निवासी प्रकाश रविदास के साथ बरेली के अगस्त्य मुनि आश्रम में वैदिक रीति-रिवाज से विवाह किया। जमीला का आरोप है कि भगवान शिव की पूजा करने को लेकर उसके ससुराल में विवाद होता था और मारपीट के बाद उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया गया।

जमीला के मुताबिक उसे भगवान शिव में आस्था थी और वह घर में पूजा करती थी। ससुराल वालों को इसकी जानकारी हुई तो उस पर पूजा छोड़ने का दबाव बनाया गया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट किए जाने का आरोप है। हालात बिगड़ने के बाद वह घर से निकल गई। इसी दौरान हजारीबाग के चानो निवासी प्रकाश रविदास ने उसका साथ दिया। दोनों के बीच पहले से परिचय था और बाद में दोनों ने साथ रहने का निर्णय लिया। इसके बाद दोनों बरेली पहुंचे और अगस्त्य मुनि आश्रम में संपर्क किया। आश्रम के आचार्य केके शंखधार की मौजूदगी में जमीला का शुद्धिकरण कराया गया। इसके बाद गायत्री मंत्र का जाप कराया गया और उसने सनातन धर्म अपनाने की घोषणा की। उसका नया नाम ज्योति देवी रखा गया।

इसके बाद ज्योति और प्रकाश का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कराया गया। अग्नि को साक्षी मानकर दोनों ने सात फेरे लिए। विवाह के बाद ज्योति ने कहा कि उसने अपनी इच्छा से बिना किसी दबाव, लालच या प्रलोभन के धर्म अपनाया है। आचार्य केके शंखधार के अनुसार प्रकाश की उम्र 22 और ज्योति की 18 वर्ष है। जरूरी दस्तावेजों की जांच के बाद विवाह कराया गया। नवविवाहित जोड़े ने प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है।



# राजस्थान नंबर की एंबुलेंस बन रहीं जानलेवा, एक महीने में दूसरी बार हादसा

## मंगलवार की सुबह सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव दहेमी के पास राजस्थान नंबर की एंबुलेंस ने टेंपो में मारी टक्कर, दो लोगों की मौके पर मौत, दो महिलाएं गंभीर घायल

देवेश मिश्रा, जागरण मोर्चा कार्यालय


हादसे के बाद सड़क पर पड़ी एम्बुलेंस।


हादसे के बाद सड़क किनारे खड़ा टेंपो।



घायलों को जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती करते पुलिसकर्मी। -जागरण मोर्चा


हादसे की सूचना के बाद जिला अस्पताल पहुंचे परिजन। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** जिले की सड़कों पर राजस्थान नंबर की एंबुलेंस लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। एक महीने के भीतर एंबुलेंस से दूसरी बड़ी दुर्घटना सामने आई है। मंगलवार को सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव दहेमी के पास राजस्थान नंबर की एंबुलेंस ने सवारियों से भरे टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को बहेड़ी और कुनार गांव के कुछ लोग टेंपो में सवार होकर बदायूं की ओर जा रहे थे। जैसे ही टेंपो सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव दहेमी के पास पहुंचा, सामने से आ रही राजस्थान नंबर की एंबुलेंस ने टेंपो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।

हादसे में कुनार गांव निवासी भविष्य और बहेड़ी निवासी यूनुस की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हुई हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया।

**एक महीने में दूसरी बार एंबुलेंस से हादसा :** राजस्थान नंबर की एंबुलेंस से हादसे का यह पहला मामला नहीं है। कुछ दिन पहले ही बरेली-मथुरा हाईवे पर भी राजस्थान नंबर की एंबुलेंस हादसे का कारण बनी थी। इसके बावजूद जिले में इस तरह की एंबुलेंस के संचालन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिले में एक दर्जन से अधिक ऐसी एंबुलेंस संचालित हो रही हैं, जिनके संचालन और दस्तावेजों को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं।

**शिकायतों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई :** स्थानीय लोगों के मुताबिक जिले में फर्जी अथवा मानकों को पूरा नहीं करने वाली एंबुलेंस के संचालन की शिकायतें जिम्मेदार अधिकारियों तक पहुंचती रही हैं। इसके बावजूद परिवहन विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। आरोप है कि कई एंबुलेंस दूसरे राज्यों के नंबरों पर चल रही हैं और स्थानीय स्तर पर मरीजों को ढोने का काम कर रही हैं। ऐसे वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा और अन्य जरूरी दस्तावेजों की जांच भी सवालों के घेरे में है।

**शासन के निर्देशों का पालन कराने में विभाग नाकाम :** एंबुलेंस संचालन को लेकर शासन स्तर से समय-समय पर नियम और सुरक्षा मानक तय किए जाते रहे हैं। इसके बावजूद जिले में नियमों को दरकिनार कर एंबुलेंस संचालित किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। सवाल यह है कि परिवहन विभाग की ओर से समय रहते अभियान चलाकर ऐसे वाहनों की जांच क्यों नहीं की जा रही है। अगर पहले ही संदिग्ध एंबुलेंस पर कार्रवाई होती तो शायद मंगलवार का हादसा टाला जा सकता था। एक के बाद एक हादसों के बावजूद जिम्मेदार विभाग की चुप्पी लोगों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। अब बड़ा सवाल यह है कि सड़क पर दौड़ रहे ऐसे वाहनों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी किसकी है और दो लोगों की जान जाने के बाद परिवहन विभाग कब जागेगा। स्थानीय लोगों ने जिले में संचालित सभी एंबुलेंस की जांच, दस्तावेजों का सत्यापन और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

> एंबुलेंस को लगातार चेक किया जा रहा है। मानकों के विपरीत मिलने वाली एंबुलेंस को तत्काल सीज कराया जा रहा है। बिना मानक के किसी भी वाहन को नहीं चलने दिया जाएगा जिससे हादसों में कमी लाई जा सके।
>
> – हरिओम कुमार, एआरटीओ बदायूं

# दवा लेने आई छात्रा की सड़क हादसे में मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** बुखार की दवा लेने मां और भाई के साथ बिसौली आई 12 वर्षीय छात्रा सड़क हादसे का शिकार हो गई। गंभीर रूप से घायल छात्रा ने बदायूं से मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

गांव सर्वा निवासी जुगेंद्र की बेटी प्रिया कक्षा पांच में पढ़ती थी। सोमवार दोपहर वह अपनी मां और भाई के साथ बुखार की दवा लेने बिसौली आई थी। रोडवेज के पास सड़क किनारे चलते समय अचानक वह एक मोटरसाइकिल और रोडवेज बस की चपेट में आ गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसौली लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर उसे बदायूं रेफर कर दिया। बदायूं में भी हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे मुरादाबाद ले जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब नौ बजे रास्ते में उसकी मौत हो गई।

बस चालक अवधेश कुमार के मुताबिक हादसा मोटरसाइकिल की टक्कर से हुआ और बच्ची बस के पिछले हिस्से की ओर गिरी थी। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों ने बस से टक्कर की आशंका जताते हुए उसे रोक लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कासगंज डिपो की बस को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए बदायूं भेज दिया है। हादसे की वास्तविक वजह जानने के लिए पुलिस मामले की जांच कर रही है। छात्रा की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# शिखर इंस्टीट्यूट में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए हुआ ओरिएंटेशन प्रोग्राम

जागरण मोर्चा कार्यालय


दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते ट्रस्ट के आचार्य राजन मेहंदीरत्ता।



कार्यक्रम के दौरान स्वागत सम्मान करते कॉलेज के प्रबंध समिति के लोग।

**बदायूं।** शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग, शेखूपुर में मंगलवार, 18 अगस्त 2026 को नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान, पाठ्यक्रम, शैक्षणिक गतिविधियों, करियर की संभावनाओं तथा संस्थान के नियमों एवं व्यवस्थाओं से परिचित कराना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद संस्थान के प्रबंधन एवं शिक्षकों का परिचय कराया गया। विद्यार्थियों को डीफार्मा, बी फार्मा एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों की मूलभूत जानकारी के साथ उनके भविष्य और करियर की संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।चरनजीत ने प्रबंधन एवं शिक्षकों का परिचय कराया। वहीं नवनीत ठक्कर ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी। अक्षांशु पटेल ने करियर मार्गदर्शन एवं भविष्य की संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

फार्मेसी विभाग की ओर से प्रोफेसर डॉ. उदय पीएस भास्कर ने फार्मेसी शिक्षा से संबंधित आवश्यक निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। नर्सिंग विभाग की ओर से सारिका सिंह ने नर्सिंग पाठ्यक्रम एवं उससे जुड़े आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। करण थरेजा ने सामान्य अभिरुचि एवं कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में डॉ. आरके वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालयीन जीवन केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, अनुशासन, कौशल एवं व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ अपने करियर की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में संस्थान के ट्रस्टी आचार्य राजन मेंदीरत्ता भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार एवं व्यावहारिक कौशल को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधन, शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2026 ने विद्यार्थियों को नए शैक्षणिक परिवेश से परिचित कराने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सकारात्मक शुरुआत प्रदान की।

## संक्षेप समाचार

### बिसौली में धूमधाम से निकाली गई बाबा महाकाल की भव्य सवारी, पुष्पवर्षा से गूंजा नगर



**बिसौली :** नगर में मंगलवार को उज्जैन के राजा बाबा महाकाल की भव्य सवारी यात्रा अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में बिसौली नगर और आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के प्राचीन शिव मंदिर (नाथ जी मंदिर) से हुआ। यात्रा शुरू होने से पूर्व मंदिर परिसर में आचार्य कृष्णा शंकर पाराशरी के मार्गदर्शन में विधि-विधान से हवन एवं पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इसके उपरांत, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच बाबा महाकाल की सवारी अपने निर्धारित मार्गों के लिए रवाना हुई।सवारी यात्रा नाथ जी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई मुख्य चौराहे स्थित मंदिर पर पहुंची। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग शिवभक्ति के रंगों में रंगा नजर आया। स्थान-स्थान पर नगरवासियों ने सवारी पर भावभिनव पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, वहीं श्रद्धालु भजनों की धुन पर झूमते और नृत्य करते दिखे। सवारी के मुख्य चौराहे पहुंचने के बाद नाथ जी मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### हजरतपुर में 19 अगस्त को कांग्रेस का संविधान बचाओ संवाद, सीतापुर सांसद राकेश राठौर होंगे मुख्य वक्ता

**बदायूं।** दातागंज विधानसभा क्षेत्र के हजरतपुर में बुधवार 19 अगस्त को कांग्रेस की ओर से संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें सीतापुर के सांसद राकेश राठौर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे हजरतपुर में म्याऊं रोड पर शुरू होगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि संवाद के दौरान दातागंज क्षेत्र से जुड़े विभिन्न जनमुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इनमें क्षेत्र को बाढ़ से मुक्त कराने, मानपुर से सिमरिया तक तथा रुकुमपुर से भाऊ नगला तक बांध और तटबंध बनवाने की मांग प्रमुख है। इसके अलावा हजरतपुर मुख्य मार्ग को जलभराव से निजात दिलाकर उसका पुनर्निर्माण कराने, सरकारी डिग्री कॉलेज और महिला इंटर कॉलेज की स्थापना तथा दातागंज में चीनी मिल स्थापित कराने की मांग भी उठाई जाएगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम की अनुमति के लिए उपजिलाधिकारी को पत्र भेजा जा चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन सत्ता के दबाव में काम कर रहा है और कांग्रेस के कार्यक्रमों को रोकने का प्रयास किया जाता है, जबकि भाजपा के कार्यक्रमों को खुली छूट दी जा रही है। अजीत यादव ने प्रशासन से पक्षपात बंद करने की मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रशासन का निष्पक्ष रहना जरूरी है। किसी भी प्रकार का पक्षपात लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों से संविधान बचाओ संवाद में पहुंचने की अपील की।

### शहीद हरिओम सिंह की जयंती पर 20 अगस्त को निकलेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**वजीरगंज।** कारगिल शहीद हरिओम सिंह की जन्म जयंती पर 20 अगस्त को वजीरगंज क्षेत्र में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा सुबह 11 बजे ब्लॉक कार्यालय से शुरू होकर सैदपुर और बगरैन होते हुए शहीद स्मारक पहुंचेगी, जहां उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। यात्रा में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और ग्रामीण शामिल होंगे।

# जिलाध्यक्ष बनने के बाद अजीत ने जिले में जिंदा की कांग्रेस

## जिले में कांग्रेस को भूल चुकी थी जनता, धरना-प्रदर्शन कर कई मुद्दों का कराया निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय


अजीत यादव। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** जिले में लंबे समय से कमजोर पड़ी कांग्रेस को जिलाध्यक्ष अजीत यादव के नेतृत्व में नई ऊर्जा मिलने का दावा किया जा रहा है। एक समय ऐसा था जब जिले की राजनीति में कांग्रेस की सक्रियता काफी कम दिखाई देती थी और आम लोगों के बीच पार्टी का प्रभाव भी सीमित हो गया था। जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने के बाद अजीत यादव ने संगठन को सक्रिय करने के साथ ही जनसमस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन और आंदोलन शुरू किए। इसके चलते पार्टी की गतिविधियां एक बार फिर लोगों के बीच नजर आने लगी हैं।

अजीत यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसानों, बेरोजगारों, बिजली, सड़क, जलभराव और अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर कई बार प्रशासन के सामने आवाज उठाई। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से समस्याओं को अधिकारियों तक पहुंचाने के साथ ही उनके निस्तारण की मांग की गई। पार्टी पदाधिकारियों का दावा है कि कई मामलों में प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए समस्याओं का समाधान भी कराया।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि लगातार जनहित के मुद्दे उठाने से संगठन का कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम लोगों से भी संपर्क बढ़ा है। गांवों और कस्बों में पार्टी कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ी है। यही वजह है कि अब कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ताओं में भी उत्साह दिखाई दे रहा है। समर्थकों की ओर से अजीत यादव को दोबारा जिलाध्यक्ष बनाए जाने की मांग उठने लगी है। हालांकि कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष के चयन को लेकर पार्टी स्तर पर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बताया जा रहा है कि जिले में शासन की टीम द्वारा संगठन की स्थिति और नेताओं की सक्रियता को लेकर सर्वे किया जा रहा है। सर्वे में नेताओं की क्षेत्र में पकड़, संगठन के प्रति सक्रियता और जनाधार समेत विभिन्न पहलुओं को देखा जा रहा है। इसी रिपोर्ट के आधार पर जिलाध्यक्ष के चयन में निर्णय लिए जाने की चर्चा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक

**बदायूं।** 12 सितंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से न्यायिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकाधिक वादों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण कराने पर जोर दिया गया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत राजवीर सिंह और प्रभारी सचिव सुमन तिवारी ने न्यायिक अधिकारियों से फौजदारी, समनीय वाद, चेक बाउंस, लघु वाद, सिविल व अन्य मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही जनसामान्य को सूचित कर प्री-लिटिगेशन विवादों को भी लोक अदालत में नियत कर समझौते के आधार पर निस्तारित कराने का प्रयास करने को कहा गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 सितंबर को सुबह 10 बजे जनपद न्यायालय परिसर में किया जाएगा।

# कांवड़ यात्रा देखने गया किशोर लापता परिजनों ने पुलिस से लगाई तलाश की गुहार

जागरण मोर्चा कार्यालय


अरुण उर्फ राकेश।

**कुंवरगांव।** सालारपुर विकासखंड क्षेत्र के ग्राम इनायतगंज निवासी एक किशोर कांवड़ यात्रा देखने जाने के बाद लापता हो गया। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर परिजनों ने कुंवरगांव पुलिस को सूचना देकर किशोर की बरामदगी की गुहार लगाई है।

ग्राम इनायतगंज निवासी कुंवर पाल ने बताया कि उनका भतीजा अरुण उर्फ राकेश (किशोर) सोमवार 17 अगस्त को दोपहर करीब ढाई बजे कांवड़ यात्रा देखने जाने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। काफी देर तक किशोर के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों को चिंता हुई।

परिजनों ने रिश्तेदारी और आसपास के संभावित स्थानों पर उसकी तलाश की। इसके अलावा परिचितों से भी किशोर के बारे में जानकारी की गई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। लगातार तलाश के बावजूद सुराग न मिलने पर परिजनों ने कुंवरगांव पुलिस को मामले की सूचना दी।

परिजनों के अनुसार लापता होने के समय अरुण आसमानी रंग की टी-शर्ट और नीले रंग की जींस पहने हुए था। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद किशोर की तलाश के लिए आवश्यक जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। परिजन किशोर के सकुशल वापस लौटने को लेकर चिंतित हैं।

**जानकारी** — इनरव्हील क्लब बदायूं की ओर से बालिकाओं को बांटे गए सेनेटरी पैड

# छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित कर मासिक स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम के दौरान मौजूद संस्था की पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** इनरव्हील क्लब बदायूं की ओर से बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेनेटरी पैड वितरण एवं मासिक स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के लिए जागरूक किया गया।

क्लब सचिव श्रीमती पूजा रस्तोगी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। सेनेटरी पैड को समय-समय पर बदलने के साथ ही इस्तेमाल किए गए पैड का सुरक्षित तरीके से निस्तारण किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर किसी तरह की झिझक न रखने और जरूरत पड़ने पर परिवार या चिकित्सक से खुलकर बात करने का आह्वान किया।

इसके बाद कार्यक्रम में सभी छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए। छात्राओं ने क्लब के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया।

इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष रागिनी रस्तोगी, पीडीसी साधना रस्तोगी समेत क्लब की अन्य सदस्याएं मौजूद रहीं। सभी ने बालिकाओं के बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

# पीआरडी जवानों को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा और बढ़ेगा ड्यूटी भत्ता

**बदायूं।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीआरडी जवानों के लिए मुख्यमंत्री कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने और ड्यूटी भत्ता बढ़ाने की घोषणा की। मंगलवार को गोरखपुर में आयोजित पीआरडी जवानों के सम्मेलन का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में किया गया। मुख्यमंत्री ने यातायात व्यवस्था, पुलिस के साथ थानों, औद्योगिक संस्थानों और महाकुंभ सहित महत्वपूर्ण आयोजनों में पीआरडी जवानों की सेवाओं की सराहना की। साथ ही लखनऊ के सरोजिनी नगर में पीआरडी जवानों के प्रशिक्षण के लिए बहुमंजिला बैरक निर्माण का शिलान्यास किया। विकास भवन में कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीओ गामिनी सिंगला ने की। जिला युवा कल्याण अधिकारी हरि प्रेम के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंडों से करीब 150 पीआरडी जवानों ने भाग लिया।

# सावन महोत्सव में महिलाओं ने लगाए मेहंदी के रंग, गीतों पर जमकर किया नृत्य

जागरण मोर्चा कार्यालय


कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** नगर की श्रीराम कृष्ण दास अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवांशिका जागृति सभा की ओर से सावन महोत्सव का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने मेहंदी रचाई और सावन के मनमोहक गीतों पर जमकर नृत्य किया। बच्चों ने भी विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

महोत्सव के दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने राधा-कृष्ण का मनमोहक रूप धारण कर प्रस्तुति दी और नृत्य किया। इसके साथ ही महिलाओं के लिए हाउजी गेम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण श्री अमरनाथ जी की दिव्य झांकी रही। झांकी में बालटाल-पहलगाम से अमरनाथ धाम तक के मार्ग को दर्शाते हुए चंदनवाड़ी, शेषनाग, इंस्टीट्यूट ऑफ काली माता मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए गए। दिव्य झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं सभी छोटे बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इससे बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। अंत में अग्रवांशिका जागृति सभा की अध्यक्ष सीमा अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं, बच्चों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नीलम गर्ग, प्राची, राधिका अग्रवाल, श्वेता, रितिका सहित अन्य महिलाएं प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

# एचपीसीएल हत्याकांड: विभागीय जांच में इंस्पेक्टर और दरोगा की लापरवाही उजागर

## जीएम की शिकायत पर समय रहते कार्रवाई होती तो टल सकता था दोहरा हत्याकांड

जागरण मोर्चा कार्यालय



एचपीसीएल हत्याकांड में मारे गए दोनों अधिकारी। -फाइल



इसी प्लांट में हुआ था दोहरा हत्या कांड। -फाइल




आरोपी की मां के नाम थी यह सरकारी उचित दर की दुकान। -फाइल



आरोपी के मकान पर चला दिया गया था बुलडोजर। -फाइल

**बदायूं।** दातागंज क्षेत्र के सैजनी गांव स्थित एचपीसीएल बायो प्लांट में हुए बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड के मामले में पुलिस विभागीय जांच में तत्कालीन इंस्पेक्टर और दरोगा की लापरवाही सामने आई है। निलंबित इंस्पेक्टर अजय कुमार और दरोगा धर्मेंद्र कुमार पर लगाए गए लापरवाही के आरोप विभागीय जांच में सही पाए गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ अब आगे की विभागीय कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

मामला 12 मार्च 2026 का है। सैजनी गांव स्थित एचपीसीएल बायो प्लांट में घुसकर महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता और सहायक प्रबंधक हर्षद मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एक ही स्थान पर दो अधिकारियों की हत्या से पुलिस महकमे के साथ ही पूरे प्रदेश में सनसनी फैल गई थी। मामले में मुख्य आरोपी के रूप में जय प्रताप सिंह का नाम सामने आया था, जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

हत्याकांड की जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि घटना से पहले एचपीसीएल प्रबंधन और अधिकारियों की ओर से आरोपी अजय प्रताप सिंह के संबंध में पुलिस को शिकायतें और तहरीर दी गई थीं। इन शिकायतों में आरोपी की गतिविधियों को लेकर गंभीर आरोप लगाए गए थे। इसके बावजूद तत्कालीन इंस्पेक्टर अजय कुमार और दरोगा धर्मेंद्र कुमार ने शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया और समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की।

इसी बिंदु को विभागीय जांच में भी महत्वपूर्ण माना गया है। जांच अधिकारियों ने शिकायतों, उपलब्ध अभिलेखों और पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली की पड़ताल की। जांच में पाया गया कि आरोपी के खिलाफ मिली शिकायतों पर अपेक्षित गंभीरता से कार्रवाई नहीं की गई। अधिकारियों के मुताबिक, यदि शिकायतों पर समय रहते प्रभावी कदम उठाए जाते तो संभव है कि बाद में हुई घटना को टाला जा सकता था।

विभागीय जांच रिपोर्ट में दोनों पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली को लापरवाहीपूर्ण माना गया है। आरोप है कि आरोपी के खिलाफ समय पर कार्रवाई न करना और शिकायतों को पर्याप्त महत्व नहीं देना हत्याकांड से पहले की महत्वपूर्ण चूक रही। जांच के बाद दोनों के खिलाफ लगाए गए आरोप सिद्ध माने गए हैं।

रिपोर्ट सामने आने के बाद पुलिस विभाग में दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्रस्तावित कार्रवाई को लेकर चर्चा तेज हो गई है। विभागीय स्तर पर जांच पूरी होने के बाद अब रिपोर्ट के परीक्षण और उसके आधार पर अगली कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। माना जा रहा है कि शासन स्तर पर भी रिपोर्ट की समीक्षा के बाद दोनों के खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई का फैसला लिया जा सकता है।

एचपीसीएल हत्याकांड ने पुलिस की कार्यप्रणाली और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था को लेकर भी कई सवाल खड़े किए थे। अब विभागीय जांच में लापरवाही के आरोप सही पाए जाने से यह मामला एक बार फिर चर्चा में है। सबसे अहम सवाल यही है कि यदि घटना से पहले मिली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाता और आरोपी के खिलाफ समय रहते कार्रवाई होती, तो क्या दो अधिकारियों की जान बचाई जा सकती थी।

# अरिल नदी में नहाने गए पांच युवकों में से एक डूबा, चार को राहगीर ने बचाया

जागरण मोर्चा कार्यालय



युवक का फाइल फोटो।



राकेश से अपने भाई मोहित के डूबने की जानकारी लेती पुलिस। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के दबतोरी इलाके में चार जिलों की सीमा पर बहने वाली अरिल नदी में मंगलवार दोपहर नहाने गए पांच युवकों में एक युवक गहरे पानी में डूब गया। चार युवकों को एक राहगीर ने अपनी जान जोखिम में डालकर नदी में छलांग लगाकर बचा लिया। देर शाम तक सिरौली और दबतोरी पुलिस युवक की तलाश में जुटी रही, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

ललुआनगला गांव निवासी सोनू, अमरजीत पुत्र हुकुम सिंह, राकेश, मोहित पुत्र छोटे लाल और नितिन पुत्र अशोक मंगलवार दोपहर करीब चार बजे अरिल नदी में नहाने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि दो दिन पहले नदी का जलस्तर बढ़ गया था। पांचों युवक नदी की पुलिया से गहरे पानी में नहाने के लिए उतर गए। इसी दौरान तीन युवक एक साथ गहरे पानी में कूद गए, जबकि दो साथी करीब दो मिनट बाद नदी में उतरे। अचानक गहरे पानी में पहुंचने पर सभी युवक डूबने लगे और शोर मचाकर मदद की गुहार लगाने लगे। इसी दौरान वहां से बाइक से गुजर रहे एक राहगीर ने युवकों की आवाज सुनी और बिना देर किए नदी में छलांग लगा दी। उसने चार युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन 17 वर्षीय मोहित पुत्र छोटे लाल गहरे पानी में समा गया।

घटना की सूचना मिलते ही सिरौली थानाध्यक्ष रोहित कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। डायल 112 पुलिस ने भी पहुंचकर घटना की जानकारी संबंधित थानों को दी। इसके बाद दबतोरी पुलिस भी मौके पर पहुंची। देर शाम तक पुलिस की निगरानी में नदी में युवक की तलाश जारी रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के करीब दो घंटे तक कोई गोताखोर मौके पर नहीं पहुंच सका, जिससे तलाश अभियान में देरी हुई।

# रुद्राभिषेक मनुष्य को आत्मशुद्धि का दिखाता है मार्ग : संजीव कुमार शर्मा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अलापुर रोड स्थित ईश्वरधाम कालोनी में सुरेश मिश्रा के आवास पर श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने गंगाजल और दूध से रुद्राभिषेक किया। मुख्य यजमान सुरेश मिश्रा और प्रदन्या मिश्रा ने बिल्वपत्र, भांग, धतूरा, फल, फूल और मिष्ठान अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि श्रद्धा और विधि से किया गया रुद्राभिषेक मन को एकाग्र करने, सकारात्मक विचारों को बढ़ाने और आत्मचिंतन की प्रेरणा देने वाला धार्मिक अनुष्ठान है। इसका सबसे बड़ा लाभ तभी है, जब आचरण में भी परिवर्तन लाए। श्री शर्मा ने कहा कि गंगाजल से अभिषेक हमें पवित्रता और निर्मलता, दुग्ध शीतलता एवं सात्विकता और बिल्वपत्र समर्पण का संदेश देता है। शिवलिंग पर रुद्राभिषेक करते समय संकल्पित हों कि अपने भीतर के क्रोध, अहंकार, लोभ, ईर्ष्या और द्वेष को भी त्यागेगें। उन्होंने कहा कि भगवान नीलकंठ का स्वरूप मनुष्य को सिखाता है कि जीवन में आने वाली विषम परिस्थितियों में धैर्य और सहनशीलता बनाए रखें। शिव का वैराग्य सादगी का, त्रिनेत्र विवेक का और गंगा पवित्र विचारों का संदेश देती है। यदि मनुष्य इन गुणों को अपने जीवन में उतार लें, तो उसके विचार, व्यवहार और जीवन की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है।रुद्राभिषेक के माध्यम से मनुष्य सत्य बोलेगा, संयम रखेगा, माता-पिता का सम्मान करेगा, जरूरतमंदों की सहायता करेगा और समाज में प्रेम एवं सद्भाव बढ़ाएगा। रुद्राभिषेक के बाद घंटे-घड़ियालों और शंखनाद के बीच भगवान शिव की आरती की गई।

## संक्षेप समाचार

### 9 अगस्त को विकास भवन में आयोजित होगा किसान दिवस

बदायूं। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए 19 अगस्त को विकास भवन सभागार में किसान दिवस आयोजित किया जाएगा। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न एक बजे तक कार्यक्रम होगा। इसमें संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे और किसानों की समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण की कार्रवाई की जाएगी। किसानों से किसान दिवस में पहुंचकर अपनी समस्याएं रखने की अपील की गई है।

### कांवड़ यात्रा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, सुरक्षा व्यवस्था परखी



कांवड़ यात्रा का निरीक्षण करते एसपी सिटी व एडीएम अरुण कुमार।

**बदायूं।** श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा–2026 को सकुशल और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को एडीएम–ई अरुण कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह ने कछला गंगा घाट एवं कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने कांवड़ यात्रा को "जीरो इंसीडेंट, जीरो एक्सीडेंट" के लक्ष्य के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कछला गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, घाट की सुरक्षा समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो और घाट व कांवड़ मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मजबूत रखी जाए। भीड़ और यातायात के मद्देनजर रूट डायवर्जन, पार्किंग, बैरियर, भीड़ नियंत्रण और वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने पुलिस और यातायात कर्मियों को निर्धारित यातायात व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। बताया गया कि बाईपास की ओर नवनिर्मित हाईवे पर कछला की ओर से दोपहिया वाहन उझानी की ओर जा सकेंगे, लेकिन वापसी की अनुमति नहीं होगी। दोपहिया और चारपहिया वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल से आगे जाने की अनुमति नहीं होगी। सोरों साइड में डीजे वाहनों के लिए अलग पार्किंग की व्यवस्था की गई है। एएसपी सिटी ने प्रभारी निरीक्षक उझानी और यातायात निरीक्षक को निर्देश दिए कि किसी भी वाहन को अनधिकृत रूप से पुल अथवा घाट की ओर न जाने दिया जाए। कांवड़ मार्ग, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल पूरी सतर्कता के साथ ड्यूटी करे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सहायता और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। अधिकारियों ने आपात स्थिति से निपटने और किसी भी अप्रिय घटना पर त्वरित कार्रवाई के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। पुलिस बल को लगातार भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक उझानी प्रवीण कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात मनोज कुमार, ईओ नगरपालिका, चौकी प्रभारी कछला समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# इस्लामगंज में बीज भंडार का ताला तोड़कर 35 हजार की चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**अलापुर।** थाना अलापुर क्षेत्र के इस्लामगंज में चोरों ने एक बीज भंडार को निशाना बनाकर नकदी और कीटनाशक रसायन चोरी कर लिए। चोर दुकान में लगे वाईफाई सीसीटीवी कैमरों को भी तोड़ गए। घटना के बाद पीड़ित ने डायल 112 पर सूचना देने के साथ ही थाना अलापुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

जगत निवासी योगेश सारस्वत ने बताया कि इस्लामगंज प्राथमिक विद्यालय के पास उनकी जय अम्बे बीज भंडार के नाम से दुकान है। सोमवार रात करीब नौ बजे चोरों ने दुकान का शटर तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन शटर नहीं टूट सका। इसके बाद चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और करीब 35 हजार रुपये की नकदी के साथ कीटनाशक व अन्य रासायनिक पदार्थ चोरी कर लिए।

पीड़ित के मुताबिक चोरों ने घटना को अंजाम देने के दौरान दुकान में लगे वाईफाई सीसीटीवी कैमरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे घटना की रिकॉर्डिंग प्रभावित होने की आशंका है। हालांकि चोरों का एक लाल रंग का अंगोछा मौके पर छूट गया। सुबह दुकान खोलने पहुंचे योगेश सारस्वत को चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने तत्काल डायल 112 को सूचना दी।

पीड़ित ने थाना अलापुर पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र दिया और चोरी का खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद व्यापारियों में भी सुरक्षा को लेकर चिंता है। लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और जल्द चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

# सड़क चौड़ीकरण को दो दर्जन से अधिक दुकानों पर चला बुलडोजर

## विधायक की दुकान का छज्जा भी तोड़ा, कार्रवाई को लेकर उठे सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय




अतिक्रमण हटाने के समय गरज रहे बुलडोजर। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** सड़क चौड़ीकरण और अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से दातागंज क्षेत्र में मंगलवार को अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़क सीमा में आए अतिक्रमण को बुलडोजर की मदद से हटाया गया। कार्रवाई के दौरान दो दर्जन से अधिक दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के आगे किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। अभियान के दौरान आतिफ खां जख्मी की मार्केट में भी बुलडोजर चला।

कार्रवाई के दौरान सड़क की सीमा में आने वाले दुकानों के छज्जे, अस्थायी निर्माण और अन्य अतिक्रमण हटाए गए। इसी क्रम में मौजूदा भाजपा विधायक की दुकान का छज्जा भी बुलडोजर से तोड़ दिया गया। बताया गया कि दुकान का छज्जा सड़क की निर्धारित सीमा में था, जिसके चलते पीडब्ल्यूडी की कार्रवाई की गई। विधायक की दुकान का छज्जा टूटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के मुताबिक सड़क चौड़ीकरण के लिए सड़क की सीमा में आने वाले सभी अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। अभियान में किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जा रहा है और जिन निर्माणों को सड़क सीमा में चिन्हित किया गया है, उन्हें हटाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान मौके पर विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। हालांकि बुलडोजर कार्रवाई को लेकर एक पक्ष ने गंभीर सवाल भी उठाए हैं। कुछ लोगों का आरोप है कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर चुनिंदा लोगों के खिलाफ ही कार्रवाई की जा रही है और उन्हें टारगेट किया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि सड़क की सीमा में अतिक्रमण है तो सभी अतिक्रमणों के खिलाफ समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए।

वहीं, विभाग की कार्रवाई से प्रभावित दुकानदारों में भी नाराजगी देखने को मिली। उनका कहना था कि कार्रवाई से पहले उन्हें पर्याप्त समय और स्पष्ट जानकारी दी जानी चाहिए थी। दूसरी ओर, अधिकारियों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सड़क की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। दातागंज में हुई इस कार्रवाई के बाद स्थानीय स्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान और इसके तरीके को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। विधायक की दुकान का छज्जा टूटने के बाद मामला और अधिक चर्चा में आ गया है।

**आस्था** | चेयरमैन प्रियंका सिंह चौहान व पति अनिल सिंह चौहान ने फल बांटे और जलपान कराया

# कछला से गंगाजल लेकर लौटे कांवड़ियों का उसावां में भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



कावड़ियों की सेवा करतीं उसावा अध्यक्ष व उनके पति। -जागरण मोर्चा

**उसावां।** सावन के पवित्र महीने में कछला घाट से गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे कांवड़ियों का नगर पंचायत उसावां में भव्य स्वागत किया गया। नगर पंचायत की ओर से कांवड़ियों के लिए फल, पानी और जलपान की व्यवस्था की गई। चेयरमैन प्रियंका सिंह चौहान और उनके पति अनिल सिंह चौहान ने स्वयं मौजूद रहकर कांवड़ियों का स्वागत किया और उन्हें फल व जलपान कराया।

नगर पंचायत परिसर और प्रमुख मार्गों पर कांवड़ियों के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं। कांवड़ लेकर गुजर रहे शिवभक्तों को रोककर उनका हालचाल जाना गया और यात्रा के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक सहयोग भी किया गया। कांवड़ियों ने नगर पंचायत की ओर से की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान चेयरमैन प्रियंका सिंह चौहान ने कहा कि सावन का महीना आस्था और भक्ति का पर्व है। कांवड़ यात्रा में शामिल शिवभक्त श्रद्धा और विश्वास के साथ कठिन यात्रा करते हैं। ऐसे में उनकी सेवा करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र से गुजरने वाले कांवड़ियों की सुविधा के लिए लगातार आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

चेयरमैन के पति अनिल सिंह चौहान ने भी कांवड़ियों का स्वागत किया और सेवा कार्य में सहयोग किया। नगर पंचायत की ओर से किए जा रहे लगातार सेवा कार्यों को लेकर क्षेत्र के लोगों में भी उत्साह दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि चेयरमैन द्वारा सावन के दौरान कांवड़ियों की सेवा कर सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराओं को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। गौरतलब है कि सावन माह की शुरुआत से ही चेयरमैन प्रियंका अनिल सिंह चौहान की ओर से कांवड़ियों के स्वागत और सेवा के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं। क्षेत्र से गुजरने वाले शिवभक्तों को पेयजल, फल और जलपान उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे कांवड़ियों को राहत मिल रही है और क्षेत्र में धार्मिक माहौल भी बना हुआ है।

नगर पंचायत की इस पहल की क्षेत्रवासियों ने सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों और कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा करना समाज में आपसी भाईचारे और सेवा भावना को मजबूत करता है।

# चोरी के कटरा समेत चार लोग गिरफ्तार

**इस्लामनगर।** थाना इस्लामनगर पुलिस ने पशु चोरी के मामले का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया एक कटरा, घटना में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी और 13,500 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार ग्राम पतीसा मजरा सैफुल्लागंज निवासी रामखिलाड़ी का कटरा खेत में चरते समय चोरी हो गया था। मामले में 17 अगस्त को अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने रागिब अली निवासी गढ़ी बिचौला, थाना धनारी, संभल तथा अनश, फरमान और नरेश निवासी बदायूं को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बकरा चोरी तथा 18/19 जुलाई की रात नूरपुर पिनौनी से भैंस चोरी कर बेचने की बात भी स्वीकार की। पुलिस ने संबंधित मुकदमों में धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# रोडवेज बस की टक्कर से महिला गंभीर घायल, इलाज के दौरान मौत

## दातागंज कोतवाली क्षेत्र में अरेला की पुलिया के समीप हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय



आरती के परिजन। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** दातागंज कोतवाली क्षेत्र के अरेला मोहल्ला की पुलिया के पास सोमवार तड़के दर्दनाक हादसा हो गया। सड़क पार कर रही एक महिला को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को नजदीकी अस्पताल में भिजवाया,जहां देरशाम उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव बेलाडांडी रोड अरेला मोहल्ला निवासी आरती (48) पत्नी नेत्रपाल सोमवार तड़के सावन का सोमवार पर पूजा के लिए बेलपाती तोड़कर लौट रही थी। इसी दौरान सड़क पार करते समय रोडवेज बस ने आरती को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रुप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़ ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को नजदीकी अस्पताल भिजवाया। बताया जाता है कि देरशाम महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है और बस चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।





## एक नजर

### बाइकों की भिड़ंत में दो युवक ज़ख्मी, एक रेफर

**शाहबाद।** सोमवार देर रात सिरौली के वसुंधर मैरिज हॉल के पास बाइकों की आमने-सामने की भीषण टक्कर में शाहबाद के दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। शाहबाद के मोहल्ला वेदान निवासी भूरा उर्फ तौफीक सिरौली में कॉस्मेटिक की दुकान चलाते है। तौफीक अपनी कॉस्मेटिक की शॉप से निजी कार्य से रामनगर गए थे और वापस लौटते समय सिरौली में वसुंधरा मैरेज हॉल के पास दोनों बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तौफीक को सीएचसी रामनगर पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, परिजन उसे रामपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसकी स्थिति नाज़ुक बनी हुई है। वहीं, दूसरे घायल गोविंद को उनके परिजन शाहबाद के एक निजी चिकित्सक के यहां उपचार के लिए ले गए।

# नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास निरंतर होते रहने चाहिए : हरिबाबू

## कायस्थ चेतना मंच ने धूमधाम एवं देशभक्ति के रंग में मनाया 29 वां स्थापना दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** कायस्थ चेतना मंच का 29 वां स्थापना दिवस एवं चेतना-2026 वार्षिकी का लोकार्पण समारोह सोमवार को रंगोली मण्डप, निकट गांधी समाधि में सामाजिक चेतना एवं देशभक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिबाबू श्रीवास्तव, पूर्व महानिदेशक, डीआरडीओ एवं वर्तमान प्रोफेसर ऑफ प्रेक्टिस, आईआईटी दिल्ली ने मंच द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान एवं नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास निरंतर होते रहने चाहिए। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए उन्हें देश का भविष्य बताया तथा उनसे निरंतर आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा का उपयोग समाज एवं राष्ट्र निर्माण में करने का आह्वान किया।कार्यक्रम का शुभारंभ श्री चित्रगुप्त वंदना से हुआ। इसके पश्चात सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत होते ही पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।आनंद कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों द्वारा सीमा पर तैनात एक सैनिक के जीवन, संघर्ष और त्याग पर आधारित भावपूर्ण लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। देशभक्ति से ओत-प्रोत इस प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को भावुक कर दिया और बच्चों के अभिनय की सभी ने जमकर सराहना की।मुरादाबाद से आईं श्रद्धा एवं ओजस्विता ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। वहीं मंच परिवार की महिलाओं स्वाति श्रीवास्तव, विमलेश सिन्हा, मीनू सक्सेना, शिखा सक्सेना, सपना सक्सेना, शिल्पी बिसारिया एवं पूनम श्रीवास्तव ने लोकगीत एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर ऐसा समां बांधा कि पूरा वातावरण तालियों




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

और उत्साह से गूंज उठा।समारोह में मंच की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों का उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही चेतना-2026 वार्षिकी का लोकार्पण भी किया गया, जिसमें मंच की सामाजिक गतिविधियों, उपलब्धियों एवं समाजहित में किए जा रहे कार्यों को प्रमुखता से स्थान दिया गया है।कार्यक्रम में गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव, सुरेंद्र श्रीवास्तव, दिनेश सक्सेना, शोभित किशोर सक्सेना, सुभाष नंदा भैया जी अरविंद नंदा एडवोकेट संदीप सक्सेना सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बरेली से पधारे महामंडलेश्वर डॉ. शिवानंद चित्रगुप्त महाराज, चित्रगुप्त अखाड़ा, की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का संचालन शिरोहित सक्सेना एवं असीम सक्सेना द्वारा किया गयाकार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक संजय सक्सेना एवं कार्यक्रम अध्यक्ष श्याम कुमार भटनागर ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, महामंडलेश्वर,कलाकारों, अभिभावकों तथा उपस्थित सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कायस्थ चेतना मंच का उद्देश्य समाज में एकता, प्रतिभा सम्मान, सामाजिक सेवा एवं सांस्कृतिक चेतना को निरंतर मजबूत करना है।समारोह में बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोगों एवं गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कार्यक्रम का समापन रात्रिभोज के साथ हुआ।

### 12 मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**रामपुर।** कायस्थ चेतना मंच के 29 वें स्थापना दिवस समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 12 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।सम्मानित होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में आरुशी सक्सेना, यशीता जौहरी, रिद्धि सक्सेना, सिद्धि सक्सेना, सोनाक्षी भटनागर, अक्षिता सक्सेना, त्रिशिर सक्सेना, साईं समर्थ, सिया श्रीवास्तव, दीपाली प्रधान, अवनि श्रीवास्तव आंनन्या सक्सेना ओम सक्सेना एवं शौर्य सक्सेना शामिल रहे।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिबाबू श्रीवास्तव ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि मेहनत, लगन और निरंतर सीखने की भावना के साथ वे जीवन में नई ऊंचाइयां हासिल कर सकते हैं।उन्होंने अभिभावकों को भी बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे उनके माता-पिता और शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने सभी सम्मानित विद्यार्थियों से अपनी प्रतिभा का उपयोग समाज और राष्ट्र के विकास में करने का आह्वान किया।कायस्थ चेतना मंच की ओर से मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने की इस पहल की उपस्थित समाजबंधुओं एवं अभिभावकों ने सराहना की।

### मुख्य आकर्षण रहा गिटार पर भक्ति गीतों की प्रस्तुति

कायस्थ चेतना मंच के 29वें स्थापना दिवस समारोह में वर्तिका सक्सेना एवं अरनव राय द्वारा गिटार पर प्रस्तुत किए गए भक्ति गीत कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहे।दोनों बच्चों ने गिटार की मनमोहक धुन के साथ भक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया और सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर दोनों बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनकी प्रतिभा की सराहना की। मंच के पदाधिकारियों एवं उपस्थित अतिथियों ने बच्चों को आगे भी अपनी प्रतिभा को निखारने और ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया।

# अफगानिस्तान के विजय दिवस समारोह में शामिल हुए नवेद मियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रामपुर के अंतिम शासक नवाब रज़ा अली खां के पौत्र एवं पूर्व मंत्री नवाब काज़िम अली खां उर्फ नवेद मियां ने भारत स्थित अफगानिस्तान दूतावास में आयोजित विजय दिवस समारोह में शिरकत की। नवेद मियां ने भारत में अफगानिस्तान के कार्यवाहक राजदूत मुफ़्ती नूर अहमद नूर सहित कई अहम शख्सियतों से मुलाकात की।विभिन्न विषयों पर बातचीत की।नवेद मियां ने बताया कि अफगानिस्तान में प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त को विजय दिवस मनाया जाता है। इस दिन को पश्चिमी प्रभुत्व के खिलाफ अपनी जीत के रूप में मनाया जाता है।



कल रात्रि नई दिल्ली स्थित दूतावास में आयोजित भव्य विजय दिवस समारोह में पूर्व मंत्री नवेद मियां के अलावा उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान,नाइजर, कतर, ओमान, सर्बिया, फिलिस्तीन, ईरान समेत अनेक देशों के राजनयिकों ने भाग लिया। कार्यवाहक राजदूत मुफ्ती नूर अहमद नूर ने इस कार्यक्रम की मेजबानी की।विदेश मंत्रालय के एक प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया।प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त सचिव (पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान) आनंद प्रकाश ने किया। कार्यक्रम में मुफ़्ती नूर अहमद नूर ने कहा हाल अफगानिस्तान और भारत के बीच संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। दोनों देशों के बीच आधिकारिक राजनयिक संपर्क बढ़े हैं। दूतावास और वाणिज्य दूतावास अधिक सक्रिय हो गए हैं। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री के साथ-साथ अन्य क्षेत्रीय मंत्रालयों के मंत्रियों ने भारत का दौरा किया है और दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में समझौते किए हैं। ये घटनाक्रम अफगानिस्तान और भारत के बीच सहयोग को और मजबूत करने और विस्तारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नई दिल्ली स्थित दूतावास में अफगानिस्तान के कार्यवाहक राजदूत मुफ्ती नूर अहमद नूर के साथ पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां।

# न्याय पंचायत ककरौआ में हुआ संकुल बैठक का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ के कंपोजिट विद्यालय मड़याने उदयराज में शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया।बैठक का शुभारंभ एआरपीपारितोष चौहान, नोडल संकुल प्रसन्न प्रकाश, संकुल चमन सिंह गौतम,अनिकेत प्रकाश सक्सेना, नूतन सिंह गहरवार, आयोजक विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रेमवती गंगवार एवं विद्यालय स्टाफ राना तलत, अफ़सााना कमर, मुजीब कमाल, प्रेमपाल, शीतल सिंह आदि के द्वारा सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

बैठक में नवाचार के रूप में प्राथमिक विद्यालय हरियाल, दनियापुर, फत्तेपुर, मगरमऊ एवं कंपोजिट विद्यालय शंकरपुर के शिक्षकों द्वारा टी एल एम प्रस्तुत कर शिक्षण को रुचिकर बनाने हेतु नवाचार साझा किए। पारितोष चौहान ने शासन से प्राप्त एजेंडे में सम्मिलित महत्वपूर्ण बिंदुओं छात्रों में पठन कौशल को विकसित करना, कैच अप गतिविधि, वालवाटिका 3 के अंतर्गत गतिविधि एवं 10 कक्षा कक्षीय अभ्यास आदि बिंदुओं पर चर्चा परिचर्चा कर जानकारी साझा की।नोडल संकुल प्रसन्न प्रकाश ने आज की मासिक संकुल मीटिंग में निपुण प्लस ऐप के माध्यम शत प्रतिशत छात्रों का आंकलन, कक्षा शिक्षण में प्रिंट रिच मैटेरियल का उपयोग, शिक्षण संदर्शिका, निपुण तालिका, प्रत्येक छात्र के समग्र प्रगति पत्र तैयार करना, विद्यालय में समाचार पत्र के माध्यम से पठन कौशल को विकसित करना एवम् रोजाना 2 घंटे डिजिटल सामग्री के उपयोग शिक्षण कार्य में करने के लिए प्रेरित किया।

## संक्षेप समाचार

### डीएम ने शाहबाद के बाढ़ आशंकित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



शाहबाद की रामगंगा में बढ़े जलस्तर का मुआयना करते एडीएम और एसडीएम।

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से रामगंगा व कोसी नदी में पानी छोड़े जाने से बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। मंगलवार को एडीएम आनंद कुमार सिंह ने एसडीएम आदेश कुमार ने तहसील क्षेत्र के बैरुवा, कूप और मदारपुर गांव में ग्राउंड जीरो पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जलस्तर का जायजा लिया और स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें सतर्क रहने तथा सुरक्षात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर बचाव और राहत कार्य से जुड़ी तैयारियां तेज कर दी हैं।

### शाहबाद में गिरी आकाशीय बिजली, बड़ा हादसा टला

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला अफगानान निवासी शहरोज़ अज़हर के मकान के सामने सोमवार रात के बीच अचानक आकाशीय बिजली गिर गई। गनीमत यह रही कि इस भयानक हादसे में किसी भी तरह की जान-माल की बड़ी हानि नहीं हुई। हालांकि, बिजली गिरने के तेज झटके और हाई-वोल्टेज के कारण उनका जनरेटर, घर की बिजली की फिटिंग, सीसीटीवी कैमरे, वाईफाई और अन्य कीमती इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह जलकर खराब हो गए। इसके अलावा, आसपास के कुछ अन्य घरों में भी बिजली उपकरणों को हल्का नुकसान पहुंचा है। घटना से इलाके में कुछ देर के लिए दहशत फैल गई।

### कॉलेज गेट के बाहर छात्रों के दो गुट भिड़े, युवक घायल

**मसवासी।** नगर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज के बाहर मंगलवार को छात्रों के दो गुटों में मारपीट हो गई। विवाद में बीच-बचाव करने पहुंचे युवक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया, जिससे उसके सिर और आंख में गंभीर चोटें आईं। घायल को उपचार के लिए स्वार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।चौपुरा निवासी तुषार वाल्मीकि पुत्र कुंवरपाल मंगलवार को कॉलेज से बाहर निकला था। आरोप है कि गेट के बाहर पहले से मौजूद तीन युवकों ने उससे कहासुनी शुरूकर दी। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। तुषार ने घटना की जानकारी अपने भाई सुधांशु उर्फ चिंटू को दी। वह मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव करने लगा।आरोप है कि इसी दौरान तीनों युवकों ने सुधांशु पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में उसके सिर और आंख में गंभीर चोटें आईं। मारपीट होते देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह मामला शांत कराया।पीड़ित पक्ष ने मसवासी नगर और बब्बरपुरी निवासी तीन युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अभी घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

### कन्या इंटर कॉलेज में हुई बालिका जूडो प्रतियोगिता

**रामपुर।** कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं में जनपदीय बालिका जूडो प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसकी संयोजिका प्रधानाचार्य लक्ष्मी यादव रही। जनपदीय बालिका जूडो में विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज पहाड़ी गेट, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज धमौरा ने प्रतिभाग किया । अगल अलग वजन में अलग अलग बाउट कराई गई। खिलाड़ियों का चयन किया गया। अंडर 14 बालिका में चयनित किया गया। जिसमें अनम 40 किग्रा. अर्हमा 30 किग्रा. अवंतिका 35 किग्रा, शीतल 38 किग्रा.,आयुषी 50किग्रा., हंसिका 45 किग्रा। जबकि अंडर 17 बालिका वर्ग में निविता 30 किग्रा., प्रीति 48किग्रा., पायल सिंह 38 केजी,अंडर 19 बालिका वर्ग में चयनित राखी 40 केजी चयनित किया गया। यह सभी छात्राएं मंडल स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। इस अवसर पर सुषमा रानी, अंजली मल्होत्रा, मनोज कुमार, ममता देवी, प्रीति देवी, महावीर सिंह, सुनील कुमार, सबा नाज, प्रातेश श्रीवास्तव, हीरा कली, मनोज कुमार, प्रीती देवी गंगवार, ममता देवी, निर्णायक की भूमिका में मार्शल आर्ट खिलाड़ी राजीव कुमार मौजूद रहे।

### 31 तक लगेंगे छूटे हुए बच्चों के मीजल्स, रूबेला टीके

**रामपुर।** मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने दयावती मोदी अकादमी वाटिका में मीजल्स- रूबेला टीकाकरण सत्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके अंतर्गत कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के सभी छूटे हुए बच्चों को टीका कराया जाएगा। जनपद में यह अभियान 18 से 31 अगस्त तक संचालित रहेगा।इसको लेकर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. के के चहल ने बताया कि बुधवार, शनिवार के अलावा सभी स्कूलों में छूटे हुए सभी बच्चों को एमआर के टीके से आच्छादित किया जाएगा। बताया कि खसरा एवं रूबेला से बचाव के लिए अभियान के तहत सभी स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के सभी बच्चों के टीके लगाए जाएंगे।

### तीन माह से खराब है 100 केवीए का ट्रांसफार्मर

**रामपुर।** बिजली विभाग के अधिकारियों की लेटलतीफी के कारण शहर के मोहल्ला पीर की पैंठ में रखा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर तीन माह से खराब है। ऐसे में उपभोक्ता काफी परेशान है। ट्रांसफार्मर को बदलवाने को लेकर मोहल्लेवासियों ने अधिशासी अभियंता को पत्र दिया है। समाजसेवी सलीम अंसारी ने कहा कि तीन माह से ट्रांसफार्मर है। इसकी शिकायत अवर अभियंता पहाड़ी गेट से की। तो उन्होंने मोहल्ले की विद्युत आपूर्ति को दूसरे ट्रांसफार्मर में कनेक्ट कर दिया है। इस कारण आए दिन फ्यूज और एमसीवी ट्रिप की समस्या उत्पन्न हो रही है। कभी रात तो कभी दिन में ट्रिप की समस्या हो रही हैं। ट्रिप की समस्या होने पर भीषण गर्मी में मोहल्लेवासियों का जीना मुहाल हो गया है। ऐसे में घरों में छोटे बच्चे, बड़े, बुजुर्ग और महिलाएं परेशान है। लेकिन ऐसे में विभाग की ओर से कोई सुध नहीं ली जा रही हैं।

# आफत की बारिश: शाहबाद क्षेत्र में गिरी कई कच्ची छतें और दीवारें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** सोमवार देर रात क्षेत्र में हुई बारिश आफत बनकर बरसी, जिसमें क्षेत्र के कई लोगों के कच्चे मकानों की छतें और दीवारें गिर गई। हादसों में तीन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। राहत की बात यह रही कि किसी भी घटना में कोई जनहानि या पशुहानि नहीं हुई। पहली मामला शाहबाद के अनवा में हुआ, जहाँ वीरेंद्र पुत्र चंद्रपाल सिंह का एक गैर-आवासीय (खाली) मकान बारिश के चलते ढह गया। गनीमत रही कि उस समय वहाँ कोई मौजूद नहीं था। उधर क्षेत्र के चकरपुर कदीम में रात के समय हुई तेज बारिश के कारण श्रीमती वर्षा पत्नी भजनलाल कश्यप के कच्चे आवासीय मकान की छत अचानक



भारी बारिश के चलते शाहबाद क्षेत्र में गिरी मकान की छत। -जागरण मोर्चा

गिर गई। इस हादसे में भी परिवार के लोग और पालतू पशु बाल-बाल बच गए। दूसरी ओर, ग्राम मंसूरपुर में शाहरुख पुत्र रफीक मियां का कच्चा आवासीय मकान बारिश की वजह से आंशिक रूप से (आधा) टूट गया। इस हादसे में घर के अंदर रखा सारा घरेलू सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। दीवार गिरने से शाहरुख की दो बहनें चोटिल हो गईं। परिजनों ने तुरंत दोनों को डॉक्टर के पास पहुँचाया, जहाँ उपचार के बाद अब वे ठीक हैं और घर पर हैं। इसके अलावा, ग्राम रायपुर का मझरा में कुंवरपाल पुत्र हरिराम के मकान का एक कमरा पूरी तरह से ढह गया। इस हादसे में कुंवरपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका उपचार चल रहा है। बरखेड़ा गांव में भी एक मकान की कच्ची छत गिर गई। प्रशासन को घटनाओं की सूचना दे दी गई है। राजस्व कर्मचारियों ने जाकर मौका मुआयना किया।

# निर्विरोध चुने गए फैसल अध्यक्ष, रघुवीर शरण मंत्री

- जिला मलेरिया अधिकारी कार्यालय में हुआ चुनाव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अर्बन मलेरिया फाइलेरिया कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक चुनाव जिला मलेरिया अधिकारी के प्रांगण में चुनाव अधिकारी नरेंद्र पाल सिंह, उपचुनाव अधिकारी परवेज अहमद खान की देखरेख में हुआ। जिसमें फैसल खान जिला अध्यक्ष, राजवीर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रघुवीर शरण जिला मंत्री, राहुल कटारिया संप्रेक्षक चुना गया। जबकि दिलशाद अली पाशा को संघ का संरक्षक घोषित किया गया। चुनाव प्रक्रिया में 32 सदस्यों में से लगभग 22 सदस्यों ने भागीदारी




की। इस मौके पर मनोनित पदाधिकारियों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। चुनाव में चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा स्वास्थ्य के जिला मंत्री हरिओम सिंह, अमर आदिवासी, उमेश, अनवर, अब्दुल बासित खान, महिपाल सिंह, इशरत अली खान, विजयपाल सिंह, अरुण कुमार, हरदयाल, दिलशाद अली मौजूद रहे। अंत में कार्यकारी द्वारा दिलशाद अली पाशा को संघ का संरक्षक घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी एनपी सिंह ने चारों पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर चुनाव संपन्न की घोषणा की गई।

**राहत** — पीआरडी जवानों के दैनिक भत्ते में रूपये 100 की बढ़ोत्तरी, अब मिलेगा रुपये 600

# पीआरडी जवानों के दैनिक भत्ते में बढ़ोतरी, बैरक निर्माण एवं कैशलेस योजना का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पीआरडी जवानों के दैनिक भत्ते में बढ़ोतरी की घोषणा के साथ ही लखनऊ में पीआरडी बैरक निर्माण एवं मुख्यमंत्री पीआरडी कैशलेस योजना का शुभारंभ किया गया। दैनिक भत्ता रुपये 500 से बढ़ाकर रुपये 600 प्रतिदिन किए जाने की घोषणा से पीआरडी जवानों में उत्साह का माहौल रहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में कार्यक्रम का सजीव



प्रसारण कराया गया।कार्यक्रम में जनपद के करीब 150 पीआरडी जवानों ने प्रतिभाग किया।वर्तमान में जनपद रामपुर में सभी 301 सक्रिय पीआरडी जवानों को नियमित रूप से ड्यूटी प्रदान की जा रही है। पीआरडी जवानों द्वारा थाना ड्यूटी, फायर सर्विस ड्यूटी सहित विभिन्न गैर-विभागीय आवश्यक सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।सजीव प्रसारण के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा पीआरडी जवानों के हित में की गई घोषणाओं का जवानों ने स्वागत किया। मानदेय में वृद्धि, पीआरडी बैरक निर्माण एवं मुख्यमंत्री कैशलेस योजना को जवानों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।कार्यक्रम में जिला पीआरडी कमांडेंट विशाल कुमार, बीओ पीआरडी बृजेश कुमार विश्नोई, नन्दन सिंह, वरुण राठी, वरिष्ठ सहायक अजमल जमाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जौलपुर में हुआ शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकास खंड चमरौआ के प्राथमिक विद्यालय बीसरी में शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पण करते हुए किया गया। इसके पश्चात पूर्व निर्धारित एजेंडा अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की गई।बैठक में चर्चा की गई कि शिक्षक अनुभव एवं पुनरावलोकन के अंतर्गत 10 कक्षा कक्षीय अभ्यास के अनुभव साझा करना। कैच अप रणनीतियों के कक्षा- कक्ष में प्रयोग किए जाने के पश्चात छात्रों में परिलक्षित प्रभावों का प्रदर्शन किया जाना। निपुण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बनाई गई कार्य योजना को साझा करना। पठन अभियान की प्रगति की समीक्षा।बाल वाटिका-3 का प्रभावी संचालन किया जाने को लेकर विभागीय आदेशों एवं माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम का सफल संचालन करना। समग्र प्रगति पत्र भरने हेतु ध्यान देना।उच्च प्राथमिक विद्यालय में आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लास का प्रभावी उपयोग, अनुभव, नवाचार और समाधान। प्रथम सत्र परीक्षा के सफल आयोजन हेतु प्रभावी रणनीति बनाना।स्थानीय मान सिखाए जाने के लिए आवश्यक शिक्षण अधिगम सामग्री के उचित क्रम का प्रदर्शन करना। डिकोडिंग के विभिन्न चरण, इंस्पायर अवार्ड, राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा आवेदन,10 बैगलेस डे का आयोजन, विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा फार्म भरवाने, कायाकल्प के अंतर्गत कार्यों की जानकारी, यू डाइस पोर्टल पर विभिन्न प्रोफाइल पूर्ण करने, प्रेरणा पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न डीसीएफ भरने, इको क्लब की गतिविधियां आयोजित करने पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई।

# बदले मौसम में सर्दी-जुकाम के साथ बुखार से तप रहा शरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मौसम में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है।सर्दी-जुकाम, गले में खराश, सिरदर्द और शरीर में दर्द के साथ बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सीएचसी में रोजाना करीब 25 फीसदी ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं। सीएचसी की ओपीडी में मंगलवार को अन्य दिनों की अपेक्षा काफी भीड़ रही। पंजीकरण काउंटर से लेकर चिकित्सकों के कक्ष तक मरीज दिखे। सीएचसी प्रभारी चिकित्सक हरवेंद्र सिंह, ने बताया कि प्रतिदिन एक हजार या इससे अधिक की ओपीडी हो रही है। बाल रोग, फिजिशियन और ईएनटी की ओपीडी में सर्दी, खांसी, गले में खराश, बुखार, सिरदर्द और शरीर में दर्द की शिकायत लेकर मरीज पहुंच रहे हैं। कई मरीजों में पहले हल्की सर्दी-जुकाम होती है और इसके बाद बुखार चढ़ जाता है। मरीज की स्थिति और लक्षणों के आधार पर उपचार किया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर रक्त की जांच भी कराई जा रही है।



चंदौसी सीएचसी में दवाई लेने को लेकर लगीं मरीजों की लाइन। -जागरण मोर्चा

वर्तमान में वायरल संक्रमण का दौर चल रहा है। बारिश के बाद वातावरण में नमी बढ़ने और दिन-रात के तापमान में उतार-चढ़ाव से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।उन्होंने बताया कि ओपीडी में आने वाले कई मरीज पांच से सात दिन से सर्दी-जुकाम और बुखार से परेशान होने की बात बता रहे हैं। बुखार के साथ कमजोरी, सिरदर्द और शरीर में दर्द की शिकायत भी सामने आ रही है। बच्चों और बुजुर्गों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है।

बरतें ये सावधानियां बारिश में भीगने से बचें और गीले कपड़े तुरंत बदलें। जिसे सर्दी-जुकाम या बुखार हो, तो उसके संपर्क में आने से बचें। खांसते और छींकते समय मुंह व नाक को रुमाल या टिश्यू से ढकें। हाथों को साबुन से नियमित रूप से धोते रहें। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और पौष्टिक भोजन लें। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वालों का ख्याल रखें। लगातार तेज बुखार या सांस लेने में परेशानी हो तो तुरंत चिकित्सक से परामर्श लें।



गृहमंत्री अमित शाह से वार्ता के दौरान इफको के उपाध्यक्ष बलवीर सिंह।

# अमित शाह से मिले बलवीर सिंह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से सोमवार को नई दिल्ली में इफको के वाइस चेयरमैन बलवीर सिंह ने मुलाकात की। इस दौरान सहकारिता क्षेत्र के विकास, किसानों के कल्याण और 'सहकार से समृद्धि' अभियान को आगे बढ़ाने समेत कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। मुलाकात में फर्टिलाइजर्स के बेहतर विपणन और प्रबंधन से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा विभिन्न राजनीतिक विषयों पर भी गृह मंत्री अमित शाह से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। बलवीर सिंह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने और किसानों के हितों को प्राथमिकता देने की दिशा में केंद्रीय नेतृत्व का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण है। सहकारिता के माध्यम से किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के प्रयासों को और गति देने की जरूरत है।

## संक्षेप समाचार

### यादव महासभा ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह यादव को दी श्रद्धांजलि

**तिलहर, शाहजहांपुर।** तिलहर में यादव महासभा की ओर से राजेंद्र सिंह यादव के आवास पर शोकसभा आयोजित की गई। इसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्वर्गीय वीरेंद्र सिंह यादव के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोकसभा में यादव समाज के लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य और सहनशक्ति प्रदान करने की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि वीरेंद्र सिंह यादव का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से क्षेत्र ने एक मिलनसार और सामाजिक व्यक्तित्व खो दिया है। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, बलराम सिंह, सुरेश सिंह, जयेंद्र सिंह, मृत्युंजय कुमार, प्रमोद कुमार, विजयपाल, करण सिंह, राजीव, बबलू और वीरेंद्र सिंह सहित यादव समाज के लोग मौजूद रहे।



चंदौसी मे हरियाली तीज महोत्सव के कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारी।

### प्रेरणा को चुना गया तीज क्वीन

**चंदौसी।** जायंट्स ग्रुप माहिला नवशक्ति एंव समर्पण वेल्फेयर सोसायटी द्वारा हरियाली तीज महोत्सव। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पदमा भार्गव उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओ मे एकता और संस्कारो को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम मे हाउजी म्युजिकल खेलो का अयोजन और काजल अरोङा मधुर गीत प्रस्तुत किया तथा सुधा शर्मा के सुंदर नृत्य ने समा बांध दिया। प्रेरणा विश्नोई को तीज क्वीन चुना गया जिन्हें ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। महिलाओ ने झूला झूलते हुए तीज के लोक गीत गाए सामूहिक नृत्य कर शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन अभिलाषा प्रजपति ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभ्रा शर्मा ने की। इस अवसर पर रशिम वर्मा, सपना गुप्ता, मीनू अग्रवाल, शालिनी वैश्य, सरोज शर्मा, काजल अरोङा, माधुरी शर्मा, प्रिया मखीजा, रानी शर्मा, रचना गुप्ता, बाबिता अग्रवाल, नीलम कश्यप, रीना सिंह, खुशबू शर्मा, खुशी वर्मा, बबली वर्मा सहित दोनों ग्रुप की सदस्याएं उपस्थित रही।




चंदौसी में सुंदरकांड का पाठ करतें श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

### सुंदरकांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चंदौसी।** स्वामी भूमानद सेवा ट्रस्ट द्वारा मंगलवार को नर्मदेश्वर धाम स्थित जीनियस गर्ल्स स्कूल परिसर में संगीतमय सुन्दरकाण्ड के पाठ का आयोजन किया गया जिममे सर्वप्रथम डा वाईपी जोशी द्वारा विधिविधान से सभी देवी देवताओं का पूजन संपन्न कराया गया तदोपरांत केजी शर्मा व अजय सक्सैना ने गणेश बन्दना, सरस्वती वन्दना, हनुमान चालीसा व बजरंगबाण का मनोहारी वश्चन किया। तत्पश्चात अनिल शर्मा व रमेश ग्रेवाल ने सुन्दरकाण्ड की चौपाईयों ' का लयबद्ध वाचन किया सुन्दरकाण्ड के उपरान्त मनमोहक भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को भाक्तमय बनाया। भजनों ' की श्रखला में केजी शर्मा ने मैने सुन्दरकाण्ड कराया है मेरा हनुमान घर आया हैं। अजय सक्सेना ने हे दुखभंजन मारुतिनंदन सुन लो, मेरी पुकार, पवनसुत विनती बारम्बार सुनाकर सभी प्रद्धालुओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। प्रसाद का वितरण किया। पवन कुमार गुप्ता, शोभा गुप्ता, संजय वाष्र्णेय, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, आली दत्त दुखे, कल्पना वार्ष्णेय, सुदर्शन, नरेश कुमार वार्ष्णेय, गुलशन अरोरा, राकेश गुप्ता, सुरेश चन्द्र शर्मा, संजीव शर्मा, मनोज शर्मा, अशोक पाठक, टीसी शर्मा, योगेन्द्र कुमार शर्मा, मयंक पवन आदि भक्तजन उपस्थित रहे।

### बारिश से कच्चे मकान की छत गिरी

**चंदौसी।** तहसील के बनियाखेड़ा गांव में भारी बारिश के कारण सोमवार की रात एक कच्चे मकान की छत गिर गई। गनीमत रही कोई की कोई जनहानि नहीं है। हालांकि एक भैंस मलबे में दब गई। जिसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गांव निवासी दयाराम पुत्र लालसा का मकान बांस और बल्लियों के सहारे बना हुआ था। दयाराम की पत्नी वीरो ने बताया कि उनके पति आमतौर पर इसी मकान में सोते थे। हालांकि, अत्यधिक बारिश की वजह से वे पिछले कुछ दिनों से अपने बेटे के घर रह रहे थे। मकान में बंधी उनकी भैंस भी इस हादसे में पूरी तरह सुरक्षित बच गई। पीड़ित परिवार ने बताया कि 'प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान के लिए अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। उनका कहना है कि अगर समय पर पक्का मकान मिल जाता, तो यह नुकसान होने से बच सकता था। मामले को लेकर लेखपाल ज्ञान सिंह ने कहा कि वे खुद मौके पर जाकर कच्चे मकान की जांच करेंगे।

# कनौजिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल के जिलाध्यक्ष मनोनीत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जनपद के सक्रिय पत्रकार बिशनू कनौजिया को जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल का शाहजहांपुर जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज द्वारा किया गया। उनके मनोनयन की खबर मिलते ही स्थानीय पत्रकारों, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में संगठन जनपद में और अधिक मजबूत होगा।बिशनू कनौजिया लंबे समय से पत्रकारिता में सक्रिय हैं। वे ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं, जनहित के मुद्दों और प्रशासनिक गतिविधियों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।बिशनू कनौजिया ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। वर्तमान समय में पत्रकारों के सामने कई चुनौतियां हैं, जिन्हें आपसी एकजुटता और समन्वय से ही हल किया जा सकता है। संगठन का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों के हितों की रक्षा करना, उनकी समस्याओं के लिए मजबूती से आवाज उठाना और निष्पक्ष पत्रकारिता को बढ़ावा देना है। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही शाहजहांपुर जनपद में जिला से लेकर तहसील स्तर तक संगठन की मजबूत कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।



विशुन दयाल कनौजिया।

# मध्य गंगा नहर परियोजना: चन्दौसी शाखा का सफल परीक्षण

**60 किलोमीटर लंबी चन्दौसी शाखा के टेल भाग से प्रहलादपुर राजवाह में पहुंचा पानी, किसानों में खुशी**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** मध्य गंगा नहर परियोजना द्वितीय चरण के अंतर्गत चन्दौसी शाखा नहर का सोमवार को प्रथम परीक्षण संचालन सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया है। इस से क्षेत्रीय किसानों में खुशी का माहौल है।

अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग, राजीव कुमार ने बताया कि चन्दौसी शाखा मुख्य नहर के टेल भाग में बाएं किनारे से निकलती है तथा इसकी कुल लंबाई 60 किलोमीटर है। यह शाखा जनपद अमरोहा से होकर जनपद सम्भल में प्रवेश करती है तथा इसका टेल जनपद मुरादाबाद की तहसील बिलारी के ग्राम नमैनी उदइया में स्थित है। उन्होंने बताया कि परीक्षण संचालन के दौरान चन्दौसी शाखा में पानी का प्रवाह निर्धारित रूप से आगे बढ़ते हुए इसके टेल भाग तक पहुंचा। वर्तमान में चन्दौसी शाखा के टेल भाग से निकलने वाली प्रहलादपुर राजवाह में भी पानी पहुंच चुका है। इससे क्षेत्र में सिंचाई सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। अधिशासी अभियंता ने बताया कि चन्दौसी शाखा के प्रथम परीक्षण संचालन के सफलतापूर्वक पूर्ण होने से नहर प्रणाली की कार्य क्षमता एवं जल प्रवाह की स्थिति का परीक्षण भी सफलता पूर्वक हो गया है। इससे संबंधित क्षेत्र के कृषकों को सिंचाई के लिए जल उपलब्धता में सुविधा होगी। चन्दौसी शाखा नहर के सफल परीक्षण संचालन से क्षेत्र के कृषकों में खुशी एवं उत्साह का माहौल है। किसानों ने नहर में पानी पहुंचने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे सिंचाई सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नहर संचालन के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




चंदौसी के गांव प्रहलादपुर मे मध्य गंगा नहर परियोजना में छोड़ा गया पानी। -जागरण मोर्चा

## परशुरामपुरी रोड पर 5 वाहन भिड़े, कई घायल

**शाहजहांपुर।** कांट रोड पर ग्राम वलीपुर जराबन के पास मंगलवार सुबह करीब 10 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें पांच वाहन आपस में टकरा गए।

जानकारी के अनुसार, एक एंबुलेंस ने स्विफ्ट डिजायर कार को टक्कर मार दी, जिसके बाद कार बाइक से जा भिड़ी। इसी दौरान एक टेंपो और ईको गाड़ी भी इसकी चपेट में आ गए।इस जबरदस्त भिड़ंत में कई महिलाओं समेत अन्य सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# पीआरडी जवानों को 500 रुपए के स्थान पर मिलेंगे अब 600 रुपए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने कानून-व्यवस्था और जनसेवा में मुस्तैदी से जुटे प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) के जवानों के हित में बड़ा फैसला लिया है। मंगलवार को महायोगी गुरु गोरखनाथ की पावन धरती पर गोरखपुर में आयोजित राज्यस्तरीय पीआरडी जवान सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जवानों को मुख्यमंत्री कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना की सौगात देने के साथ ही दैनिक ड्यूटी भत्ते को 500 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये प्रतिदिन करने का ऐलान किया।

इसके अलावा जवानों के उच्चस्तरीय प्रशिक्षण के लिए लखनऊ के सरोजिनी नगर में आधुनिक मल्टी-स्टोरी बैरक निर्माण का शिलान्यास भी किया गया। गोरखपुर में आयोजित मुख्यमंत्री के भव्य कार्यक्रम का सीधा वर्चुअल प्रसारण संभल कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। इस दौरान मौजूद अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने सरकार के ऐतिहासिक फैसलों की सराहना की। इससे अकेले संभल जिले के 141 पीआरडी जवानों को सीधा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने ट्रैफिक प्रबंधन, सुरक्षा और महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों में पीआरडी जवानों के अनुशासन और सेवा की मुक्तकंठ से सराहना की।जवानों को सामाजिक व चिकित्सकीय सुरक्षा देने के लिए उन्हें मुख्यमंत्री कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ने का निर्णय लिया गया है। अब जवानों और उनके आश्रितों को इलाज के लिए आर्थिक तंगी से नहीं जूझना पड़ेगा। साथ ही, दैनिक ड्यूटी भत्ते को 500 रुपये से बढ़ाकर 600 रुपये करने की घोषणा की गई। इसके अलावा, लखनऊ के सरोजिनी नगर में अत्याधुनिक मल्टी-स्टोरी बैरक का शिलान्यास किया गया, जहाँ पीआरडी जवानों को आधुनिक ट्रेनिंग, बेहतर खान-पान और आवासीय सुविधाएं मिलेंगी। जिला युवा कल्याण अधिकारी हरि प्रेम ने बताया कि संभल जिले में वर्तमान में 141 पीआरडी जवान विभिन्न स्थानों पर मुस्तैदी से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जवानों को निर्धारित मासिक वेतन के बजाय मस्टर रोल पर आधारित 8 घंटे की दैनिक ड्यूटी के हिसाब से भुगतान किया जाता है। थानों, यातायात एवं अन्य संस्थानों में एसएचओ और संबंधित प्रभारियों द्वारा सत्यापित उपस्थिति के आधार पर वर्तमान में 500 रुपए प्रतिदिन की दर से भुगतान हो रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के बाद शासन स्तर से आदेश (शासनादेश) जारी होते ही जिले के सभी 141 जवानों को 600 रुपए प्रतिदिन की दर से संशोधित भत्ते का लाभ मिलने लगेगा। बहजोई स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) गोरखनाथ भट्ट ने की। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार उर्फ राजू यादव तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़गवंशी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बहजोई इंटर कॉलेज के प्रवक्ता राजीव वार्ष्णेय ने किया। सभागार में प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी नितिन लाठर, बीओ पीआरडी चित्रवीर सिंह, विनीत सिंह, जगजीत सिंह, संजू रानी एवं कनिष्ठ सहायक विभा सहित विभिन्न ब्लॉकों से पहुंचे 95 पीआरडी जवान उपस्थित रहे। घोषणाओं के बाद जवानों ने एक-दूसरे को बधाई दी।




पीआरडी के जवानों को सम्मानित करते सीडीओ व पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू।

**समीक्षा** भू माफियाओं पर कार्रवाई करने के लिए निर्देश

# एडीएम ने कई सरकारी विभागों की ली समीक्षा बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर राजस्व के फ्लैगशिप प्रोजेक्ट्स की समीक्षा के साथ-साथ कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों, चकबंदी विभाग तथा प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास के अंतर्गत एमओयू मॉनिटरिंग की समीक्षा की गई।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने उपायुक्त उद्योग को एमओयू से संबंधित गैप को पूरा करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्त राजस्व की समीक्षा की गई। कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना की भी समीक्षा की गई। पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि दो दिवस के उपरांत समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों के साथ बैठक कर योजना के अंतर्गत प्रथम ऋण से संबंधित प्रगति की समीक्षा की जाए। परिवहन विभाग के ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करने, राजस्व विभाग के अंतर्गत नाम संशोधन, धारा-34, पैमाइश, स्वामित्व, स्टाम्प रजिस्ट्रेशन, आईजीआरएस / जनसुनवाई, सरकारी कर राजस्व एवं सरकारी गैर-कर राजस्व की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कर-करेत्तर राजस्व की समीक्षा के दौरान संग्रह व्यय तथा शीर्ष 10 बड़े बकायेदारों की स्थिति पर चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने निर्देश दिए कि आरसी वसूली की प्रगति की समीक्षा के लिए अलग से बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने कृषि एवं आवासीय पट्टों तथा मत्स्य पालन पट्टों की भी समीक्षा की और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग के 19 कर्मचारियों के विरुद्ध चल रही विभागीय कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जांच एवं पुराने प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित न रहें तथा उनका नियमानुसार शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। अंश निर्धारण की समीक्षा करते हुए उन्होंने ऐसे लेखपालों को चिन्हित करने के निर्देश दिए, जिनके स्तर पर सर्वाधिक कमियां पाई जा रही हैं। साथ ही सर्वाधिक शिकायतों वाले दो गांवों का पूरा डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। अपर जिलाधिकारी ने भू-माफिया के चिन्हीकरण एवं उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने स्तर पर एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स की बैठक नियमित रूप से आयोजित करें तथा उसकी कार्यवाही एवं कार्यवृत्त जिला स्तरीय बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। विभिन्न आयोगों में विभागों से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि आयोगों को भेजे जाने वाले जवाब समय से एवं पूर्ण तथ्यों के साथ भेजे जाएं। जवाब भेजते समय किसी प्रकार की त्रुटि न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन विभागों से संबंधित प्रकरण उच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं अथवा जिनमें स्टे प्राप्त है, उनका विवरण अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराया जाए। कर-करेत्तर राजस्व की समीक्षा के दौरान व्यापार कर एवं खनन विभाग की वसूली निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कम पाए जाने पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

## घायल से मिले डीएम-एसपी

**शाहजहांपुर।** मुड़िया कुर्मियात गांव में सोमवार को लगातार बारिश के कारण एक पक्का मकान गिर गया। मलबे में दबकर राजन कोरी (26) और दो वर्षीय आरव की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि आरव की मां काजल गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।सूचना मिलते ही एसडीएम सदानंद सरोज और सीओ प्रवीण मलिक ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर राहत कार्य कराया। जिला प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और एसपी सौरभ दीक्षित ने अस्पताल पहुंचकर घायल काजल का हाल जाना और डॉक्टरों को प्राथमिकता पर समुचित इलाज के निर्देश दिए।

# 60 बोरी डीएपी बिना बिल भेजने पर संघ प्रभारी और चालक पर मुकदमा

**किसानों के अंगूठे लगवाकर खाद हड़पने और कालाबाजारी का आरोप, डीएम के निर्देश पर हुई कार्रवाई**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** खाद की कालाबाजारी के मामले में ढकिया रघा सहकारी संघ के प्रभारी रोहित कुमार सिंह और पिकअप चालक अंकुर सिंह के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर तीन दिन चली जांच के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। जांच में सामने आया कि ८ से १ अगस्त के बीच पीओएस मशीन पर किसानों के अंगूठे लगवाकर बिक्री खारिज की गई और किसानों को खाद दिए बिना करीब ६० बोरी डीएपी एकत्र कर ली गई।१४ अगस्त की शाम पुलिस ने बिना बिल के ६० बोरी डीएपी ले जा रही एक पिकअप को पकड़ा। रास्ते में चेकिंग से बचने के लिए वाहन पर तिरंगे झंडे लगाए गए थे। कृषि विभाग की टीम ने जांच में कालाबाजारी और ओवररेटिंग की पुष्टि की। संबंधित संघ में पहले भी ऐसी अनियमितताओं की शिकायतें आ चुकी हैं।इस मामले में एक नया मोड़ तब आया जब वाहन पकड़े जाने के बाद पुवायां थाने में तैनात सिपाही डीपी यादव पर खाद छुड़ाने के लिए डीलिंग करने और अभद्रता का आरोप लगा। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस अब पूरे मामले की गहन विवेचना कर रही है।

## गीता सार



**सङ्कल्पप्रभवान्कामांस्त्यक्त्वा सर्वानशेषतः।**
**मनसैवेन्द्रियग्रामं विनियम्य समन्ततः॥**

**भावार्थ :** मनुष्य को चाहिए मन से उत्पन्न होने वाली सभी सांसारिक इच्छाओं को पूर्ण-रूप से त्याग कर और मन द्वारा इंद्रियों के समूह को सभी ओर से वश में करे।।

# 'वंदे मातरम्' पर बखेड़ा

केरल विधानसभा और राज्य में हुए आधिकारिक स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' नहीं गाने पर राजनीतिक और कानूनी विवाद खड़ा हो गया है। केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर जारी किए गए नए दिशा-निर्देशों के बाद यह घटना हुई है। केरल विधानसभा के ताजा सेशन सत्र के दौरान राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के पूरे 6 अंतरे गाने की जगह केवल शुरुआती दो अंतरे ही गाए या बजाए गए। कुछ आधिकारिक स्वतंत्रता दिवस और राज्य कार्यक्रमों में केवल राष्ट्रगान ('जन-गण-मन') को ही प्राथमिकता दी गई। इससे विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस की नेतृत्व वाली यूडीएफ सरकार लोगों के निशाने पर आ गई है। केरल सरकार के मंत्रियों का तर्क है कि राज्य में दशकों से केवल पहले दो अंतरों को ही राष्ट्रीय गीत के रूप में गाने की परंपरा रही है। किसी भी प्रकार के राजनीतिक या धार्मिक



विवाद से बचने के लिए इसे सीमित रखा गया। भारतीय जनता पार्टी तथा राज्य के राजभवन ने इस कदम पर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद राज्य सरकार राष्ट्रीय प्रतीकों और राष्ट्रीय गीत के सम्मान में जानबूझकर अनदेखी कर रही है। इसके अलावा सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी पर भी राष्ट्रगीत का अपमान करने का आरोप है। ओडिशा बीजेपी युवा मोर्चा के अध्यक्ष अभिलाष पांडा ने रविवार को तीनों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। कांग्रेस का कहना है कि कोई अपमान नहीं किया है। सोनिया गांधी तो मल्लिकार्जुन के लिए सिर्फ कुर्सी मंगवाने का इशारा कर रही थीं। वह काफी देर से खड़े थे। अब सवाल उठता है कि क्या इस पर कोई कानूनी कार्रवाई होगी? जैसा की नए कानून में प्रावधान है। उसके मुताबिक तीन साल की सजा होगी? किसे अपराधी माना जाएगा। यदि किसी सरकारी संस्था, विधानसभा या आधिकारिक कार्यक्रम में केंद्र द्वारा जारी इन दिशानिर्देशों का उल्लंघन होता है या राष्ट्रीय गीत के प्रति अनादर पाया जाता है तो कानूनी प्रक्रिया के तहत ये पक्ष और व्यक्ति कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं। सरकारी कार्यक्रमों, विधानसभा सत्रों या राजकीय आयोजनों के प्रोटोकॉल प्रबंधन की सीधी जिम्मेदारी मुख्य सचिव, संबंधित विभागों के सचिवों और विधानसभा सचिव की होती है। अगर गृह मंत्रालय के आधिकारिक सर्कुलर के बावजूद प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है तो जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ अखिल भारतीय सेवाएं (अनुशासन एवं अपील) नियमावली के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई, कारण बताओ नोटिस और सेवा निलंबन जैसी कार्रवाई हो सकती है। अगर कोई व्यक्ति या संस्था जानबूझकर राष्ट्रीय गीत के गायन में व्यवधान डालती है, इसे बजाने से रोकती है या इसका अपमान करती है, तो उस पर तीन वर्ष तक की कैद, जुर्माना या दोनों का प्रावधान लागू हो सकता है।

## 'लिव-इन' में रह रही महिलाओं को मुश्किल

# 'शादी का इरादा' साबित करना..!



**डॉ. अनिता राठौर**

डॉ. लोकेश बीएच बनाम कर्नाटक राज्य में 3 अगस्त 2026 को सुप्रीम कोर्ट की दो न्यायाधीश वाली खंडपीठ ने फैसला सुनाया कि 'वैवाहिक क्रूरता' से सुरक्षा के प्रावधान का विस्तार उन महिलाओं के लिए भी होगा जो 'शादी जैसे रिश्ते में हैं'। लेकिन अदालत ने साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि यह आदेश केवल उन लिव-इन जोड़ों पर लागू होगा, जिनका इरादा शादी करने का है। तो, इसमें नया क्या है? दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने सेक्शन 498ए का विस्तार लिव-इन संबंधों के लिए भी किया है। लेकिन महिला को साबित करना होगा कि शादी का इरादा था। यह करना आसान न होगा।

बहरहाल, पहले यह जान लेते हैं कि वैवाहिक क्रूरता क्या है? इस 2016 के केस के केंद्र में आईपीसी की धारा 498ए की व्याख्या थी (जो अब बीएनएस, 2023 की धारा 85 है), जिसके तहत पति या उसके परिवार के सदस्यों द्वारा उसकी पत्नी के साथ क्रूरता करना दंडनीय अपराध है। कानून दो प्रकार की वैवाहिक क्रूरता को मान्यता प्रदान करता है। एक- शारीरिक, मानसिक या मानसिक यातना अथवा दहेज हासिल करने के लिए दबाव। दो- कोई भी ऐसा व्यवहार, जिससे पत्नी को गंभीर चोट पहुंचे या वह आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो जाए। अदालत के समक्ष जो मामला था, उसमें आरोपी ने अपनी पहली शादी को छुपाकर दूसरी शादी कर ली थी। इसके बाद वह और उसकी दूसरी पत्नी घरेलू व सामाजिक जिम्मेदारियां साथ निभाने लगे। जब इस महिला ने छह वर्ष बाद क्रूरता की शिकायत दर्ज कराई तो आरोपी की प्रतिक्रिया यह थी कि उक्त कानून उस पर लागू नहीं होगा; क्योंकि उनका 'वैध विवाह' नहीं था। हिंदू कानून में बहुपत्नी विवाह को मान्यता प्राप्त नहीं है। लेकिन कर्नाटक हाईकोर्ट ने माना कि सेक्शन 498ए को लागू करने के लिए 'वैध विवाह' आवश्यक शर्त नहीं है; इसके तहत शून्य व शून्यकरणीय विवाह (मसलन, बहुपत्नी, अपने रक्त संबंधों में विवाह, डर या दबाव में की गई शादी) और शादी जैसे रिश्ते भी कवर होंगे। कर्नाटक हाईकोर्ट की इस विस्तृत व्याख्या से आरोपी व केंद्र सरकार सहमत नहीं थे। उनका तर्क था कि 'पति' केवल उसे माना जा सकता है, जो वैध रूप से विवाहित पुरुष हो, उसके अतिरिक्त कोई 'पति' नहीं हो सकता। दूसरी ओर कर्नाटक सरकार व संबंधित महिला का तर्क था कि पुरुष को अपनी ही गलतियों का लाभ उठाने नहीं दिया जा सकता कि वह पहले धोखे से अवैध विवाह करे और फिर उस महिला पर जुल्म करे। जिन कानूनों का मकसद सामाजिक सुधार है, उनकी व्याख्या उद्देश्यपूर्ण होनी चाहिए यानी संदर्भ के प्रति संवेदनशील और कानून के असल मकसद के अनुरूप। सुप्रीम कोर्ट बाद वाले तर्क से सहमत हुआ। अदालत ने कहा कि सेक्शन 498ए का उद्देश्य पति या उसके परिवार



इमेज

के सदस्यों द्वारा घर की महिला के विरुद्ध 'निंदनीय व्यवहार' को रोकना है और स्वभाविक रूप से यह बात 'शादी जैसे रिश्तों' पर भी लागू होती है। गौरतलब है कि 'शादी जैसे रिश्ते' वाक्यांश सबसे पहले 2005 के कानून में किया गया था, जिसका उद्देश्य महिलाओं को घरेलू हिंसा से सुरक्षित रखना है। इस कानून में उन जोड़ों को भी कवर किया गया है, जो विवाह की वैध आयु तक पहुंच गए हों, लंबे समय से संबंध में हों और समाज में पति व पत्नी के रूप में पेश आते हों। साल 2005 के घरेलू हिंसा कानून ऐसे संबंधों वाली महिलों को नागरिक राहत (सुरक्षा आदेश, गुजाराभत्ता आदि) प्रदान करता है, लेकिन दंडात्मक राहत नहीं। सुप्रीम कोर्ट की जो नई रूलिंग है, उसके तहत दोष सिद्ध होने पर अब आरोपी को सजा भी हो सकती है। इसका अर्थ हुआ कि लिव-इन संबंधों में अब नागरिक राहत के साथ दंडात्मक राहत भी है। लेकिन 498ए के तहत राहत पाने के लिए महिला को साबित करना होगा 1. संबंध शादी जैसा था, और 2. इरादा शादी करने का था। अदालतें संबंध के साक्ष्य के रूप में अनेक तत्वों को देख सकती हैं- इरादा, संग रहने की अवधि, लिव-इन व एक ही घर को चलाना, वित्तीय संसाधनों की पूलिंग, यौन संबंध होना, बच्चों की परवरिश और समाज में ऐसे पेश आना जैसे विवाहित हों। हालांकि इस मामले में सेक्शन 498ए लागू करने के लिए शादी का इरादा साबित करने की एकमात्र शर्त रही, लेकिन घरेलू हिंसा कानून (डीवी एक्ट) में शादी जैसे रिश्ते को अनेक तत्वों में से किसी एक से साबित किया जा सकता है। डीवी एक्ट न्यायशास्त्र के जरिये यह संभव है सेक्शन 498ए के तहत शादी का इरादा साबित करने के लिए बातचीत के साक्ष्य या जोड़े द्वारा ऐसे एक्शन जो संबंध की गंभीरता की साझा समझ को प्रतिविंबित करते हों को पेश किया जा सकता है। इनके अतिरिक्त पार्टियों की भूमिकाएं व जिम्मेदारियां और संबंध का उनके लिए क्या अर्थ है व क्या हो सकता है (अगर औपचारिक नहीं तो इरादतन) को भी पेश किया जा सकता है। क्या शादी का इरादा था? यह तथ्य का प्रश्न है और इसे अनेक तरह से साबित किया जा सकता है। लेकिन अदालत द्वारा खड़ा किया गया परीक्षा का यह कांटा अस्पष्ट है और महिला शिकायतकर्ताओं को इससे परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। शादी जैसी स्थितियों में महिलाओं को क्रूरता से सुरक्षित रखने में 'शादी का इरादा' की शर्त रोड़ा बन सकती है, क्योंकि अदालतों का फोकस संबंध की कार्यक्षमता पर होगा न कि उसके रूप पर। 'शादी के इरादे' की सख्त शर्त बेमेल प्रतीत होती है। सुप्रीम कोर्ट के नवीनतम फैसले में कैजुअल लिव-इन संबंधों को कवर नहीं किया गया है। अनेक अविवाहित जोड़े साथ रहते हैं, फाइनेंस साझा करते हैं और मिलकर घर चलाते हैं, लेकिन अपने आपको सिर्फ कैजुअल संबंध में समझते हैं। अगर उनका कोई इरादा समाज में खुद को पति व पत्नी के रूप में पेश करने का नहीं है तो फ़िलहाल ऐसे जोड़े सेक्शन 498ए के दायरे में नहीं आएंगे। सेक्शन 498ए के तहत शिकायत मिलते ही पुलिस मनमर्जी से गिरफ्तारी नहीं कर सकती। शादी जैसे संबंध वाले मामले में अधिकारी को पहले बुनियादी जांच करनी होगी। उसे संतुष्ट होना होगा कि गिरफ्तारी के लिए उचित कारण मौजूद हैं और उसे सीआरपीसी (अब बीएनएसएस) से संबंधित चेकलिस्ट भरनी होगी।

## श्रीरामचरितमानस



**तौ मैं बिनय करउं कर जोरी।**
**छूटउ बेगि देह यह मोरी॥**
**जौं मोरें सिव चरन सनेहू।**
**मन क्रम बचन सत्य ब्रतु एहू॥**

**भावार्थ :** तो मैं हाथ जोड़कर विनती करती हूँ कि मेरी यह देह जल्दी छूट जाए। यदि मेरा शिवजी के चरणों में प्रेम है और मेरा यह (प्रेम का) व्रत मन, वचन और कर्म (आचरण) से सत्य है॥

## सी-लाइफ

# पैरों में पेट वाली समुद्री मकड़ी

**के. पी. सिंह**

समुद्री मकड़ी एक विलक्षण समुद्री जीव है। यह देखने में जमीन पर पाई जाने वाली मकड़ी की तरह लगती है, अतः इसे समुद्री मकड़ी कहते हैं। विश्व में लगभग छह सौ जातियों की समुद्री मकड़ियां पाई जाती हैं। इनकी संरचना, आकार, आदतों एवं व्यवहारों तथा निवास आदि में पर्याप्त भिन्नता होती है। समुद्री मकड़ी प्रायः संसार के सभी सागरों और महासागरों में मिलती है। ध्रुवीय सागरों में इसकी संख्या अधिक है। आर्कटिक और अंटार्कटिक दोनों ही सागरों में यह बहुत बड़ी संख्या में पायी जाती है। अंटार्कटिक महासागर की मकड़ी बहुत बड़े आकार की होती है। इसके शरीर की लंबाई 10 सेंटीमीटर तक हो सकती है। विविधताओं की दृष्टि से समशीतोष्ण सागरों की समुद्री मकड़ियां प्रमुख हैं। यहां विश्व की सबसे अधिक समुद्री मकड़ियां पाई जाती हैं। समुद्री मकड़ी सागरों और महासागरों में सभी स्थानों पर मिलती हैं। इसे सागर के उथले पानी और चट्टानी तटों से लेकर 7000 मीटर तक के गहरे पानी में देखा जा सकता है। अधिकांश समुद्री मकड़ियां सागर तट से दूर गहरे पानी में रहती हैं, अतः इनका प्राकृतिक अध्ययन करना अत्यंत कठिन कार्य है। समुद्री मकडिय़ों के आवास और इनके रहने के ढंग में भी पर्याप्त विविधता होती है। कुछ समुद्री मकड़ियां उथले सागर के तल में रेंगती रहती हैं, तो कुछ सतह पर तैरती हैं और प्लेंकटन का जीव बनकर रहती हैं। अधिकांश समुद्री मकड़ियां जीवन भर किसी



न किसी आधार के सहारे रहती हैं। समुद्री मकड़ी की शारीरिक संरचना बड़ी विचित्र होती है। यह एक ऐसा जीव है, जिसके केवल पैर होते हैं, शरीर तो बस नाममात्र का होता है। समुद्री मकड़ी के आकार और रंगों में भी पर्याप्त विविधता होती है। इसकी लंबाई 2.5 सेंटीमीटर से लेकर 60 सेंटीमीटर तक हो सकती है। सागर में उथले पानी में रहने वाली मकड़ियां प्रायः छोटे आकार की होती है। बड़े आकार की अधिकांश मकड़ियां गहरे पानी में ही मिलती हैं। समुद्री मकड़ी के आकार के समान ही इसके शरीर के रंगों में भी पर्याप्त विविधता होती है। समुद्री मकड़ी के शरीर के तीन प्रमुख भाग होते हैं सिर, शरीर और पैर। इसका सर बहुत छोटा सा और अत्यंत साधारण होता है। सिर के अगले भाग में चोंच जैसे आकार का एक मुंह होता है, जिससे यह चूसकर भोजन करती है। समुद्री मकड़ी के सिर और शरीर के जोड़ वाले भाग पर 2 से लेकर 4 तक आंखें होती हैं, किंतु गहरे सागरों में रहने वाली प्रायः सभी मकड़ियां अंधी होती हैं। समुद्री मकड़ी का शरीर बड़ा विलक्षण होता है। यह इतना छोटा होता है कि इसके शरीर के भीतर के अंग इसमें नहीं आ पाते, अतः सरक कर पैरों में चले जाते हैं।

## तिथि विशेष

# विजयलक्ष्मी पंडित

विजय लक्ष्मी पंडित भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्र भारत की राजनीति एवं कूटनीति में महत्वपूर्ण स्थान रखने वाली महान महिला नेताओं में से एक थीं। उनका जन्म 18 अगस्त 1900 को इलाहाबाद, वर्तमान प्रयागराज, में एक प्रतिष्ठित राजनीतिक परिवार में हुआ था। वे प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी पंडित मोतीलाल नेहरू



की पुत्री और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की बहन थीं। उनका मूल नाम स्वरूप कुमारी नेहरू था। विजयलक्ष्मी पंडित ने ऐसे दौर में सार्वजनिक जीवन में कदम रखा, जब महिलाओं के लिए राजनीति और प्रशासन के क्षेत्र में आगे बढ़ना आसान नहीं था। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भाग लिया और ब्रिटिश शासन के विरुद्ध आंदोलनों में हिस्सा लिया। स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान उन्हें कई बार जेल भी जाना पड़ा। उनका जीवन देश की आजादी और महिलाओं के अधिकारों के प्रति समर्पित रहा। आजादी के बाद विजयलक्ष्मी पंडित ने भारत की विदेश नीति और कूटनीतिक संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सोवियत संघ, अमेरिका, मैक्सिको, आयरलैंड और स्पेन जैसे देशों में भारत की राजदूत के रूप में सेवाएं दीं। अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व, स्पष्ट विचारों और कुशल कूटनीति के कारण उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की मजबूत छवि प्रस्तुत की। उनकी सबसे बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि वर्ष 1953 में सामने आई, जब वे संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली महिला अध्यक्ष बनीं। यह उपलब्धि उस समय विशेष रूप से महत्वपूर्ण थी, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बहुत सीमित थी। उन्होंने इस पद पर रहते हुए शांति, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और मानवाधिकारों से जुड़े विषयों को प्रमुखता दी।

## धर्म-संस्कार

# तुलसी कही है 'सांची'



**शीतला प्रसाद दुबे**
(निवर्तमान कार्याध्यक्ष, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी)

गोस्वामी तुलसीदास जी रामचरितमानस के लिए विशेष रूप से आदृत हैं। रामचरितमानस जैसे महाकाव्य की रचना के माध्यम से उन्होंने अपने आराध्य श्री राम के मर्यादा पुरुषोत्तम स्वरूप को पूरे विश्व में पहुंचाया। सामान्य तौर पर तुलसीदास जी की बात करते समय या तुलसीदास जी के बारे में बात करते समय रामचरितमानस के दृष्टांतों को आधार बनाकर, प्रभु श्री राम के आदर्श स्वरूप को ध्यान में रखकर उनके शक्ति, शील और सौंदर्य को ध्यान में रखकर चर्चा की जाती है, लेकिन सचमुच यदि गोस्वामी तुलसीदास जी को जानना हो तो विनय पत्रिका को देखना चाहिए। उन्होंने पत्रिका में अपने भक्ति रस को प्रधानता देते हुए अपने हृदय के विनय को प्रस्तुत किया है। कलिकाल के प्रभाव से दुखी होकर उन्होंने प्रभु श्री राम को एक पत्रिका लिखी है कि यद्यपि कि उनमें न तो कोई गुण है ना तो कोई कला है फिर भी एक सामान्य भक्त समझ कर प्रभु श्री राम उनको अपनी शरण में ले लें। विनय पत्रिका लिखने के साथ ही साथ उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे विनय पत्रिका में बुद्धि की कसरत नहीं कर रहे हैं और नहीं उपदेश और मर्यादा आदि का रेखांकन कर रहे हैं।

उनके अनुसार उपदेश और तर्क केवल वाक्य ज्ञान कराते हैं, उसमें अनुभूति लेश मात्र भी नहीं होती। अनुभूति ही भक्ति का वास्तविक स्रोत है और सच्चे भक्त के लिए भक्ति से बढ़कर और कुछ नहीं है। गोस्वामी जी अपनी अपनी अनुभूति को व्यक्त करते हुए कहते हैं कि मेरे जैसा छोटा व्यक्ति श्री राम के इतने विराट स्वरूप की शरण में जाना चाहता है। वह कहते हैं

रामसम बड़ो है कौन, मो सम को छोटो,
राम सो खरो है कौन, मो सम को खोटो ।

अपने इस छोटेपन के बाद भी उन्होंने विनय पत्रिका के माध्यम से कलयुग के प्रभाव से मुक्त करने के लिए सबके मालिक प्रभु श्री राम के दरबार में यह पत्रिका भेजने का कार्य किया। यह विनय पत्रिका केवल गोस्वामी तुलसीदास जी की ही विनय पत्रिका नहीं बल्कि अपने समय की समूची मानव जाति के प्रतिनिधि के रूप में उन्होंने यह पत्रिका श्री राम के चरणों में लिखी थी। इस पत्रिका में गोसाई जी के उज्ज्वल हृदय में अवस्थित प्रभु राम के प्रति उनके भाव को व्यक्त करती है। इस विनय पत्रिका में तुलसीदास जी ने अपनी व्यथा को निवेदित करने के लिए अपने अनुभव को शब्द बद्ध किया है। सीधे-सीधे श्री राम को यह पत्रिका न लिखकर उन्होंने उन सभी शक्तियों का स्मरण किया है जिनके माध्यम से वे श्री राम के सामने अपनी बात सलीके से रख सकते हैं। वे सीता जी से यह विनती करते हैं कि कोई करुण कथा सुना कर, अनुकूल अवसर देखकर वे श्री राम से तुलसी की व्यथा को प्रस्तुत करें।

कबहुंक अंब अवसरु पाइ, मेरिय सुधि लीजिए कछु करुण कथा चलाई। वह सिद्ध करना चाहते हैं कि अपने आराध्य के सामने करुण कथा से ही पहुंचा जा सकता है। कहीं न कहीं यह भी भाव है इसमें कि काव्य के सभी रसों में करुण रस ही सर्वोत्तम है। यही रस सबसे अधिक प्रभावशाली होता है। वे विनती करने के पहले अपनी कलुषित जिह्वा को सिखाते हुए कहते हैं -

राम राम रटु, राम राम रटु, राम राम जपु जीहा।
राम-नाम नवनेह-मेह को मन, हठि होहि पपीहा।।

आराध्य श्री राम को पत्रिका लिखने के पहले एक बार उन्होंने अपनी स्थिति की ओर देख लेना उचित समझा। उन्हें महसूस होता है कि उनका सुषुप्त जड़-जीव अभी तक जागृत नहीं हो सका है। -

जागु-जागु जीव जड़! जो है जग-जामिनी।
देह गेह नेह जानि जैसे घन-दामिनी।।

अपना परिचय देते हुए वे कहते हैं कि मैं तो राम का गुलाम हूं। लोग नीच कहकर संबोधित करते हैं तो करें, मुझे उसकी कोई चिंता नहीं है।

राम को गुलाम, नाम रामबोला राख्यो राम,
काम यहै नाम द्वै हों कबहूं कहते हौं।

लोग अपने समय के बादशाह की गुलामी कर रहे थे, गोस्वामी जी को राम की गुलामी मंजूर थी।यही दृढ़ता उन्हें बड़ा भक्त कवि सिद्ध करने के लिए पर्याप्त है।

अपनी इस भावना से वे पत्रिका लिखने में लगे हैं कि आराध्य राम उन्हें अपनी शरण में ले लें। अपने स्वामी की शक्ति, सामर्थ्य और उदारता का वर्णन करते हुए वे उन्हें ही सर्वस्व मान लेते हैं।

तू दयालु, दीन हौं, तू दानि, हौं भिखारी।
हौं प्रसिद्ध पातकी, तू पापपुंजहारी।।
ब्रह्म तू, हौं जीव, तू ठाकुर, हौं चेरो।
तात मात सखा गुरु तू, सब विधि हितु मेरो।।

उन्हें पूरा विश्वास है कि उनकी समस्त कलुषता वे क्षण मात्र में निर्मूल कर देंगे। वे कहते हैं कि हे प्रभु आपने सबका उद्धार किया, मुझपर ही दृष्टि नहीं पड़ रही है। विलंब भले ही हो रहा है, लेकिन इतना निश्चित है कि आप मेरी जीवन रूपी नाव को पार लगा देंगे। अपनी प्रभुता को छोड़कर आप हमेशा सामान्य जन का कल्याण करने के लिए जाने जाते हैं, तो मेरी ओर दृष्टि में विलंब का क्या कारण है?

काहे ते हरि मोहि बिसारो?
जानत निज महिमा, मेरे अघ, तदपि न नाथ संभारो?

भक्ति- सिद्धांतों से आगे बढ़कर वे ज्ञान चक्षुओं को पोषित करने का उपक्रम रचते हैं। अपने आराध्य को पहचानने का मार्ग निर्देशित करते हुए वे कहते हैं कि कोई झूठ कहता है, तो कोई सत्य। सूनी भीत पर बिना रंग -चित्र को पहचानना इतना आसान नहीं है।

केशव कहि न जाइ का कहिए।
देखत तव रचना विचित्र अति, समुझि मनहि मन रहिए।
तुलसिदास परिहरै तीन भ्रम, सो आपन पहिचानै।।

## वायरल

# दीवार टूटी और बाहर आया 90 करोड़ का सच!

बेल्जियम में एक 18 साल के छात्र के हाथ ऐसा खजाना लगा कि उसकी रातों-रात किस्मत ही चमक गई। खबर के मुताबिक बेल्जियम के सिंट-गिलिस-डेंडर्मोंडे शहर में एक पूर्व शराब बनाने वाली पुरानी फैक्ट्री की जमीन पर री-डेलवपमेंट का



काम चल रहा था। गर्मियों की छुट्टियों में कोबे नाम का 18 साल का एक छात्र वहां मजदूरी कर रहा था। वह सीवेज सिस्टम के लिए जमीन में गड्ढे खोद रहा था, तभी उसे जमीन के नीचे कुछ अजीब सी चीज दिखाई दी। शुरुआत में कोबे और उसके साथियों को लगा कि शायद ये आम 1 यूरो के सिक्के हैं। लेकिन जैसे-जैसे उन्होंने मिट्टी हटाई और गहराई से खुदाई की, तो वहां ईंटों से बंद एक पुराने तहखाने की दीवार के अंदर छिपा हुआ सोने का भारी-भरकम जखीरा मिला. इस खजाने में सोने के सिक्के, सोने के टुकड़े और कई सोने की छड़ें शामिल थीं। विशेषज्ञों के मुताबिक, इस पूरे खजाने की कीमत करीब 90 लाख यूरो यानी लगभग 90 करोड़ रुपए है। जांच में सामने आया कि यह जगह 19वीं शताब्दी के अंत में फैक्ट्री के मालिक थियोफिलस वैन एशे के लिए बनाई गई थी।




## X का एक्सरे

सेबी की टीमें बाजार के विभिन्न भागीदारों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रही हैं। इसका उद्देश्य उनकी भागीदारी का स्तर और विशेष चिंताओं को समझना है। सोशल मीडिया से भी कई सुझाव मिल रहे हैं, जिनका सेबी विश्लेषण कर रहा है। सेबी जल्द ही इस मामले पर एक अंतिम विचार तैयार करेगा।



**तुहिन कांत पांडे**

ई20 पेट्रोल से वाहनों के इंजन को व्यापक नुकसान पहुंचने की आशंकाओं का समर्थन उपलब्ध वैज्ञानिक और परीक्षण संबंधी प्रमाण नहीं करते। सोशल मीडिया पर ई20 को लेकर कई दावे किए गए हैं, लेकिन वास्तविक आंकड़े उनसे काफी अलग हैं। एथेनॉल में पेट्रोल की तुलना में लगभग दो-तिहाई ऊर्जा सामग्री होती है।



**वी. अनंत नागेश्वरन**

अब कोई शिक्षा व्यवस्था नहीं रह गई है। यह एक 'एक्सट्रैक्शन मशीन' बन गई है। यह आपके पैसे, आपके साल, आपकी मानसिक सेहत और आपका आत्मविश्वास छीन लेती है और बदले में कुछ नहीं देती। यहां तक कि नौकरी भी नहीं। मोदी सरकार के बाकी विभागों की तरह, एनटीए भी कभी अपनी गलती नहीं मानता।



**राहुल गांधी**

सरकार ने स्कूलों में मीडिया के प्रवेश पर किसी तरह का प्रतिबंध नहीं लगाया है। आदेश को गलत तरीके से प्रचारित किया जा रहा है। सरकार का मकसद मीडिया की स्वतंत्रता पर रोक लगाना नहीं, बल्कि स्कूलों में पढ़ने वाले नाबालिग बच्चों की सुरक्षा और निजता सुनिश्चित करना है।



**मदन दिलावर**



## एक नजर

### सत्रहमील चौकी के प्रभारी बने किशोर पंत

**खटीमा।** मझोला सत्रहमील चौकी प्रभारी एसआई राकेश राय का महज तीन माह के कार्यकाल के बाद थाना खटीमा स्थानांतरण हो गया है। वहीं राकेश राय के स्थानांतरण के बाद एसआई किशोर पंत मझोला सत्रहमील चौकी के नए प्रभारी के रूप में कमान संभालेंगे। किशोर पंत ने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता होगी।




### भाजपा का मिशन-2029: युवा टीम को कमान

**लखनऊ (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने नए तेवर के साथ चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने अपेक्षाकृत युवाओं के हाथों में कमान सौंपकर एक स्पष्ट संदेश दिया है। भाजपा की नई राष्ट्रीय टीम में उत्तर प्रदेश से चुने गए चेहरों की औसत उम्र महज 49 साल है। इन युवा नेताओं को जातीय समीकरणों के आधार पर देश के चुनिंदा राज्यों में विशेष अभियान पर उतारने की रणनीति बनाई गई है ।यह नई टीम न केवल अगले साल उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों का गणित संभालेगी, बल्कि अभी से 'मिशन-2029' के लिए भी जमीन तैयार करेगी। इस कदम के जरिए भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में हुए बड़े नुकसान की भरपाई करने के लिए नए सामाजिक समीकरण बिठाने में जुटी है। इस रणनीति के तहत पार्टी का विशेष फोकस देश के अल्पसंख्यकों की आशंकाओं को दूर करने तथा देशभर में बिखरे ओबीसी वोटों को एक सूत्र में पिरोने पर होगा।



# जीरो पावर्टी: अति गरीबों को मिलेगा मुख्यमंत्री आवास

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 'जीरो पावर्टी' अभियान के तहत चिह्नित अति गरीब परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण में प्राथमिकता देने का बड़ा फैसला किया है। इसके लिए ग्राम्य विकास विभाग ने योजना के दिशा-निर्देशों में संशोधन कर शासनादेश जारी कर दिया है। अब इस अभियान के तहत चिह्नित ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब परिवारों को आवास पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी में शामिल किया जाएगा ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के अति गरीब परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने के लिए 'जीरो पावर्टी' अभियान की शुरुआत की है, जिसके तहत राज्य में लगभग 12.50 लाख परिवारों को चिह्नित किया गया है। सरकार इन परिवारों को विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही है ।ग्राम्य विकास विभाग के प्रमुख सचिव सौरभ बाबू की ओर से जारी आदेश के अनुसार, वर्ष 2018 से लागू विभिन्न वर्गों और जातियों की पात्रता श्रेणियों में अब 'जीरो पावर्टी' के लाभार्थियों को भी जोड़ दिया गया है। इससे कच्चे और जर्जर मकानों में रह रहे अत्यंत गरीब परिवारों को पक्का मकान मिलने का रास्ता साफ हो गया है। प्रमुख सचिव ने ग्राम्य विकास आयुक्त को पत्र भेजकर इस संबंध में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।



### दिव्यांगजन रोजगार अभियान में 1559 को मिला काम

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा तीन से 13 अगस्त तक चलाए गए 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3 .0' के तहत 1559 दिव्यांगजन रोजगार और स्वरोजगार से जुड़े। इस अभियान के दौरान विशेष रोजगार मेले, प्लेसमेंट ड्राइव और रोजगार कैंप आयोजित किए गए ।चयनित दिव्यांगों को 10 से 18 हजार रुपये का मासिक वेतन ऑफर किया गया। इसके अलावा, उन्हें मोबाइल रिपेयरिंग, सिलाई-कढ़ाई, जन सेवा केंद्र और डेयरी उद्योग के लिए सरकारी योजनाओं व ऋण सुविधाओं से जोड़ा गया। इस अभियान में कानपुर नगर में सर्वाधिक 149, आजमगढ़ में 77, अमरोहा में 69, बरेली में 63 और सुलतानपुर में 56 दिव्यांग लाभान्वित हुए।

# फैशन के साथ बदलेगी खादी

**लखनऊ (एजेंसी)।** चरखे और हथकरघे से निकलने वाली खादी अब सिर्फ परंपरागत पहनावे तक सीमित नहीं रहेगी। बदलते दौर, आधुनिक फैशन और बाजार की मांग के मुताबिक खादी के डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और गुणवत्ता में बड़ा बदलाव किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य खादी की मूल पहचान को बरकरार रखते हुए इसे युवाओं की पहली पसंद बनाना और देश-विदेश के बाजारों में मजबूती से स्थापित करना है ।इस रणनीति को अमलीजामा पहनाने के लिए मंगलवार को खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड के सभागार में खादी की 63 संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में खादी को आधुनिक तकनीक और नए डिजाइनों से जोड़ने के साथ-साथ इसकी मार्केटिंग और ब्रांडिंग को सुदृढ़ करने पर गहन मंथन हुआ ।बैठक के दौरान 'परंपरा से प्रगति की ओर भविष्य बुनती खादी' विषय पर एक विशेष प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। इसमें उत्तर प्रदेश में खादी की मौजूदा स्थिति का आकलन और सर्वेक्षण प्रस्तुत किया गया। साथ ही, इसे आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने पर विस्तृत चर्चा हुई। खादी की गुणवत्ता और विपणन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उपस्थित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों से महत्वपूर्ण सुझाव भी लिए गए।



### वैश्विक बाजार में पहचान बनाएगी प्रदेश की खादी : राकेश सचान

खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि खादी के विकास के लिए खादी संस्थानों, युवाओं, कारीगरों और उद्योग जगत के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। उन्होंने खादी के पुराने स्वरूप को बनाए रखते हुए उत्पादों को आधुनिक बनाने पर जोर दिया, ताकि युवा और नए ग्राहक इससे जुड़ सकें ।बेहतर ब्रांडिंग और मार्केटिंग के जरिए प्रदेश की खादी को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंचाने की योजना है। बैठक में संस्थाओं ने क्षेत्रीय समस्याओं और उनके समाधान के सुझाव साझा किए। इस दौरान प्रमुख सचिव अनिल सागर, सीईओ शिशिर और संयुक्त सीईओ सिद्धार्थ यादव मौजूद रहे।

# कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** आबकारी विभाग ने अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खटीमा क्षेत्र में कार्रवाई की। ग्राम नौसर पटिया में दबिश के दौरान एक व्यक्ति को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य स्थान से 30 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। आबकारी विभाग के अनुसार, 17 अगस्त को आबकारी आयुक्त एवं संयुक्त आबकारी आयुक्त कुमाऊं मंडल के आदेश तथा जिला आबकारी अधिकारी ऊधमसिंह नगर के निर्देशन में क्षेत्र-02 खटीमा में कार्रवाई की गई। टीम ने ग्राम नौसर पटिया में दबिश दी। इस दौरान बलविंदर सिंह पुत्र बलवंत सिंह के घर से 30 पाउचों में रखी 15 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की गई। इसके अलावा ग्राम नौसर पटिया में ही एक अन्य स्थान से 30 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। इस मामले में भी आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

कार्रवाई आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-02 खटीमा बृजेश जोशी के नेतृत्व में की गई। टीम में खटीमा क्षेत्र का समस्त आबकारी स्टाफ शामिल रहा। आबकारी विभाग ने कहा कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।


आबकारी टीम ने किया अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार। -जागरण मोर्चा

### सरकारी टीम पर पथराव, 13 पर लगेगा गैंगस्टर एक्ट

**लखनऊ (एजेंसी)।** बुद्धेश्वर क्षेत्र में नगर निगम की पशु पकड़ने गई टीम पर पथराव करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने सख्त रुख अपना लिया है।

वारदात के दिन ही दो महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद अब पुलिस अन्य 13 से अधिक नामजद आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने की तैयारी में जुट गई है ।पुलिस के अनुसार, सरकारी कर्मचारियों पर हमला करने वाले और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले इन उपद्रवियों को चिन्हित कर लिया गया है। घटना में शामिल अन्य फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

# यूपी पुलिस ने जारी किया 'खाकी का सितारा' का पूरा वीडियो

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश पुलिस के पहले आधिकारिक गान 'खाकी का सितारा' का 6.5 मिनट का पूरा वीडियो यूट्यूब पर जारी कर दिया गया है। अभिनेता अमिताभ बच्चन ने भी पुलिस के पोस्ट को 'एक्स' पर साझा करते हुए लिखा, "कुछ सितारे आसमान में चमकते हैं कुछ खाकी पहनकर जमीन पर। खाकी का सितारा।"

पुलिस विभाग के अनुसार, यह गान केवल संगीत वीडियो नहीं, बल्कि पुलिस की जिम्मेदारियों और कार्यों के विभिन्न पहलुओं को सामने रखने का प्रयास है। इसमें कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, तकनीक, आपदा एवं राहत कार्य, जनसेवा और रोजमर्रा की पुलिसिंग को दिखाया गया है। यह गान एक-दो दिन में तैयार नहीं हुआ, बल्कि इसकी शूटिंग महाकुंभ-2025 से स्वतंत्रता दिवस-2026 तक अलग-अलग अवसरों और परिस्थितियों में की गई। पुलिस के इस आंतरिक रचनात्मक प्रयास को पूरा होने में एक साल से अधिक समय लगा। गान को अमिताभ बच्चन की आवाज, पद्मश्री शंकर महादेवन के स्वर एवं संगीत और कवि-गीतकार आलोक श्रीवास्तव के शब्द मिले हैं। अभिनेता करण आनंद ने इसमें पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई है।

### अमिताभ बच्चन की आवाज से सजा

'खाकी का सितारा' की औपचारिक शुरुआत 14 अगस्त को लखनऊ स्थित लोक भवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की थी। इस अवसर पर शंकर महादेवन, पद्मश्री नाना पाटेकर, आलोक श्रीवास्तव और करण आनंद समेत फिल्म एवं संगीत जगत की कई हस्तियां मौजूद थीं। गान में पुलिस की सख्ती के साथ उसकी संवेदनशीलता और जनसेवा को भी प्रमुखता दी गई है। इसका केंद्रीय संदेश है—"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा।

# डायनेस्टी गुरुकुल में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी, छिनकी फार्म में वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर क्षेत्र के बुजुर्गों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया और विद्यार्थियों ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ नागरिकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यालय परिसर में बुजुर्गों के पहुंचने पर विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों के लिए गीत गायन, झोड़ा-चांचरी, फाग सहित विभिन्न मनोरंजक खेल एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने वरिष्ठ नागरिकों के चरण धोकर उनका सम्मान किया और उन्हें श्रीरामचरितमानस, श्रीमद्भगवद्गीता एवं सुंदरकांड की पुस्तकें भेंट कीं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बुजुर्गों के जीवनभर के संघर्ष और समाज व परिवार के प्रति उनके योगदान के सम्मान में किया गया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक परिवार रूपी वृक्ष की जड़ों के समान होते हैं। जिस प्रकार मजबूत जड़ों से वृक्ष मजबूत रहता है, उसी प्रकार बुजुर्गों के अनुभव और मार्गदर्शन से परिवार मजबूत बनता है। उनका आशीर्वाद जीवन में संजीवनी की तरह कार्य करता है।

कार्यक्रम में वरिष्ठ महिलाओं ने गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। वहीं विद्यार्थियों ने स्वागत गीत और भावनात्मक नाटक प्रस्तुत किया। नाटक ने उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को भावुक कर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की डायरेक्टर प्रेमा भट्ट ने कहा कि बुजुर्गों का मार्गदर्शन जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के सिर पर बुजुर्गों का हाथ होता है, वे सौभाग्यशाली होते हैं। उन्होंने समाज में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और उनकी देखभाल को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और कर्मचारी मौजूद रहे। विद्यालय परिवार ने वरिष्ठ नागरिकों से आशीर्वाद प्राप्त किया।



विद्यालय परिवार ने बुजुर्गों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया। -जागरण मोर्चा

# आईटीआई-पॉलिटेक्निक में अनुदेशकों की जल्द होगी भर्ती

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाज कल्याण विभाग के तहत संचालित राजकीय आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों में अनुदेशकों के रिक्त पदों को जल्द ही भरा जाएगा। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने एक समीक्षा बैठक के दौरान पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से इन खाली पदों पर जल्द से जल्द भर्ती करने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक नियमित भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए सेवानिवृत्त शिक्षकों आदि को अनुदेशक के रूप में अस्थाई रूप से तैनात किया जाए ।वर्तमान में विभाग के अंतर्गत आने वाले लखनऊ के राजकीय गोविंद बल्लभ पंत पॉलिटेक्निक में सात पद, बख्शी का तालाब स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में 23 पद, राजकीय आईटीआई-पॉलिटेक्निक गोरखपुर में नौ पद और राजकीय आईटीआई-पॉलिटेक्निक प्रतापगढ़ में एक पद खाली पड़ा है ।राज्य मंत्री असीम अरुण ने बताया कि सरकार युवाओं के कौशल विकास और उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इन तकनीकी संस्थानों में योग्य अनुदेशकों की नियुक्ति होने से शैक्षणिक स्तर काफी मजबूत होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि रिक्त पदों पर योग्य अभ्यर्थियों के चयन की विभागीय प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से गति दी जाए।

# डिजिटल अरेस्ट कर बुजुर्ग से 42 लाख रुपए की ठगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** साइबर जालसाजी की एक सनसनीखेज घटना में लालबाग के राज अपार्टमेंट निवासी भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के सेवानिवृत्त दिव्यांग क्लर्क अंसार जमाल अब्बासी और उनकी पत्नी से 42 लाख रुपये ठग लिए गए। जालसाजों ने इस बुजुर्ग दंपती को 23 जुलाई से 10 अगस्त तक लगातार डिजिटल अरेस्ट रखा। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया है ।पीड़ित के अनुसार, 23 जुलाई को उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को एटीएस, एनआईए, सीबीआई का अफसर और हाईकोर्ट का जज बताकर डराया कि पुलवामा हमले में शामिल एक आतंकवादी मनीष गोयल को मनी लॉन्ड्रिंग में पकड़ा गया है। उसके पास से पीड़ित के नाम के दस्तावेज और एटीएम कार्ड मिले हैं ।जालसाजों ने बुजुर्ग को वरिष्ठ नागरिक होने का हवाला देते हुए जेल न भेजकर डिजिटल अरेस्ट की बात कही। उन्हें 24 घंटे वीडियो कॉल पर रहने और एनआईए के फर्जी आदेशों का पालन करने के नाम पर डराया गया। इस दौरान डरा-धमकाकर उनसे कई बार में कुल 42 लाख रुपये ऐंठ लिए गए। मांग जारी रहने पर पीड़ित को शक हुआ और उन्होंने पुलिस की शरण ली।



# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर बस दुर्घटना में एक यात्री की मौत हुई

**लखनऊ (एजेंसी)।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर फतेहाबाद क्षेत्र में एक स्लीपर बस के पलट जाने से एक यात्री की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना रविवार देर रात्रि लगभग दो बजे हुई।

पुलिस के अनुसार यह बस चालक को झपकी आ जाने से हुई। पुलिस ने बताया कि बस कानपुर से गुडग़ांव की ओर जा रही थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस और उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) की टीम ने बस के शीशे तोडक़र यात्रियों को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल भिजवाया। अधिकारियों ने बताया कि दो घायलों की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें डॉ. सरोजनी नायडू मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि एक घायल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना फतेहाबाद प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि बस कानपुर से गुडग़ांव जा रही थी और उसमें लगभग 50 यात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि रात करीब दो बजे थाना फतेहाबाद क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 29 पर चालक को झपकी आने से बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। उन्होंने बताया कि इस दौरान बस में सो रहे कई यात्री एक-दूसरे के ऊपर गिरने से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस और यूपीडा कर्मियों ने बस के शीशे तोडक़र अधिकांश यात्रियों को बाहर निकाला जबकि दो यात्री बस के नीचे फंसे हुए थे जिन्हें निकालने के लिए क्रेन की मदद ली गयी।




# यूपी में अंतरराज्यीय मार्गों पर चलेंगी स्लीपर बसें

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) अब पड़ोसी राज्यों के प्रमुख शहरों और तीर्थस्थलों के लिए बसों का संचालन तेज करने जा रहा है।

यात्रियों की भारी मांग को देखते हुए पहले चरण में १५ अंतरराज्यीय मार्ग चिह्नित किए गए हैं, जिन पर वातानुकूलित हाई एंड स्लीपर बसें चलाई जाएंगी। परिवहन निगम इन मार्गों के लिए निजी संचालकों की स्लीपर बसों का अनुबंध करेगा, जिसके लिए निविदा (टेंडर) जारी कर दी गई है ।वर्तमान में निगम की १४, ०० बसों में से अधिकांश उत्तर प्रदेश के भीतर ही चलती हैं, जबकि एकमात्र स्लीपर बस सेवा लखनऊ से देहरादून के बीच संचालित है। कुछ महीने पहले कराए गए सर्वे के बाद निगम ने राज्य परिवहन प्राधिकरण से इसके परमिट भी हासिल कर लिए थे। अनुबंधित होने वाली ये स्लीपर बसें डीजल से चलेंगी और इनका अनुमानित किराया लगभग पांच रुपये प्रति किलोमीटर प्रति यात्री हो सकता है ।निगम के प्रधान प्रबंधक (संचालन) अनिल कुमार ने बताया कि इन चिन्हित मार्गों पर हर रूट के लिए दो-दो बसों का संचालन किया जाएगा। इसके लिए कुल ० बस स्वामियों या फर्मों के साथ आठ वर्ष का अनुबंध किया जाएगा, जिससे यात्रियों का सफर और अधिक आरामदायक होगा।

# इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सीतापुर में नजूल भूमि पर कांग्रेस को अंतरिम राहत देने से इनकार किया

**लखनऊ (एजेंसी)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने सीतापुर जिले में नजूल सरकारी भूमि पर कथित कब्जे से जुड़े मामले में कांग्रेस को अंतरिम राहत देने से सोमवार को इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि पर्याप्त अवसर दिए जाने के बावजूद याचिकाकर्ता ऐसा कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सके, जिससे यह साबित हो सके कि विवादित सरकारी भूमि उन्हें विधिवत आवंटित की गई थी। न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ ने कांग्रेस कमेटी, सीतापुर की ओर से दाखिल रिट याचिका पर यह आदेश पारित किया।

याचिका में सीतापुर नगर पालिका परिषद के कार्यपालक अधिकारी (प्रभारी) के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें मोहल्ला टामसेनगंज स्थित प्लॉट संख्या 244/1 के अभिलेखों से याचिकाकर्ताओं के नाम हटाने और भूमि से कब्जा हटाने का आदेश दिया गया था। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि वे घंटाघर के ऊपरी हिस्से में स्थित परिसर संख्या 1/6 पर वर्ष 1971 से काबिज हैं। उन्होंने वर्ष 1971 में 320 रुपये किराये के रूप में जमा किए जाने की रसीद भी अदालत में पेश की। हालांकि, अदालत के समक्ष यह तथ्य आया कि पिछले करीब 55 वर्षों से कोई किराया जमा नहीं किया गया है और भूमि के वैध आवंटन या कब्जे के समर्थन में कोई समझौता अथवा आवंटन पत्र भी पेश नहीं किया गया। राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि नजूल भूमि सरकारी संपत्ति है और कोई भी राजनीतिक दल उस पर अनधिकृत रूप से कब्जा नहीं कर सकता। अदालत ने भी कहा कि केवल लंबे समय तक जमे रहने से सरकारी भूमि पर कब्जा वैध नहीं हो जाता। वैध कब्जे के लिए कम से कम आवंटन आदेश या कोई अन्य संबंधित दस्तावेज होना जरूरी है, लेकिन याचिकाकर्ता ऐसा कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सके। उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को तीन सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। इसके बाद याचिकाकर्ताओं को प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई एक अक्टूबर को होगी।

## एक नजर

### पी.आर.डी. जवानों के सम्मेलन का देखा प्रसारण

**पीलीभीत।** कलेक्ट्रेट सभागार में महायोगी गुरु श्री गोरखनाथ जी की पावन तपोस्थली गोरखपुर में आयोजित पी.आर.डी. जवानों के सम्मेलन का सजीव प्रसारण देखा गया। उत्तर प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था के विश्वसनीय आधार, हमारे PRD जवानों के कल्याण के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने तीन ऐतिहासिक सौगातें दी हैं जिसमें 23 करोड़ की लागत से लखनऊ में बनने वाली बहुमंजिला पी.आर. डी. बैरक का शिलान्यास किया तथा जवानों और उनके परिवारों के लिए 'मुख्यमंत्री पी.आर.डी. कैशलेस चिकित्सा योजना' का भव्य शुभारंभ किया तथा पी आर डी जवानो का भत्ता रुपए 500 से बढ़ाकर 600 किया गया इससे 31,000 पी0आर0 डी जवान लाभांवित होंगे .यह कदम हमारे जवानों की निष्ठा और ईमानदारी के प्रति राज्य सरकार के सम्मान को दर्शाता है। इस ऐतिहासिक अवसर पर जनपद पीलीभीत के कलेक्ट्रेट सभागार में उपस्थित रहकर सभी जांबाज पी.आर.डी. जवानों को बधाई दी।

# विज्ञान से फुटबॉल तक छाईं ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की बेटियां, आयरा ने देश में पाया पहला स्थान

## आयरा अल्वी ने राष्ट्रीय वैज्ञानिक प्रतियोगिता में रचा इतिहास, श्रद्धा वर्मा का अंडर-17 राज्य स्तरीय फुटबॉल टीम में चयन, जिलाधिकारी ने दोनों छात्राओं को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की दो प्रतिभाशाली छात्राओं ने विज्ञान और खेल के क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय ही नहीं, बल्कि पीलीभीत और उत्तर प्रदेश का नाम भी गौरवान्वित किया है। कक्षा 11 विज्ञान वर्ग की छात्रा आयरा अल्वी ने 7वें इंडिया इंटरनेशनल साराभाई स्टूडेंट्स साइंटिस्ट अवॉर्ड-2026 में पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, वहीं कक्षा 9 की छात्रा श्रद्धा वर्मा ने अंडर-17 बालिका राज्य स्तरीय फुटबॉल टीम में चयनित होकर खेल जगत में विद्यालय का परचम लहराया।

12 अगस्त को आयोजित प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रतियोगिता में देशभर से चयनित महज 16 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। इनमें आयरा अल्वी उत्तर प्रदेश से चयनित एकमात्र छात्रा रहीं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन नेशनल काउंसिल ऑफ रिसर्चर टीचर साइंटिस्ट्स इंडिया (वीआईपीनेट, डीएसटी, भारत सरकार) तथा डीएएसए इंडिया, त्रिपुरा सरकार के अकादमिक विज्ञान संगठन द्वारा किया गया।

यह आयोजन महान वैज्ञानिक एवं भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक माने जाने वाले डॉ. विक्रम साराभाई की 107वीं जयंती के अवसर पर हुआ। कार्यक्रम में इसरो के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों तथा देश-विदेश के वैज्ञानिक विशेषज्ञों की मौजूदगी रही। आयरा की उपलब्धि ने पीलीभीत की शैक्षिक प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाई।



**फुटबॉल में भी विद्यालय की बेटी ने दिखाया दम :** वहीं कक्षा 9 की छात्रा श्रद्धा वर्मा ने खेल के मैदान में अपनी मेहनत और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उनका चयन अंडर-17 बालिका राज्य स्तरीय फुटबॉल टीम में हुआ। श्रद्धा ने बरेली रीजन का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। विद्यालय प्रबंधन ने उनकी उपलब्धि को अनुशासन, निरंतर अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम बताया।

दोनों छात्राओं की उपलब्धियों पर 18 अगस्त को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने उन्हें अपने कार्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने आयरा अल्वी और श्रद्धा वर्मा को माला पहनाकर तथा स्मृति-चिह्न प्रदान कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने दोनों छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाएं जनपद और प्रदेश का गौरव बढ़ाने के साथ अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनती हैं। आयरा अल्वी की राष्ट्रीय उपलब्धि में विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य डॉ. अरिज़ अल्वी के मार्गदर्शन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता की तैयारी के दौरान उन्होंने आयरा की वैज्ञानिक सोच, आत्मविश्वास और शोधपरक दृष्टिकोण को विकसित करने में निरंतर सहयोग किया। उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए उन्हें भी इंडिया इंटरनेशनल साराभाई टीचर साइंटिस्ट अवॉर्ड-2026 से सम्मानित किया जाएगा।

दोनों छात्राओं की उपलब्धियों के उपलक्ष्य में विद्यालय की प्रातःकालीन सभा में प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह छाबड़ा और प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने आयरा अल्वी एवं श्रद्धा वर्मा को फूलों की मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच दोनों छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और गर्व का माहौल दिखाई दिया। प्रबंध निदेशक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने कहा कि दोनों छात्राओं की उपलब्धियां विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय हैं। विद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल, नवाचार, अनुसंधान और वैज्ञानिक सोच के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा।

प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने कहा कि आयरा और श्रद्धा ने साबित किया है कि दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत, प्रतिभा और उचित मार्गदर्शन के बल पर विद्यार्थी राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों छात्राओं की सफलता पूरे पीलीभीत और उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। विज्ञान की प्रयोगशाला से लेकर फुटबॉल के मैदान तक ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की बेटियों की इस सफलता ने यह संदेश दिया है कि प्रतिभा को अवसर और सही दिशा मिले तो पीलीभीत की बेटियां भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकती हैं।

# छात्राओं से छेडछाड करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक पर दर्ज किया केस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** स्कूल जा रही नाबालिक छात्राओं से छेड़छाड़ करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक छात्रा अपनी सहेलियों के साथ स्कूल जा रही थी। बिलइ हाईवे पर पसियापुर निवासी अहमद नवी ने वाइक से छात्राओं का पीछा करना शुरू कर दिया। आरोपी है कि युवक ने लापरवाही से छात्राओं के आस पास बाइक दौडाई। आरोप है कि छात्राओ पर अश्लील फब्तियां कसीं और भद्दे इसारे किए। छात्राओं ने घर जाकर परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजनों के साथ थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने युवक के खिलाफ पाक्सो एक्ट सहित कई धाराओ में मुकदमा दर्ज किया। इसके बाद युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक के आपराधिक इतिहास और घटना में भूमिका के तहत जिला बदर व गुंडा एक्ट कि कार्रवाही करने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। पकडा गया आरोपी फटे कपडों में थाने में हाथ जोडकर गिडगिडाया और माफी मांगी। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाही कि जा रही है। छात्राओं और महिलाओं को परेशान करने वालो पर कडी कार्रवाही की जाएगी।

# खेत पर काम कर रहे किसान की सर्पदंश से मौत

## परिजनों ने झाड़-फूंक में गंवा दिया काफी समय, किसान ने तोड़ दिया दम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** खेत पर काम कर रहे किसान को सांप ने काट लिया। परिजन अस्पताल ले जाने के वजाए अंधविश्वास में पड गए। जिससे किसान की जान चली गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव विठोराकला निवासी विष्णु मंगलवार अपने खेत पर धान की नराई का काम कर रहा था। इसी दौरान खेत से निकले सांप ने किसान को काट लिया। सांप के डसने के बाद किसान की हालत बिगड़ने लगी, परिजन उसे समय पर अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक कराने में लग गए। इस दौरान उपचार में देरी होने के कारण किसान की हालत



मृतक के घर पर लगी भीड़। -जागरण मोर्चा

लगातार गंभीर होती चली गई और उसने दम तोड़ दिया, घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। कहना है कि सांप के काटने की जानकारी होने पर परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक कराने लगे रहे। काफी समय बीतने के बाद जब उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो उसे अस्पताल ले जाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर गजरौला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने किसान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किसान की मौत की खबर से गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में काम करने के दौरान अक्सर सांप और अन्य जहरीले जीव निकल आते हैं। ऐसे में सांप के काटने पर झाड़-फूंक के बजाय पीड़ित को तत्काल अस्पताल ले जाना चाहिए। समय पर चिकित्सकीय उपचार मिलने से कई मामलों में जान बचाई जा सकती है।हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## संक्षेप समाचार

### गंगा में डूबे युवकों का नहीं लगा सुराग तलाश जारी

**खुदागंज।** पांचाल घाट फर्रुखाबाद में गंगा नदी में डूबने वाले खुदागंज के चार युवकों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। गंगा नदी में भीषण सैलाब के चलते अभी तक किसी की बरामदगी नहीं हो सकी है स्टीमर से लगातार तलाश की जा रही है तो वहीं गोताखोर दूर–दूर तक नदी के चारों ओर तलाश कर रहे हैं परंतु अभी तक किसी का सुराग नहीं लग सका है वही खुदागंज में चारों युवकों के परिजन असमय हुई इस घटना से बेहद परेशान है जिनका रोकर बुरा हाल है सोमवार को खुदागंज के कमल सक्सेना योगेश सक्सैना विकास सक्सेना अर्जुन कश्यप सभी अपने वाहनों से फर्रुखाबाद के पांचाल घाट पर जल लेने हेतु गए थे जहां स्नान करने के दौरान वह गहरे पानी में चले गए थे डूबने वाले कमल सक्सेना की मां बार–बार अपने बेटे के बारे में लोगों से पूछ रही है वह उसकी सकुशल बरामदगी की मांग कर रही है मोहल्ले वाले सभी को सांत्वना दे रहे हैं।

### कन्या भोज के साथ हुआ भंडारा

**खुदागंज।** क्षेत्र के गांव म्यूना में श्रावण मास के तीसरे मंगलवार को देवस्थान पर कन्या भोज के साथ भंडारे का आयोजन किया गया जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया गोला गोकर्णनाथ भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के बाद सभी श्रद्धालु देव स्थान पर भंडारे का आयोजन करते हैं भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे इस दौरान शिवम सिंह पवन सिंह अंकित सिंह संकेत सिंह सुधांशु सिंह विनोद सिंह अवनीश सिंह आदि ने सेवा कार्य में सहयोग किया।

### बारिश में भरभराकर गिरा कच्चा मकान, बाल-बाल बचा परिवार

**भमोरा।** लगातार हो रही बारिश के बीच सोमवार रात हिम्मतपुर ताहरपुर गांव में चंद्रकेश का कच्चा मकान अचानक भरभराकर ढह गया। हादसे के समय चंद्रकेश अपनी पत्नी मीनाक्षी और बेटे के साथ मकान के अंदर मौजूद था। गनीमत रही कि मकान गिरने से पहले परिवार के सदस्य बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मकान ढहने के बाद परिवार के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। चंद्रकेश के अनुसार उसके पास करीब डेढ़ बीघा जमीन है, लेकिन आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह दोबारा मकान बनवाने में सक्षम नहीं है। वहीं, ग्राम प्रधान पार्वती देवी ने बताया कि वर्ष 2022 की पात्रता सूची में चंद्रकेश का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए भेजा गया था, लेकिन अब तक उसे योजना का लाभ नहीं मिला। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता देने और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान उपलब्ध कराने की मांग की है।

### दवा लेने गई नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**भमोरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में दवा लेने गई 16 वर्षीय किशोरी को गांव का ही युवक बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया। देर शाम तक किशोरी के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। किशोरी के भाई ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 अगस्त की सुबह करीब 11 बजे उसकी बहन सरदारनगर दवा लेने गई थी। आरोप है कि रास्ते में गांव का अनुज पुत्र संतोष उसे बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया। तलाश के दौरान परिजन अनुज के घर पहुंचे और किशोरी के बारे में जानकारी मांगी। आरोप है कि युवक के परिजनों ने उन्हें धमकी दी और कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। किशोरी के भाई ने बहन के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए उसकी बरामदगी की मांग की। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। बरामदगी और किशोरी के बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया शुभारभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले के सांसद और केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को दिल्ली से मुख्य अतिथि के रूप में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए 'सहायक उपकरण पंजीकरण एवं वितरण शिविर' का गरिमामयी शुभारंभ किया। जिस कार्यक्रम में 64 दिव्यांग लोगों को इलेट्रिक ट्राई साईकिल का वितरण किया। इस विशेष अभियान के तहत दिव्यांग भाई-बहनों को आधुनिक सहायक उपकरण (जैसे ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन, और बैसाखी) प्रदान किए जा रहे हैं।दिल्ली से सीधे वर्चुअल माध्यम से जुड़कर मंत्री जी ने पीलीभीत



कार्यक्रम में मौजूद विधायक, डीएम व अन्य। -जागरण मोर्चा

के सुदूर क्षेत्रों के दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने की इस मुहिम को गति दी।अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाना ही प्राथमिकता है।अब हमारा कोई भी दिव्यांग भाई-बहन अपनी शारीरिक चुनौतियों के कारण पीछे नहीं छूटेगा। उपकरण पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे,इस दौरान कार्यक्रम में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, पूरनपुर विधायक वावूराम पासबान, जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्या, मुख्य विकास अधिकारी सतीश मिक्षा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

## 12 रबी-उल-अव्वल से पूर्व ग्राम पंचायत में विशेष स्वच्छता अभियान जारी

**शेरपुर कलाँ।** पवित्र त्योहार 12 रबी उल अव्वल शरीफ के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम पंचायत शेरपुर कलाँ में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है ग्राम प्रधान जाने आलम एवं ग्राम पंचायत सचिव राजकुमार राज के निर्देशों पर यह अभियान शुरू किया गया है ताकि त्योहार के दौरान ग्रामीणों और राहगीरों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सफाई व्यवस्था की कमान खुद प्रधान प्रतिनिधि तकी ख़ां ने संभाल रखी है। प्रधान प्रतिनिधि तकी ख़ां ने बताया कि 12 रबी उल अव्वल के मुबारक मौके पर गांव में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला जाता है। इसे देखते हुए मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है उन्होंने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे अपने आसपास सफाई बनाए रखें और कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें।

# मारपीट में पांच के खिलाफ रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** कोतवाली के गांव मौलागढ छत पर भरा बारिश का पानी हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया था। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से पथराव व लाठी-डंडे चले थे। जिसमें दोनों ओर से महिलाओं सहित लगभग आधा दर्जन ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अब कोतवाली में पांच लोगों के खिलाफ को दर्ज की गई है1 कोतवाली क्षेत्र के गांव मौलागढ़ में रविवार की सुबह जयप्रकाश पुत्र राम सिंह की बेटी खुशबू और रेखा छत पर भर बारिश का पानी निकल रहे थे। पड़ोसी राम भरोसे पुत्र भजन लाल के परिजनों ने छत पर आने का विरोध करना शुरू कर दिया। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों में पथराव सहित लाठी-डंडे चल गए। झगड़े के दौरान पड़ोसियों ने उसकी बेटी खुशबू को छत से धक्का दे दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। खुशबू के साथ रेखा अजय और जयप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। जयप्रकाश से पुराना विवाद चल आ रहा है। जिसमें हेमलता पत्नी अजय पाल द्वारा मुकदमा भी दर्ज कराया हुआ है। तभी से जयप्रकाश का परिवार रंजिश मानता है। इसी को लेकर सुबह झगड़े के दौरान जयप्रकाश के परिजनों ने आंखों में मिर्ची डालकर लाठी डंडों से हमला कर दिया था। घायलों में हेमलता, भरोसे, सुनीता, रामवीर और अजय गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों पक्षों से मारपीट में नौ लोग घायल हो गए पुलिस ने सभी का सीएचसी में मेडिकल कराया था। जिसमें चिकित्सक ने दोनों पक्षों के लोगों के गंभीर चोट होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रामवीर पुत्र राम भरोसे, अजय पाल पुत्र राम भरोसे, हेमा पत्नी अजय पाल, सुनीता पत्नी रामवीर, राम भरोसे पुत्र भजन लाल निवासी गण गांव मौलागढ़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**सतर्कता** कांवड़ यात्रा की सुरक्षा में मुस्तैद दिखे चौकी प्रभारी रवींद्र बालियान और उनकी टीम

# भरी बरसात में भी अडिग रहे खाकी के कदम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शेरपुर कलाँ।** आस्था और भक्ति के पावन पर्व कांवड़ यात्रा के दौरान शेरपुर कलाँ में पुलिस प्रशासन का एक बेहद सराहनीय और कर्तव्यनिष्ठ चेहरा सामने आया है। मुसलाधार और भरी बरसात के बीच भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिसकर्मियों के कदम डगमगाए नहीं और उन्होंने अपनी ड्यूटी को पूरी ईमानदारी व मुस्तैदी के साथ अंजाम दिया। चौकी प्रभारी रवींद्र बालियान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बारिश की परवाह किए बिना कांवड़ियों के मार्ग को सुरक्षित और सुगम बनाए रखा तेज बारिश के बावजूद चौकी प्रभारी खुद सड़क पर उतरकर यातायात व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते नजर आए। उनके



कांवड़ यात्रा की व्यवस्था को तैयार खाकी। -जागरण मोर्चा

साथ टीम के जांबाज सिपाही राजेंद्र कुमार, जसवंत सिंह, मोनी कुमार, मोहित कुमार और अक्षय कुमार ने भी कंधे से कंधा मिलाकर भीषण बारिश में अपनी ड्यूटी निभाई आस्था के पथ पर सुरक्षा का पहरा कांवड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस टीम लगातार गश्त करती रही। स्थानीय ग्रामीणों और कांवड़ियों ने पुलिस प्रशासन के इस समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की भूरि-भूरि प्रशंसा की। ग्रामीणों का कहना है कि विपरीत मौसम के बावजूद जिस तरह से चौकी प्रभारी रवींद्र बालियान और उनकी टीम ने अपनी जिम्मेदारी संभाली, वह काबिले-तारीफ है।

## विवाहिता ने सौतेले ससुर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**पीलीभीत।** विवाहिता को सौतेले ससुर ने गलत नीयत से दवोच लिया। आरोप है कि पति और ससुरालियों को बताने पर उसको मारा पीटा। जहानाबाद पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक विवाहिता ने बताया कि उसकी शादी एक साल पहले थी। आरोप है कि आठ जून की रात्रि वह घर पर अकेली थी। करीब नौ बजे वह अपने कमरे में सो रही थी। इसी दौरान उसका सोतेला ससुर जबरन कमरे में घुस आया। आरोप है कि जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने घटना की जानकारी अपने पति और अन्य ससुरालियों को दी। जिस पर ससुरालियो ने विवाहिता को ही मारा पीटा और पुलिस के पास जाने पर जान से मारने की धमकी दी। दो दिन पहले घटना की तहरीर पुलिस को दी गई।

# दियोरिया पुलिस के शिकंजे में दो कुख्यात अपराधी, तीन दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में दियोरिया कला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गैर जमानती वारंट में वांछित चल रहे कुख्यात राम उर्फ रामू और श्याम उर्फ श्यामू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों के खिलाफ लूट, चोरी, छिनैती और गैंगस्टर एक्ट समेत तीन दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। दोनों आरोपी पीलीभीत के अलावा बरेली और शाहजहांपुर में भी आपराधिक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार रामू पुत्र कासीताराम निवासी पिपरिया संजरपुर का आपराधिक इतिहास पीलीभीत के बरखेड़ा, बीसलपुर, दियोरिया कला और करेली तथा बरेली के बारादरी थाने से जुड़ा है। वहीं श्याम के खिलाफ पीलीभीत के बरखेड़ा, बीसलपुर, दियोरिया कला, बिलसंडा और करेली तथा बरेली के बारादरी, क्योलड़िया और नवाबगंज थाने में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक दोनों ने पीलीभीत, बरेली और शाहजहांपुर में कई घटनाओं को अंजाम दिया है। हाल में शाहजहांपुर में हुई घटनाओं में भी इनके खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए हैं। दोनों की गिरफ्तारी को पुलिस की अहम कामयाबी माना जा रहा है। थाना अध्यक्ष गौतम सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।



## एक नजर



### चित्रकूट के लिए 54 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**पूरनपुर।** श्रीराम जानकी मंदिर से मंगलवार को महंत बाबा राघवदास की अगुवाई में 54 साधु-संत एवं श्रद्धालुओं का जत्था पांच दिवसीय चित्रकूट यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रा पर रवाना होने से पहले श्रद्धालुओं और साधु-संतों का लोगों ने पुष्प मालाओं से स्वागत किया। पांच दिवसीय यात्रा में तकियादीनारपुर, गजरौला खास, लुकटिहाई, बंडा, पुन्नापुर, बिलन्दपुर अशोक, सिंहापुर, टंडोला सहित आसपास के कई गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालु चित्रकूट में विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगे। इस मौके पर महंत बाबा राघवदास, अरुण मिश्रा, अनिल भारद्वाज, रामू कुशवाहा, वेदप्रकाश शर्मा, डालचंद वर्मा, सर्वेश कुमार स्वर्णकार, राधाकृष्ण कुशवाहा, हिमांशु सैनी, सक्षम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# प्रेम संबंध और ब्लैकमेलिंग के चलते महिला ने की थी ट्रक चालक बलविंदर सिंह की हत्या, गिरफ्तार

## दस जुलाई को ट्रक के अंदर जला मिला था शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** असम हाईवे पर ट्रक चालक की जलकर हुई मौत की घटना का पुलिस ने खुलासा कर एक महिला को हिरासत में लिया है। प्रेम संबंध और ब्लैकमेलिंग के चलते ट्रक चालक की हत्या की गई थी। घटना 10 जुलाई को असम हाईवे पर हरदोई ब्रांच नहर पुल के समीप हुई थी। रामपुर के बिलासपुर के गांव बड़ा बोसैना निवासी बलविंदर सिंह रूद्रपुर से फोम भरे ट्रक को लेकर नेपाल बॉर्डर जा रहा था। ट्रक की केबिन से बलजिंदर का जला हुआ शव मिला था।

पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में उसकी मौत दम घुटने से होना स्पष्ट हुई थी। साथ ही उसका विसरा सुरक्षित किया गया था। ट्रक चालक के परिजन शुरू से ही हत्या का आरोप लगा रहे थे। 16 जुलाई को पुलिस ने ट्रक चालक के भाई की ओर से अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। मंगलवार को पुलिस ने ट्रक चालक कि जलकर हुई मौत की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने वताया कि गोमती गुरुद्वारा के पास अमनदीप कौर को गिरफ्तार कर लिया।उसने पूछताछ में बताया कि वह सुखविन्दर सिंह की पत्नी है। वह बडा वरसाना विलासपुर रामपुर की रहने वाली है। उसने बताया कि दो तीन साल से मृतक बलविंदर सिंह से उसके प्रेम संबंध थे। महिला इन संबंधो को खत्म करना चाहती थी। लेकिन मृतक वलविंदर सिंह के उसकी अश्लील तस्बीरों व वीडीओ परिवार को दिखाने और सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा था। इससे परेशान होकर महिला ने ट्रक चालक बलविंदर सिंह को रास्ते से हटाने की योजना वनाई। महिला ने बताया कि धन्ना बाबा गुरुद्वारे के पास उसने ट्रक के अंदर लोहे की राड से बलविंदर सिंह पर हमला कर दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या की घटना को हादसा दिखाने और सबूत मिटाने के लिए आरोपी महिला ने ट्रक में डीजल छिडककर शव और ट्रक में आग लगा दी। आरोपी की निशानदेही पर घटना मैं प्रयोग की गई लोहे की राड और डीजल की प्लास्टिक कैन को बरामद कर लिया। पुलिस ने महिला को न्यायालय में पेस किया गया। सीओ विधि भूषण मौर्य वताया कि चालक की हत्या महिला ने की थी। घटना का खुलासा कर दिया गया है। पुलिस अन्य पहलुओ पर जांच कर रही है।



पुलिस की गिरफ्त में ट्रक चालक की हत्यारोपी महिला। -जागरण मोर्चा

# हजारा क्षेत्र के खेतों में जलभराव, किसानों की बढ़ी चिंता

## खेतों में खडी फसलों पर नुकसान का मंडराया खतरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

पूरनपुर। हजारा क्षेत्र के पास खेतों में पानी भर जाने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। लगातार हो रहे जलभराव के कारण खेतों में खड़ी फसलों पर नुकसान का खतरा मंडरा रहा है। कई खेतों में पानी जमा होने से फसल की जड़ें प्रभावित होने लगी हैं। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते पानी की निकासी नहीं कराई गई तो फसलें खराब होने के साथ-साथ उत्पादन में भी भारी गिरावट आ सकती है। जलभराव के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान की आशंका सताने लगी है। किसानों ने बताया कि फसल तैयार करने में उन्होंने बीज, खाद, सिंचाई और मजदूरी पर काफी खर्च किया है। ऐसे में खेतों में लंबे समय तक पानी भरा रहने से उनकी मेहनत और लागत दोनों प्रभावित हो सकती हैं। खासकर निचले इलाकों में स्थित खेतों में पानी अधिक जमा होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार खेतों से पानी की निकासी के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण समस्या लगातार बनी हुई है। पानी जमा रहने से खेतों में जाने वाले रास्ते भी प्रभावित हो रहे हैं। इससे किसानों को अपनी फसलों की देखभाल करने और खेतों तक पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मौके का निरीक्षण कर जलभराव की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने की मांग की है। स्थानीय किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्र में तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराई जाए। इसके साथ ही जिन खेतों में पानी भरने से फसल को नुकसान हुआ है, उनका सर्वे कराया जाए, ताकि किसानों को नियमानुसार राहत और मुआवजा मिल सके। किसानों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई की गई तो फसलों को होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।



खेतो में भरा पानी। -जागरण मोर्चा

# एक डाक्टर के सहारे चल रही दियोरिया कला सीएचसी

## नवागत डाक्टर ने चार्ज लेने के बाद नहीं दर्ज कराई आमद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** दियोरिया कला में करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित दियोरिया कला सीएचसी एक डाक्टर तपस त्रिपाठी के सहारे चल रही है दियोरिया कोतवाली के घायलों का मेडिकल परीक्षण पहुंचने पर ओपीडी का काम प्रभावित हो रहा है सुबह आठ बजे से ही ओपीडी में देखे जाने वाले मरीजों की लाइन लग जाती है लेकिन इसी बीच कोतवाली पुलिस घायलों व जेल जाने वाले अभियुक्तों को लेकर मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी पहुंच जाती है तभी डाक्टर ओपीडी के मरीजों को छोड़कर मेडिकल परीक्षण में लग जाते हैं ऐसे में ओपीडी की लाइन में खड़े मरीजों की बेचैनी बढ़ जाती है एक डाक्टर के जिम्मे पूरी सीएचसी होने से डाक्टर भी मानसिक रूप से परेशान रहते हैं इस बीच प्रशासन द्वारा बदायूं से डाक्टर जुबैद को दियोरिया सीएचसी में स्थानांतरित किया गया उन्होंने यहां आकर कार्यभार ग्रहण कर लिया लेकिन कार्यभार ग्रहण करने के दो सप्ताह बाद भी सीएचसी में आमद नहीं कराई है पता नहीं छुट्टी पर चले गए हैं या फिर और कहीं जाने का विकल्प तलाश रहे हैं। लैब टेक्नीशियन की तैनाती नहीं होने को लेकर खबर अखबारों की आग सुर्खियां बनी थी जिसको संज्ञान में लेते हुए सीएमओ ने बिलसंडा सीएचसी से विजय कुमार को तीन दिन के लिए दियोरिया सीएचसी पर जांच करने के लिए तैनात किया गया है जिससे मरीजों को सीएचसी पर सप्ताह में तीन दिन जांच की सुविधा उपलब्ध हो गई है ग्रामीणों ने सीएचसी पर महिला चिकित्सक और चिकित्सा अधीक्षक की तैनाती को लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मांग की है। महिला चिकित्सक उपलब्ध नहीं होने से महिलाओं के रोगों का इलाज नहीं हो रहा है डिलीवरी सुविधा भी महिला चिकित्सक नहीं होने से महिलाओं को नहीं मिल पा रही है महिलाओं को डिलीवरी के लिए बिलसंडा या फिर बीसलपुर सीएचसी भेजा जा रहा है दियोरिया सीएचसी पर महिला चिकित्सक की तैनाती होने से महिलाओं को बिलसंडा,बीसलपुर, बरखेड़ा के चक्कर नहीं लगाना पड़ेंगे।



दियोरिया कला सीएचसी का फोटो। -जागरण मोर्चा

# भारतीय सेना में अलंकार सम्मान से सम्मानित हुए बीसलपुर के महेश गंगवार, कारगिल युद्ध व ऑपरेशन सिंदूर में निभाई अहम भूमिका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** पाकिस्तान से हुए करगिल युद्ध व ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले बीसलपुर के ग्राम गोवल पतीपुरा निवास सूबेदार मेजर महेश गंगवार को उनके उत्कृष्ट कार्यो व एदम्य साहस के लिए आर्मी चीफ ने अलंकरण पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। 24 वर्ष की आयु में देश सेवा का जो जज्बा उन में था 45 वर्ष की आयु में आने के बाद भी उनके हौसले बुलंद है।

बीसलपुर के छोटे से गांव गोवल पतीपुरा निवासी दीनानाथ गंगवार ने अपने पुत्र महेश गंगवार को देश सेवा के लिए सेना में भेजने का सपना संजो रखा था। कृषि कर परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। सीमित संसाधनों के बावजूद महेश ने पिता का सपना पूरा करने के लिए रात दिन कड़ी मेहनत कर तैयारी की। उनकी मेहनत रंग लाई। 31 अगस्त 1997 को उनका चयन आर्मी में हो गया। वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के लिए जब उनका बुलावा आया तो वह घबराएं नहीं और पूरी निष्ठा से युद्ध में अपनी भागीदारी निभाई। 26 जुलाई 1999 को पाकिस्तान पर विजय मिलने के बाद युद्ध की समाप्ति होने पर वह सकुशल घर लौटे थे। वह अपने आप को भाग्यशाली समझते थे इस लड़ाई में उन्हें भाग लेने का अवसर मिला। पाकिस्तान के खिलाफ पुनः जब ऑपरेशन सिंदूर मिशन शुरू हुआ तो आर्मी हेड क्वार्टर द्वारा मिशन में शामिल करने के लिए उनका चयन किया गया। उन्होंने 45 वर्ष की आयु होने पर भी पूरे जज्बा व जोश से अपने दायित्वों का निर्वहन किया। भारतीय सेना को इस मिशन में भी सफलता हासिल हुई थी। दिल्ली के आर्मी हेड क्वार्टर में 15 अगस्त के अवसर पर आयोजित हुए सम्मान समारोह में सूबेदार मेजर महेश गंगवार को आर्मी चीफ जनरल धीरज सेठ ने अलंकरण पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। महेश गंगवार दिल्ली आर्मी हेड क्वार्टर के इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिकल इंजीनियरिंग कोर मे सूबेदार मेजर के पद पर कार्यरत है।

मौजूदा समय में सेना के जवानों को सप्लाई किए जाने वाले आधुनिक सभी शस्त्रों व शास्त्र लैश गाड़ियों के मैकेनिक के कार्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे है। उनके उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सेना में अलंकरण सम्मान के लिए चयन किया गया। महेश के बेटे प्रिंस गंगवार ने 2024 में यूं.पी.यस.सी परीक्षा पास की और इंडियन एअर फोर्स में फ्लाइंग आफीसर पद पर सेवा कर रहे हैं। उनके दूसरे पुत्र मल्टीनेशनल कंपनी में इंजीनियर हैं।



सूबेदार मेजर महेश गंगवार को सम्मानित करते आर्मी चीफ जनरल धीरज सेठ। -जागरण मोर्चा

# दिलावरपुर में हुआ दंगल प्रतियोगिता का आयोजन, पहलवानों ने आजमाए दाव-पेंच

जागरण मोर्चा कार्यालय

**घुंघचाई/पूरनपुर।** नागपंचमी पर्व उपलक्ष्य में दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज के अलावा क्षेत्र के कई गांवों के पहलवानों ने दंगल अपना दमखम दिखाया। गांव में लगे मेले में जमकर खरीददारी की गई। बच्चों ने झूले का भरपूर आनंद उठाया।

घुंघचाई चौकी क्षेत्र के गांव दिलावरपुर में मंगलबार को गांव में मेले का आयोजन किया गया। इसके साथ ही दंगल का भी आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान राम निवास शर्मा ने पहलवानो से परिचय कर हाथ मिलाकर शुभारंभ कराया। जिसमें काशीपुर के सोनू ने पूरनपुर के नरेद्र कुमार,कानपुर के पप्पू ने टनकपुर के भूरा को हराया।पीलीभीत के राहुल का मुकावला उत्तरखंड के रोहित के साथ हुआ। उत्तराखंड के वावू और हिमाचल प्रदेश के संजय के बीच कुश्ती हुई।उत्तराखंड के राजू ने जलालाबाद के दिलीप को हराया। दंगल में हरियाणा, बदायूं, पीलीभीत, मुरादाबाद, शाहजंहापुर, बीसलपुर, खरदाई सहित के कई गांवों के अलावा दूर दराज क्षेत्रों से पहलवानों ने पहुंच कर दंगल में अपना दमखम दिखाया। विजेता पहलवानों को ग्राम प्रधान के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेले में आस पडोस के अलावा दूरदराज के दुकानदारो ने अपनी दुकाने लगाई। मेले में लोगों व महिलाओ की भारी भीड उमडी। दुकानों पर जमकर खरीददारी की गई। मेले में लगे झूले का बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया। सुरक्षा को लेकर पुलिस फोर्स मौजूद रहा। इस मौके पर बडी संख्या में लोग दंगल देखने पहुंचे, विजेता पहलवानो की सरहाना की गई।



हाथ मिलाकर कुश्ती का शुभारंभ किया गया। -जागरण मोर्चा

# युवक ने किशोरी को ले जाकर किया था दुष्कर्म, मुकदमे में पुलिस ने बढ़ाई धारा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** किशोरी को युवक बहला-फुसलाकर ले गया। जंहा युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। किशोरी के बयान और मेडिकल के आधार पर पुलिस ने दर्ज मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ाकर आरोपी को जेल भेज दिया है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव निवासी किशोरी को बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी युवक प्रदीप बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने इस मामले में किशोरी के पिता की ओर से युवक प्रदीप सहित चार के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। पुलिस किशोरी की तलाश कर रही थी। कुछ दिन पहले पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। इसके बाद पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण और बयान दर्ज कराने के लिए भेजा। जंहा किशोरी ने अपने वयान में बताया कि आरोपी उसको बहला फुसलाकर ले गया।उसके बाद आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। जिस पर किशोरी के बयान के आधार पर घुंघचाई पुलिस ने पूर्व में दर्ज की गई रिपोर्ट में किशोरी से दुष्कर्म करने और पाक्सो एक्ट की धाराओं को बढ़ा दिया।

मंगलवार को पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी प्रदीप को घुंघचाई- बंडा हाईवे पर स्थित शहबाजपुर गुरुद्वारे के पास गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घुंघचाई थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दुष्कर्म की धारा बढाई गई है।

# नहर किनारे तेंदुआ दिखाई देने से मची खलबली

**पूरनपुर।** मंगलवार को नगर से कुछ दूरी पर नहर किनारे तेंदुआ घूमता हुआ दिखाई देने से इलाके में खलबली मच गई। तेंदुए को देखने के बाद आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। तेंदुआ नहर किनारे कुछ देर तक घूमता रहा और बाद में आसपास के खेतों की ओर चला गया। तेंदुए की मौजूदगी की खबर फैलते ही आसपास के गांवों के लोगों में भी डर का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने लोगों से अकेले खेतों की ओर न जाने और विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। लोगों का कहना है कि नहर और आसपास के खेतों में तेंदुए की मौजूदगी से किसानों और ग्रामीणों में चिंता बढ़ गई है। खेतों में काम करने वाले लोगों को अब जंगली जानवर के हमले का डर सताने लगा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और तेंदुए की तलाश कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# शारदा नदी पार आबादी में जलभराव से ग्रामीण परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** शारदा नदी पार स्थित गांव हजारा में जलभराव की स्थिति से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गांव की आबादी में पानी भर जाने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार जलभराव से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की निकासी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने के कारण समस्या और गंभीर होती जा रही है। आबादी के साथ-साथ आसपास के खेतों में भी पानी जमा होने से किसानों को फसलों के नुकसान की चिंता सताने लगी है। यदि पानी जल्द नहीं निकला तो फसलों के साथ ग्रामीणों की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है। जलभराव के कारण गांव के रास्तों पर भी पानी जमा हो गया है,जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने और तत्काल पानी की निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन द्वारा समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि जलभराव के कारण होने वाले नुकसान को रोका जा सके। साथ ही, प्रभावित परिवारों की स्थिति का सर्वे कराकर जरूरत के अनुसार राहत उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। शारदा नदी के पार बसे गांव में आबादी के बीच पानी भरने से ग्रामीणों को अब प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार है।

**आयोजन** 350 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया

# शिशु वाटिका के नन्हे-मुन्नों ने निकाली भव्य कांवड़ यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर के आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की शिशु वाटिका द्वारा मंगलवार को नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों की भव्य एवं भक्तिमय कांवड़ यात्रा का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कांवड़ यात्रा में कक्षा नर्सरी से कक्षा दो तक के लगभग 350 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष केशव कुमार गुप्ता,उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, प्रबंधक हर्ष कुमार गुप्ता, सह-प्रबंधक अनुराग गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष देवेश कुमार अग्रवाल के द्वारा भगवान शिव एवं विभिन्न देवी-देवताओं के स्वरूपों का तिलक एवं पूजन कर किया गया। इसके पश्चात नारियल फोड़कर एवं हरी झंडी दिखाकर कांवड़ यात्रा को रवाना किया गया। कांवड़ यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर जेसीज स्कूल, रेलवे फाटक होते हुए पीलीभीत मार्ग पर हरी बाबू के प्लाट के सामने स्थित शिव मंदिर तक पहुँची। नन्हे-मुन्ने बच्चे हाथों में आकर्षक कांवड़ लेकर भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ यात्रा में आगे बढ़े। भक्ति गीतों एवं शिव जयकारों से यात्रा मार्ग भक्तिमय हो उठा। बच्चों की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने सभी का मन मोह लिया। शिव मंदिर पहुँचने के पश्चात बच्चों द्वारा भगवान शिव का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया।

नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों ने भगवान शिव का गंगाजल से जलाभिषेक किया तथा पुष्प एवं प्रसाद अर्पित कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात आरती का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में बच्चों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार के बीच श्रद्धा और उल्लास का वातावरण बना रहा। कांवड़ यात्रा के समापन के पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को फल एवं प्रसाद का वितरण किया गया। बच्चों में प्रसाद प्राप्त करने को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय एवं प्रबंधक हर्ष कुमार गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा का समन्वय आवश्यक है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को अपनी भारतीय संस्कृति, परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने के साथ-साथ उनमें अनुशासन, श्रद्धा एवं सामूहिक सहभागिता की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम का संयोजन शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती प्रभा प्रधान जी ने किया। कांवड़ यात्रा की व्यवस्था में श्री हरीश चन्द्र जी, श्री प्रदीप कुमार अग्निहोत्री जी एवं शिशु वाटिका के समस्त आचार्यों का विशेष योगदान रहा। यात्रा को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। बच्चों की सुरक्षा एवं व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं पूरे मार्ग में उपस्थित रहे। कांवड़ यात्रा के दौरान कोतवाली पूरनपुर के पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने में विशेष सहयोग प्रदान किया गया। विद्यालय परिवार ने पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।



कांवड यात्रा के दौरान मौजूद बच्चे। -जागरण मोर्चा

# ग्रामीण का मकान ढहा, बड़ा हादसा टला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम भैस्टा जलालपुर में बीते दिन हुई भारी वर्षा के कारण एक ग्रामीण का मकान भरभराकर गिर गया। हादसे के वक्त पूरा परिवार घर के भीतर ही मौजूद था, जो मलबे की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। पीड़ित परिवार ने घटना की लिखित सूचना तहसील कार्यालय में देकर मुआवजे की गुहार लगाई है। ग्राम भैस्टा जलालपुर निवासी नेमपाल सिंह पुत्र कृष्ण पाल सिंह का मकान पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण मंगलवार को ढह गया। उस समय नेमपाल सिंह अपने परिजनों के साथ घर के अंदर ही बैठे थे। अचानक दीवारें चटकने की आवाज सुनकर पूरा परिवार सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत घर से बाहर की तरफ भागा। परिवार के बाहर निकलते ही मकान की छत और दीवारें मलबे के ढेर में तब्दील हो गईं।इस हादसे में पीड़ित का घरेलू सामान, अनाज और कपड़े मलबे में दबकर नष्ट हो गए हैं। गनीमत रही कि समय रहते बाहर निकल आने से कोई जनहानि नहीं हुई और पूरा परिवार सुरक्षित बच गया। पीड़ित नेमपाल सिंह ने बताया कि मकान गिर जाने से अब उनके सामने रहने और खाने-पीने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित परिवार ने आज तहसील कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों को घटना की लिखित सूचना दे दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके पर जाकर नुकसान का आकलन कराने और पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता व सरकारी आवास उपलब्ध कराने की मांग की है। एसडीएम नागेंद्र पांडे ने राजस्व टीमको गांव पहुंच कर क्षति की जांच करने के निर्देश दिए हैं।



क्षतिग्रस्त मकान दिखाता ग्रामीण दंपति। -जागरण मोर्चा

# 'युवाओं को औपचारिक ऋण व्यवस्था से जोड़ें, अपेक्षाएं पूरी करें', वित्त मंत्री ने बैंकों को दिया निर्देश

एजेंसी न्यूज
**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। उन्होंने युवाओं को औपचारिक ऋण व्यवस्था के बारे में जागरूक करने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। वित्त मंत्री ने जोर दिया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को युवाओं की बदलती अपेक्षाओं के अनुरूप तालमेल बिठाना चाहिए। यह बात उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक समागम में कही।

सीतारमण ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पर्याप्त ताकत के साथ काम कर रहे हैं। अब उनका मुख्य कार्य इस ताकत का अधिक महत्वाकांक्षा के साथ उपयोग करना है। उन्होंने बैंकों से कहा कि वे देश के युवाओं को वित्तीय मुख्यधारा में लाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। वित्त मंत्री ने कहा कि युवाओं को वित्तीय साक्षरता प्रदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे वे अपने भविष्य के लिए सही वित्तीय निर्णय ले सकेंगे। उन्होंने बैंकों से अपनी सेवाओं को सरल और सुलभ बनाने का आग्रह किया। यह सुनिश्चित करेगा कि युवा आसानी से बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें और उनका विश्वास बढ़े।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया कि युवाओं को औपचारिक ऋण व्यवस्था के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए।

> युवाओं को औपचारिक ऋण व्यवस्था के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। युवा बैंकों से ऐसी सेवाएं चाहते हैं जो सरल हों। उनकी अपेक्षा है कि बैंकिंग प्रक्रियाएं सहज और समझने में आसान हों।
> -निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री



उन्होंने कहा कि युवा बैंकों से ऐसी सेवाएं चाहते हैं जो सरल हों। उनकी अपेक्षा है कि बैंकिंग प्रक्रियाएं सहज और समझने में आसान हों। युवा व्यक्तिगत बैंकिंग अनुभव की तलाश में रहते हैं, जो उनकी विशिष्ट जरूरतों को पूरा करे। वे यह भी चाहते हैं कि बैंक चौबीसों घंटे उपलब्ध रहें, ताकि वे कभी भी सेवाओं का उपयोग कर सकें। सीतारमण ने कहा कि बैंकों को इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अपनी सेवाओं में लगातार सुधार करना होगा।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को अपनी मौजूदा पर्याप्त ताकत का उपयोग अधिक महत्वाकांक्षा के साथ करना चाहिए। वित्त मंत्री ने उन्हें अपनी पहुंच और संसाधनों का विस्तार करने को कहा। उन्होंने बैंकों से युवाओं की बदलती जरूरतों और प्राथमिकताओं को समझने का आग्रह किया। बैंकों को नई तकनीकों और डिजिटल समाधानों को तेजी से अपनाना चाहिए। इससे वे युवाओं को अधिक कुशल और बेहतर सेवाएं दे पाएंगे। सीतारमण ने कहा कि यह समय है जब बैंक अपनी भूमिका को और अधिक व्यापक और प्रभावी बनाएं। वित्त मंत्री ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जीवन के सभी चरणों के लिए उत्पाद तैयार करने चाहिए और उन्हें ग्राहकों के साथ दीर्घकालिक संबंध बनाने के लिए लचीलापन अपनाना चाहिए।

वित्त मंत्री सीतारमण ने सभी बैंकों से एक महीने भर का विशेष अभियान शुरू करने को कहा है। इस अभियान का नाम 'बैंकिंग फॉर यूथ' होगा। यह अभियान आगामी 2 अक्तूबर से शुरू किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य देश के युवाओं को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना है। अभियान के तहत युवाओं को औपचारिक ऋण व्यवस्था के विभिन्न फायदे बताए जाएंगे। सीतारमण ने उम्मीद जताई कि यह पहल युवाओं को वित्तीय रूप से अधिक सशक्त बनाएगी और उन्हें सही दिशा देगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों को दाल और तिलहन उत्पादक किसानों को पर्याप्त ऋण सुविधा देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस कदम से देश की आयात पर निर्भरता कम होगी। यह कृषि क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है। सीतारमण ने पीएसबी कॉन्फ्लुएंस में बैंकों से प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के लिए एक मजबूत दृष्टिकोण अपनाने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बैंकों का मुख्य ध्यान छोटे और सीमांत किसानों पर केंद्रित रहना चाहिए। वित्त मंत्री ने बताया कि प्राथमिकता क्षेत्र ऋण को औपचारिक ऋण को गहरा करने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए। यह किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का एक प्रभावी माध्यम है। इससे कृषि उत्पादकता में सुधार होगा। बैंकों को इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

# एक्स पर सरकार का रुख सख्त

## अधिकारी बोले- भारतीय कानून का करना होगा पालन

एजेंसी न्यूज
**नई दिल्ली।** एलन मस्क ने हाल ही में कहा है कि एक्स पर सरकारी सामग्री हटाने के अनुरोधों को अधिक पारदर्शी बनाया जाएगा। इस पर भारत के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को साफ किया कि मंच को भारतीय कानूनों का पालन करना होगा। यह बयान एक्स की ओर से पारदर्शिता से जुड़ी नई पहल के जवाब में आया है।

एक्स की यह पहल सरकारी निर्देशों पर सामग्री प्रतिबंधों को यूजर्स के लिए अधिक पारदर्शी बनाने का प्रयास है। इसका उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि किस सरकार ने अनुरोध किया और सामग्री को क्यों हटाया गया? मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि सामग्री हटाने के आदेशों के लिए एक प्रक्रिया है। उन्होंने बताया कि धारा 69(ए) के तहत जारी आदेशों को गोपनीय रखा जाता है।

एक्स की नई पहल का लक्ष्य सरकारी सामग्री हटाने के अनुरोधों में अधिक स्पष्टता लाना है। एलोन मस्क ने हाल ही में एक पोस्ट में कहा था कि सरकारों द्वारा आवश्यक कोई भी सेंसरशिप अब स्पष्ट रूप से दिखाई देगी। एक्स चाहता है कि उपयोगकर्ताओं को पता चले कि कौन सी सरकार सामग्री हटाने के पीछे थी। यह भी बताया जाएगा कि सामग्री को क्यों हटाया गया।

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी ने साफ किया कि एक्स को भारतीय कानून का पालन करना होगा। अधिकारी ने बताया कि सामग्री हटाने के लिए दो तरह की प्रक्रियाएं हैं। उन्होंने कहा कि धारा 69(ए) के तहत जारी आदेशों को गोपनीय रखा जाता है। भारत सरकार का मानना है कि मंच को देश के कानूनी ढांचे के भीतर काम करना चाहिए।

एक्स और भारत सरकार के बीच सामग्री हटाने के आदेशों को लेकर पहले भी विवाद हुए हैं। 2024 में, एक्स ने भारत में किसान आंदोलन से जुड़े कुछ खातों और पोस्ट को रोकने के सरकारी निर्देशों का पालन किया था। हालांकि, एक्स ने सार्वजनिक रूप से इन आदेशों से असहमति जताई थी। मंच ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश बताया था। एक्स ने अपने वैश्विक सरकारी मामलों के हैंडल पर तर्क दिया था कि खुलासे की कमी से जवाबदेही की कमी और मनमाना निर्णय हो सकता है। केंद्र के सहयोग पोर्टल को लेकर भी टकराव हुआ था। एक्स ने इसे गैर-कानूनी सेंसरशिप का एक रूप बताया था, जबकि सरकार ने इसे विनियमन का एक कुशल तंत्र बताया।




# शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में डेविड वॉर्नर दोषी करार



एजेंसी न्यूज
**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को अब गाड़ी चलाने के लिए इंटरलॉक डिवाइस का इस्तेमाल करना होगा, क्योंकि सिडनी की एक अदालत ने शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में उन्हें दोषी पाया है। ईस्टर संडे के दिन रैंडम ब्रेथ-टेस्टिंग साइट के पास पहुंचने पर एक यात्री के साथ सीट बदलने की कोशिश करने के बाद 39 वर्षीय वॉर्नर पर शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामले में 1,500 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया। यह घटना पांच अप्रैल को हुई थी, जब वॉर्नर एक वाहन चला रहे थे और रैंडम ब्रेथ-टेस्टिंग साइट से पहले ही रुकने के कारण चर्चा में आ गए। रैंडम ब्रेथ टेस्ट में कानूनी सीमा से दोगुने से ज्यादा अल्कोहल पाए जाने पर पूर्व टेस्ट ओपनर पर मिड-रेंज ड्रिंक-ड्राइविंग का आरोप लगाया गया था। पिछले महीने वॉर्नर ने सिडनी की अदालत में ड्रिंक-ड्राइविंग के आरोप को स्वीकार कर लिया था। अदालत ने इस मामले में अंतिम सजा सुनाने के लिए 18 अगस्त की तारीख तय की थी, जहां वॉर्नर को 'मिड-रेंज' ड्रिंक-ड्राइविंग के उल्लंघन के लिए स्थानीय ट्रैफिक कानूनों के तहत सजा का सामना करना पड़ा। वॉर्नर के वकील अवैस अहमद ने तर्क दिया कि उन्हें इस अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि मीडिया कवरेज के कारण उन्हें पहले ही अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ी है। भारत और बांग्लादेश जैसे देशों में, जहां वॉर्नर टी20 फ्रेंचाइजी लीग में खेलने की कोशिश कर सकते हैं, वहां शराब न पीने की संस्कृति को स्वीकार किया जाता है।

# गॉल टेस्ट में जीत के लिए भारत को चाहिए छह विकेट, अंतिम दिन श्रीलंका कर पाएगी वापसी? फिर चमके सुथार

एजेंसी न्यूज
**गॉल।** भारत ने श्रीलंका के खिलाफ गॉल में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन शिकंजा कस लिया है। भारत ने श्रीलंका के सामने जीत के लिए 372 रनों का लक्ष्य रखा। श्रीलंका ने दिन का खेल खत्म होने तक दूसरी पारी में चार विकेट पर 84 रन बना लिए हैं। श्रीलंका को अब आखिरी दिन जीत के लिए 288 रन बनाने हैं, जबकि भारत को अगर सीरीज में बढ़त लेनी है तो उसे छह विकेट गिराने होंगे। स्टंप्स के समय धनंजय डि सिल्वा 31 और सोनल दिनुषा 25 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

भारत को दूसरी पारी में ऑलआउट करने के बाद श्रीलंका दूसरी पारी में उतरी। श्रीलंका के लिए यह लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं है। यह लक्ष्य गॉल स्टेडियम में टेस्ट क्रिकेट में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़े स्कोर के रिकॉर्ड से ज्यादा है। गॉल में अब तक सबसे बड़ा सफल लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम है, जिसने 2022 में 344 रन का लक्ष्य हासिल किया था। अब श्रीलंकाई बल्लेबाजों के सामने यह चुनौती होगी कि वह पांचवें दिन वापसी कर पाते हैं या नहीं।

श्रीलंका का शीर्ष क्रम एक बार फिर लड़खड़ा गया और मानव सुथार की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को शुरुआती झटके दिए। मोहम्मद सिराज ने निशान मदुश्का को अपना शिकार बनाया। मदुश्का छह रन बनाकर आउट हुए। फिर सुथार ने पसिंदु सूरियाबंदारा को पवेलियन भेजा जो खाता भी नहीं खोल सके। प्रसिद्ध कृष्णा ने कामिंदु मेंडिस (2) और सुथार लाहिरु उदारा (16) को आउट कर श्रीलंका की पारी लड़खड़ा दी। श्रीलंका ने 47 रन के स्कोर पर ही चार विकेट गंवा दिए और वह भारतीय गेंदबाजों के सामने संघर्ष करते दिखी। हालांकि, डि सिल्वा और सोनल ने पांचवें विकेट के लिए अब तक 37 रनों की साझेदारी की और श्रीलंका को मुश्किल से उबारने की कोशिश की। इन दोनों बल्लेबाजों के सामने अब अंतिम दिन भारतीय गेंदबाजों से निपटने की चुनौती होगी। भारत के लिए दूसरी पारी में अब तक सुथार ने दो और सिराज तथा प्रसिद्ध ने एक-एक विकेट लिया है।



इससे पहले, चौथे दिन भारत ने दूसरी पारी की शुरूआत की। भारत के पास पहले ही 178 रन की बढ़त थी। लेकिन दूसरी पारी में उसकी बल्लेबाजी अच्छी नहीं रही। ऋषभ पंत की 66 रन की आक्रामक पारी और देवदत्त पडिक्कल के शानदार 44 रन की बदौलत भारत ने दूसरी पारी में 193 रन बनाकर श्रीलंका के सामने जीत के लिए 372 रन का बेहद मुश्किल लक्ष्य रखा।

श्रीलंका के गेंदबाजों ने पिच और परिस्थितियों का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए नियमित अंतराल पर विकेट हासिल किए लेकिन केएल राहुल (35) और पडिक्कल के बाद पंत ने भारतीय खेमे की चिंता को ज्यादा बढ़ने नहीं दिया।

# वेस्टइंडीज खिलाड़ियों का जलवा, ग्रीव्स और मैथ्यूज बने जुलाई के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

एजेंसी न्यूज



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का जुलाई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन जारी रहा। ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स और महिला टीम की कप्तान हेली मैथ्यूज को जुलाई 2026 के लिए क्रमशः आईसीसी पुरुष और महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। दोनों खिलाड़ियों ने बल्ले और गेंद से प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए यह प्रतिष्ठित सम्मान हासिल किया।

जस्टिन ग्रीव्स ने जुलाई में वेस्टइंडीज के लिए दो अहम टेस्ट मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में जब वेस्टइंडीज की टीम 144 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी और श्रीलंका ने पहली पारी में 549/9 का विशाल स्कोर खड़ा किया था, तब ग्रीव्स ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 180 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 14 चौके और दो छक्के शामिल रहे। उनकी पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने टेस्ट ड्रॉ कराया और घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ सीरीज 1-0 से अपने नाम करने के साथ महत्वपूर्ण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक हासिल किए।

इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ तारौबा टेस्ट में ग्रीव्स ने गेंद से कमाल किया। उन्होंने अपने करियर का पहला पांच विकेट का हॉल लिया। इस दौरान उन्होंने लगातार पांच ओवर मेडन डाले और पाकिस्तान का स्कोर 244/4 से 267/9 तक पहुंचा दिया। दूसरी पारी में भी उन्होंने शुरुआती दो ओवरों में लगातार दो विकेट झटके। इस तरह उन्होंने लगातार सात ओवर में सात विकेट हासिल किए।

# पीएम केयर्स फंड को मिलने वाले दान में बड़ी गिरावट, घरेलू योगदान 30 फीसदी घटा

एजेंसी न्यूज
**नई दिल्ली।** पीएम केयर्स फंड को वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू दान में 30 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। यह राशि घटकर करीब 479 करोड़ रुपये रह गई है। नवीनतम ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी दान में भी 18 फीसदी की कमी आई है, जो 92.8 लाख रुपये रहा। हालांकि, 31 मार्च, 2025 तक फंड का कुल शेष बढ़कर 8,452 करोड़ रुपये हो गया है।




एक साल पहले यह राशि 7,173 करोड़ रुपये थी। रिपोर्ट के अनुसार, इस कुल राशि में से 7,846 करोड़ रुपये सावधि जमा में रखे गए हैं। वहीं, 605 करोड़ रुपये बचत बैंक खातों में जमा हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में पीएम केयर्स को 681.8 करोड़ रुपये का घरेलू दान मिला था। इसी अवधि में 1.13 करोड़ रुपये का विदेशी दान भी प्राप्त हुआ था। फंड ने 2024-25 में पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना पर 87.8 लाख रुपये खर्च किए। यह पिछले वित्त वर्ष के 15.37 करोड़ रुपये से काफी कम है। वर्ष 2024-25 में कुल भुगतान 87.85 लाख रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष में यह 15.6 करोड़ रुपये था।

पीएम केयर्स फंड की वेबसाइट पर उपलब्ध ऑडिट किए गए बयानों के अध्ययन से पता चलता है कि स्वैच्छिक घरेलू योगदान 2020-21 में 7,184 करोड़ रुपये के शिखर पर पहुंच गया था। इसके बाद यह 2021-22 में घटकर 1,896 करोड़ रुपये हो गया। 2022-23 में यह और गिरकर 909 करोड़ रुपये पर आ गया। विदेशी योगदान में भी तेज गिरावट देखी गई है। यह 2020-21 में 495 करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर था। अगले दो वर्षों में यह घटकर 40 करोड़ रुपये और 2.57 करोड़ रुपये हो गया। अब विदेशी योगदान 92.8 लाख रुपये है। यह 2019-20 के पहले वर्ष में 39.7 लाख रुपये के बाद दूसरा सबसे कम आंकड़ा है।

नरेंद्र मोदी सरकार ने पीएम केयर्स फंड की स्थापना की थी। इसका प्राथमिक उद्देश्य किसी भी प्रकार की आपातकालीन या संकटपूर्ण स्थिति से निपटना था। कोविड महामारी जैसी स्थितियों में प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करना भी इसका लक्ष्य था। इसे एक सार्वजनिक चैरिटेबल ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत किया गया था। प्रधानमंत्री इस फंड के पदेन अध्यक्ष होते हैं। यह फंड पूरी तरह से स्वैच्छिक योगदानों से चलता है। इसे कोई बजट सहायता प्राप्त नहीं होती है।

इस फंड का उपयोग वर्षों से आपातकालीन देखभाल को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। इसमें ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करना और वेंटिलेटर खरीदना शामिल है। ये कार्य केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संचालित अस्पतालों में किए गए हैं। यह महामारी द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के बड़े अभियान का हिस्सा था। 2021-22 में, प्रेशर-स्विंग एडसॉर्पशन ऑक्सीजन संयंत्रों पर 1,703 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे।

# ग्लेन मैक्सवेल के घर आई नन्ही परी, पत्नी विनी रमन ने बेटी को दिया जन्म

एजेंसी न्यूज
**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार अनुभवी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल के घर नन्ही परी का आगमन हुआ है। मैक्सवेल की पत्नी विनी रमन ने बेटी को जन्म दिया है। इन दोनों ने दूसरे बच्चे का स्वागत किया। बेटी का नाम माइया मैक्सवेल रखा गया है। इस जोड़े ने मंगलवार को एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने परिवार में नन्ही परी के आने की खुशखबरी साझा की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, हमारी सपनों की बेटी का आगमन हो गया है, माइया मैक्सवेल।

इस घोषणा के बाद दुनिया भर के साथी क्रिकेटरों, फ्रेंचाइजी और प्रशंसकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। माया मैक्सवेल से पहले उनके घर 11 सितंबर 2023 को बेटे लोगन मैवरिक मैक्सवेल का जन्म हुआ था। ग्लेन मैक्सवेल और विनी रमन की पहली मुलाकात दिसंबर 2013 में हुई थी। शुरूआती दोस्ती के बाद उनके बीच रिश्ता गहरा हुआ और उन्होंने 2017 में अपने रिश्ते को आधिकारिक बनाया। इसके बाद फरवरी 2020 में इस जोड़े ने अपनी सगाई की घोषणा की और 27 मार्च 2022 को मेलबर्न में शादी के बंधन में बंध गए।

# दिल्ली में सोने का भाव 2,000 रुपये उछला, चांदी भी चमकी; वैश्विक तनाव से बाजार में हलचल

एजेंसी न्यूज



**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में मंगलवार को सोने की कीमत में 2,000 रुपये की बड़ी वृद्धि दर्ज की गई। खुदरा विक्रेताओं और जमाखोरों की बढ़ी हुई खरीदारी के कारण यह लगातार दूसरे सत्र में बढ़त पर रहा। चांदी के भाव में भी 730 रुपये का उछाल आया। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का भाव 1,58,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। सोमवार को यह 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार, चांदी भी 2,40,730 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। यह दो सत्रों तक 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

वैश्विक स्तर पर हाजिर सोने का कारोबार 0.5 फीसदी की गिरावट के साथ 4,394.57 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर हुआ। चांदी के भाव में भी गिरावट दर्ज की गई। यह एक फीसदी से अधिक गिरकर 65.08 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गई। मीराए एसेट शेयरखान में कमोडिटीज प्रमुख प्रवीण सिंह ने इस पर टिप्पणी की। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया से उत्पन्न आपूर्ति संबंधी चिंताओं के कारण कच्चा तेल उछला। इसी वजह से सोना 4,392 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस के आसपास मंडरा रहा था।

अमेरिका-ईरान के बीच 60 दिवसीय युद्धविराम सोमवार को समाप्त होने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि हुई। सिंह ने कहा कि दोनों पक्ष इस अवधि को आगे बढ़ाने को तैयार नहीं हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहने से वाशिंगटन को तेहरान पर बढ़त हासिल थी। ईरान ने अपनी सेना को स्थिर रहने का निर्देश दिया था। हालांकि, वैश्विक निवेश कहानी बाजार को सहारा प्रदान करती रही। सोमवार को कुल ज्ञात स्वर्ण-समर्थित एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड होल्डिंग्स फिर से बढ़कर 97.39 दस लाख औंस हो गई।










जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।